CMYK

news@group5.in | group5news | group5news

www.group5news.com

सदैव आपके साथ...

हिन्दी दैनिक

# ग्रुप-5 समाचार

www.group5news.com/epaper

लखनऊ || बुधवार || 30 अप्रैल , 2025 वर्षः 17 || अंक : 130 || पृष्ठः 12 || मूल्यः 2/-



अंदर पढ़ें » 07 अंबानी की नेटवर्थ में भारी उछाल 100 अरब ... » 08 सहवाग ने आईपीएल इतिहास के 10 बेस्ट भारतीय... » 11 जब आधी रात को मौनी रॉय के कमरे में ...

## जल रहे हैं जैसलमेर-बाड़मेर | राजस्थान में रिकॉर्ड तोड़ गर्मी

### 46 डिग्री पार पहुंचा पारा,यूपी-एमपी में बारिश से मिली राहत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश के कई राज्यों में भीषण गर्मी से लोग परेशान हैं। राजस्थान में सोमवार को गर्मी ने 7 सालों का रिकॉर्ड तोड़ दिया। जैसलमेर में दिन का तापमान 46.2 डिग्री सेल्सियस था। यह अप्रैल महीने में अब तक का सबसे ज्यादा तापमान है। इससे पहले जैसलमेर में 30 अप्रैल 2018 को तापमान 46.1 डिग्री था। जैसलमेर के अलावा बाड़मेर में तापमान 46.4 डिग्री दर्ज हुआ। जोधपुर में पारा 44.4 डिग्री पहुंच गया। जयपुर, अलवर, भीलवाड़ा समेत बाकी शहरों में भी तापमान 40 डिग्री के ऊपर रहा। मौसम विभाग ने कहा है कि राज्य में दो दिन भीषण गर्मी होगी।

1 मई से आंधी-बारिश का दौर शुरू हो सकता है। दूसरी तरफ, मध्य प्रदेश और यूपी में आज बारिश का अलर्ट है। इससे लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिल सकती है। मध्य प्रदेश में 2 मई और यूपी में 3 मई तक बूंदाबांदी



जारी रहेगी। लखनऊ में सुबह से बादल छाए हैं। ठंडी हवाएं चल रही हैं। यूपी के 35 से ज्यादा जिलों का तापमान 40 डिग्री से कम हो गया है। मौसम विभाग ने बिहार और छत्तीसगढ़ में बारिश के साथ आंधी और बिजली गिरने की आशंका जताई है। इस दौरान हवा की रफ्तार 40 से 60 किमी प्रति घंटा हो सकती है। बिहार के 15 जिलों में यलो अलर्ट है। छत्तीसगढ़ में सोमवार को कई जिलों में आंधी और बारिश के साथ ओले गिरे। बारिश के बाद तापमान 7.3 डिग्री तक कम हो गया है। केरल, कर्नाटक, ओडिशा, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा में भी भारी बारिश की चेतावनी है। पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड और ओडिशा में काल बैसाखी का मौसम चल रहा है। काल बैसाखी के दौरान भयंकर तूफान, बिजली और गरज के साथ बारिश



होती है। सिक्किम में पर्यटकों के आवाजाही के लिए नया समय जारी सिक्किम में लगातार बारिश और लैंड स्लाइड की घटनाओं के बाद मंगन जिले में एसपी ऑफिस की तरफ से पर्यटकों के वाहनों की आवाजाही के लिए नया समय जारी किया गया है। 30 अप्रैल से गंगटोक से मंगन या चुंगथांग की ओर जाने वाले पर्यटक वाहनों को संकालंग या फिदांग बेली ब्रिज के होते हुए जाएंगे।

## कॉमनवेल्थ घोटाला

## ईडी की क्लोजर रिपोर्ट को मंजूरी

### कोर्ट ने कहा-मनी लॉन्ड्रिंग का अब तक कोई सबूत नहीं मिला

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** 2010 के कॉमनवेल्थ गेम्स में मनी लॉन्ड्रिंग मामले में दिल्ली की राउज एवन्यू कोर्ट ने ईडी की क्लोजर रिपोर्ट को मंजूरी दे दी। कोर्ट ने फैसला सुनाते हुए कहा–ईडी की जांच में मनी लॉन्ड्रिंग का कोई सबूत नहीं मिला। इसलिए इस मामले को और आगे बढ़ाने का कोई भी कारण नहीं है। राउज एवेन्यू कोर्ट के स्पेशल जज संजीव अग्रवाल ने कहा कि ईडी ने सीबीआई के भ्रष्टाचार वाले केस के आधार पर मनी लॉन्ड्रिंग की जांच शुरू



की थी। लेकिन सीबीआई पहले ही भ्रष्टाचार के मामले में सभी आरोपियों को बरी कर चुकी है। साथ ही ईडी की जांच में भी अपराध का कोई सबूत नहीं मिला। कोर्ट ने सभी आरोपियों की जांच को समाप्त किया कोर्ट ने पूर्व कॉमनवेल्थ गेम्स आयोजन समिति के प्रमुख सुरेश कलमाड़ी, महासचिव ललित भनोट और अन्य आरोपियों के खिलाफ दायर मनी लॉन्ड्रिंग की जांच को समाप्त कर दिया। इसी के साथ 15 साल पुराना घोटाला केस समाप्त हो गया। भ्रष्टाचार का सबूत नहीं मिलने पर सीबीआई ने 2014 में क्लोजर रिपोर्ट लगाई थी कॉमनवेल्थ गेम्स का आयोजन अक्टूबर 2010 में हुआ था। तमाम आरोपों और रिपोर्ट के बाद सीबीआई ने एक दर्जन से ज्यादा केस दर्ज किए।

## अब एआई को देश के लिए उपयोगी बनाएगी सरकार

● पीएम बोले-टैलेंट,टेम्परामेंट और टेक्नोलॉजी भारत का भविष्य बदलेगी

### प्रधानमंत्री मोदी ने कहा-25 साल में विकसित भारत बनाने का है लक्ष्य

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को नई दिल्ली के भारत मंडपम में वाययूजीएम कॉन्क्लेव में शामिल हुए। उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते कहा कि टैलेंट, टेम्परामेंट और टेक्नोलॉजी ही भारत के भविष्य को ट्रांसफॉर्म करेगी। हमारा मकसद आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को भारत के लिए मददगार बनाना है। मोदी ने कहा,हमें भविष्य की हर तकनीक में भारत को दुनिया में सबसे बेहतर बनाने के लिए काम करना होगा। भारत में दुनिया के टॉप संस्थानों के कैंपस खुलने की शुरुआत हो चुकी है। अब विदेशों में हमारे प्रमुख संस्थानों के कैंपस खुल रहे हैं। प्रधानमंत्री ने आगे कहा, हमने विकसित भारत के लक्ष्य के लिए अगले 25 साल की समयसीमा तय की है। हमारे पास समय सीमित है, लक्ष्य बड़े हैं। इसलिए यह जरूरी है कि हमारे विचार से लेकर प्रोटोटाइप तक का सफर भी कम से कम समय में पूरा हो। वाययूजीएम कॉन्क्लेव का मकसद इनोवेशन का एक इकोसिस्टम बनाना है, जिससे निजी क्षेत्र के निवेश को रिसर्च के क्षेत्र में बढ़ावा दिया जा सके।



## विक्टिम के पिता को सीबीआई पर नहीं है भरोसा

### आरजे केसः कहा-एजेंसी अपराधियों को जानती है

**कोलकाता (एजेंसी)।** कोलकाता के आरजी कर अस्पताल में ट्रेनी डॉक्टर से रेप-मर्डर केस में पीड़िता के पिता ने सीबीआई को लेकर गुस्सा और नाराजगी जाहिर की है। साथ ही कई नए खुलासे किए हैं। उन्होंने मंगलवार को दावा किया कि सीबीआई को उनकी बेटी के अपराधियों के बारे में पता है, लेकिन एजेंसी सच नहीं बता रही है। उन्होंने न्यूज एजेंसी से कहा- सीबीआई ने कोलकाता हाई कोर्ट और सियालदह जिला कोर्ट में दो अलग-अलग रिपोर्ट पेश की है। यहां तक की सुप्रीम कोर्ट के जज भी उनकी रिपोर्ट पर यकीन नहीं कर रहे है। हमें सीबीआई पर भरोसा था, लेकिन अब हमें उन पर कोई विश्वास नहीं है। इसके अलावा उन्होंने और कई दावा किए।

## बांग्लादेशी घुसपैठियों के अवैध निर्माण पर ऐक्शन

● गुजरात हाईकोर्ट ने भी स्टे की याचिका ठुकराई, सरकार बोली-चार बांग्लादेशी अलकायदा से जुड़े



**अहमदाबाद (एजेंसी)।** अहमदाबाद के चंडोला तालाब क्षेत्र में मंगलवार से बांग्लादेशी घुसपैठियों के अवैध निर्माण पर बुलडोजर ऐक्शन शुरू हो गया है। गुजरात पुलिस ने सोमवार रात से ही तैयारियां शुरू कर दी थीं। यहां 50 बुलडोजर और 36 डंपर लगाए गए हैं। अब तक की 2000 वर्ग गज यानी 18 हजार वर्ग फुट में फैले क्षेत्र के अतिक्रमण को साफ किया जा चुका है। पुलिस, क्राइम ब्रांच, एसओजी, साइबर क्राइम और एसआरपी की टीमें इलाके में तैनात हैं। गुजरात हाईकोर्ट ने स्टे की याचिका खारिज की हाईकोर्ट में इस मेगा डिमॉलिशन पर स्टे लगाने की याचिका दाखिल की गई थी।

## मोहाली के एएपी नेता की बेटी की कनाडा में मौत

### 4 दिन से लापता वंशिका का शव समंदर किनारे मिला

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** मोहाली के डेराबस्सी की एक लड़की की कनाडा में संदिग्ध हालात में मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक, डेराबस्सी की वंशिका कनाडा में पढ़ाई करती थी। साथ ही, पार्ट टाइम जॉब भी करती थी। 22 अप्रैल को वह लापता हो गई थी, बाद में उसका शव समंदर किनारे मिला। वंशिका के पिता दविंदर सैनी आम आदमी पार्टी के नेता हैं। उन्होंने बेटी



की हत्या का शक जाहिर किया है। वंशिका के परिवार ने केंद्र सरकार से उसकी बॉडी जल्द भारत लाने की गुहार लगाई है। कनाडा में पढ़ाई कर रही 21 साल की वंशिका ने 18 अप्रैल को अपनी फाइनल परीक्षा दी थी। 22 अप्रैल को वह काम पर गई, फिर वापस नहीं लौटी। 25 अप्रैल को दोस्तों ने घर जाकर देखा तो पता चला कि वह काम से नहीं लौटी है। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई।

## देश की सुरक्षा और संप्रभुता से जुड़ी जानकारी सड़क पर चर्चा के लिए नहीं

### पेगासस रिपोर्ट सार्वजनिक करने से सुप्रीम कोर्ट का इनकार, जमकर लताड़ा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पेगासस जासूसी रिपोर्ट को सार्वजनिक करने से सुप्रीम कोर्ट ने इनकार कर दिया है। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस एन कोटेश्वर सिंह की बेंच ने मंगलवार को कहा कि देश की सुरक्षा और संप्रभुता से जुड़ी किसी भी रिपोर्ट का खुलासा नहीं किया जाएगा। बेंच ने कहा- व्यक्तिगत आशंकाओं का समाधान किया जा सकता है, लेकिन टेक्निकल पैनल की रिपोर्ट सड़कों पर चर्चा के लिए नहीं हो सकती। इस बात की जांच करनी होगी कि जानकारी किस हद तक साझा की जा सकती है। अगली सुनवाई 30 जुलाई को होगी। 2021 में एक पोर्टल ने अपनी रिपोर्ट में दावा किया था कि केंद्र सरकार ने 2017 से 2019 के दौरान करीब 300 भारतीयों की



पेगासस स्पाइवेयर के जरिए जासूसी की। इनमें पत्रकार, वकील, सामाजिक कार्यकर्ता, विपक्ष के नेता और बिजनेसमैन शामिल थे। अगस्त 2021 में मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा। कोर्ट ने अक्टूबर 2021 में जांच के लिए रिटायर्ड जस्टिस आरवी रवींद्रन की अध्यक्षता में कमेटी बनाई। अगस्त 2022 में इसकी रिपोर्ट आई। इसमें कहा गया कि 29 फोन की जांच की, उनमें पेगासस का कोई सबूत नहीं मिला, लेकिन उनमें से 5 में मैलवेयर पाया गया। याचिका में रिपोर्ट सार्वजनिक करने की मांग याचिकाकर्ता के वकील श्याम दीवान ने 22 अप्रैल को मामला सुप्रीम कोर्ट में उठाया था। उन्होंने सीलबंद लिफाफे में सौंपी गई रिपोर्ट को बिना किसी संशोधन के सार्वजनिक करने के निर्देश दिए देने की मांग की। उन्होंने कहा कि 2021 में बनाए गए टेक्निकल पैनल की रिपोर्ट सभी को देने का निर्देश दिया गया था, लेकिन ऐसी कोई रिपोर्ट शेयर नहीं की गई। पेगासस मामले में पत्रकार परंजॉय गुहा ठाकुरता की ओर से पेश वकील कपिल सिब्बल ने कहा कि वॉट्सएप ने खुद ही खुलासा किया है कि हैकिंग हुई थी। उस समय सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस ने भी हैकिंग होने के संकेत नहीं दिए थे।

## 2028 तक पूरा होगा मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट

● महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कर दिया बड़ा ऐलान

**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बुलेट ट्रेन को लेकर बड़ा ऐलान किया है। उन्होंने कहा है कि मुंबई–अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना के 2028 के अंत तक पूरी होने की संभावना है। उन्होंने महाराष्ट्र विधान परिषद को संबोधित करते हुए इस बारे में जानकारी दी। फडणवीस ने गुजरात में हो रही प्रगति पर खुशी जताई। साथ ही उन्होंने पिछली महाविकास अघाड़ी सरकार के दौरान हुई देरी की ओर भी इशारा किया। इस परियोजना का लक्ष्य भारत में तेज गति वाली रेल यात्रा को शुरू करना है। यह परियोजना मुंबई और अहमदाबाद के बीच यात्रा के समय को कम कर देगी। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि जापान के सहयोग से बन रही 15 अरब डॉलर की लागत वाली मुंबई–अहमदाबाद बुलेट ट्रेन का काम 2028 तक पूरा हो जाएगा।

## बिहार में अब 'ऐक्शन' में नीतिश कुमार की पुलिस

● गोपालगंज में ताबड़तोड़ 'हाफ एनकाउंटर',अपराधियों को मारी गोली

**गोपालगंज (एजेंसी)।** बिहार के गोपालगंज में पुलिस और अपराधियों के बीच दो अलग-अलग मुठभेड़ हुईं। पहली मुठभेड़ गैंगरेप के आरोपियों के साथ हुई, जिसमें तीन आरोपी घायल हो गए। दूसरी मुठभेड़ रंगदारी मांगने आए अपराधियों के साथ हुई, जिसमें एक अपराधी को गोली लगी और एक भाग गया।

पुलिस ने दोनों मामलों में अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया है। नीतीश कुमार की पुलिस ने यह कार्रवाई यूपी पुलिस के तर्ज पर की है। दरअसल, पहली मुठभेड़ कुचायकोट के जलालपुर इलाके में हुई। यहां पुलिस ने गैंगरेप के आरोपियों को



पकड़ने के लिए जाल बिछाया था। आरोप है कि इन तीनों लड़कों ने मिलकर उत्तर प्रदेश की एक लड़की का अपहरण किया और उसके साथ गैंगरेप किया। पुलिस के अनुसार, तमकुही के कठकुइया की रहने वाली एक लड़की अपने पिता के साथ गोपालगंज इलाज के लिए आई थी। तीन लड़कों ने लड़की का अपहरण कर लिया।

● **रंगदारी मांगने आए अपराधियों से पुलिस की मुठभेड़–** वहीं, दूसरी घटना मीरगंज के सवरेजी गांव में हुई। यहां ज्वेलरी व्यवसायी से रंगदारी मांगने आए अपराधियों और पुलिस के बीच मुठभेड़ हो गई।

इस मुठभेड़ में एक अपराधी के पैर में गोली लगी, जबकि एक अपराधी भागने में सफल रहा। पुलिस ने दो अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया है। हथुआ एसडीपीओ आनंद मोहन गुप्ता ने बताया कि मीरगंज के रहने वाले ज्वेलरी व्यवसायी प्रवीण सोनी से अज्ञात नंबर से फोन कर पांच लाख रुपए रंगदारी की मांग की गई थी। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

## हरियाणा में आइसक्रीम बेच रहे पाकिस्तान के पूर्व सांसद

● टूरिस्ट वीजा पर भारत आए, फिर यहीं के हो कर रह गए ● पाकिस्तानियों को देश छोड़ने के आदेश के बाद सुर्खियों में

**फतेहाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तान में बेनजीर भुट्टो की सरकार में सांसद रहे दिवाया राम हरियाणा के फतेहाबाद में आइसक्रीम बेच रहे हैं। हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार से परेशान होकर उनका परिवार 25 साल पहले टूरिस्ट वीजा पर पाकिस्तान से भारत आया था। उनके परिवार में 30 सदस्य हैं। इनमें 2 महिलाओं समेत 6 लोगों को भारत की नागरिकता मिल चुकी है, जबकि बाकी लोगों ने आवेदन किया हुआ है। हम भारत में ही रहकर बाकी जीवन जीना चाहते हैं। अगर पाकिस्तान के खिलाफ लड़ने का मौका मिला तो मैं सबसे पहले हथियार उठाऊंगा। वहीं फतेहाबाद के एसपी सिद्धार्थ जैन का कहना है कि जिले में कुछ लोग पाकिस्तान से आकर रह रहे हैं। इन्होंने नागरिकता संशोधन कानून आने के बाद भारत की नागरिकता के लिए आवेदन किया हुआ है। आवेदनों की जांच कर रही है। नियम के तहत फिलहाल किसी को पाकिस्तान नहीं भेजा जाएगा।

**अत्याचार से परेशान होकर इस्तीफा दिया–** दिवाया राम बताते हैं कि पाकिस्तान की संसद में





अल्पसंख्यकों के लिए कुछ पद आरक्षित होते हैं। इसी कारण 1989 में उन्हें सांसद बनाया गया, लेकिन सांसद बनने के बाद, वहां के दबंग लोगों ने एक लड़की को उठा लिया। सत्ता में होने के बावजूद वे कुछ नहीं कर पाए। इस घटना से परेशान होकर उन्होंने कुछ ही दिनों में अपने पद से इस्तीफा दे दिया। पाकिस्तान में आए दिन अल्पसंख्यकों पर अत्याचार बढ़ते जा रहे थे। ऐसे में दिवाया राम ने 2000 में अपने परिवार को लेकर भारत में बसने का निर्णय लिया।

### पाकिस्तान में दादा की 25 एकड़ जमीन

दिवाया राम ने बताया कि उनके दादा की पाकिस्तान में अब भी 25 एकड़ जमीन है। यह जमीन पाकिस्तान के बखर जिले की दरियापुर तहसील के पंचगिरेह क्षेत्र में स्थित है। भारत में रहने के कारण उनके परिवार के सभी सदस्यों के आधार कार्ड और अन्य प्रमाण पत्र भारत के बन चुके हैं। जल्द ही उन्हें भारतीय नागरिकता मिलने की उम्मीद है। दिवाया राम का चचेरा भाई ओमप्रकाश भी अपने पिता सोना राम, 3 भाइयों और अन्य परिवार के सदस्यों के साथ 2006 में पाकिस्तान से रतिया आ गया था। भारत आने के 3 साल बाद, 2009 में, ओमप्रकाश की शादी उस समय के विधायक ज्ञानचंद ओढ़ी के नजदीकी रिश्तेदार के घर सरदारेवाला गांव में हुई। उनके 2 अन्य भाइयों की शादी भी फतेहाबाद जिले में हुई। ओमप्रकाश ने बताया कि उनके परिवार के 6 सदस्यों को भारतीय नागरिकता मिल चुकी है। परिवार के अन्य सदस्यों के दस्तावेज भी भारत सरकार के पास भेजे गए हैं।

# बिना थके, बिना रुके, बिना डिगे, निरंतर जारी रहेगी उत्तर प्रदेश की सफल यात्रा : मुख्यमंत्री

» पूर्व में सत्ताधारी लोगों ने उत्तर प्रदेश के माफिया के सामने घुटने टेक दिए थे
» उत्तर प्रदेश माफिया मुक्त, दंगा मुक्त, गुंडा मुक्त और अपराध मुक्त है

ग्रुप 5 संवाददाता



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की विपक्षी दलों की अगुवाई वाली पूर्व सरकारों पर बरसते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को कहा कि पूर्व सरकारों ने माफिया के सामने घुटने टेक दिए थे, माफिया के इशारे पर सरकारें चलती थीं लेकिन अब बिना थके, बिना रुके, बिना डिगे राज्य की सफल यात्रा निरंतर जारी रहेगी। यहां एक निजी टीवी चैनल के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, उत्तर प्रदेश सरकार ने विगत आठ वर्ष में प्रधानमंत्री (नरेन्द्र) मोदी के विजन के अनुरूप मजबूती के साथ सफलता की ओर कदम बढ़ाए हैं। बिना रुके, बिना थके, बिना डिगे यह यात्रा अनवरत जारी रहेगी। योगी आदित्यनाथ ने कहा, पूर्व में सत्ताधारी लोगों ने उत्तर प्रदेश के माफिया के सामने घुटने टेक दिए थे। उनके सामने उनकी (सरकारों की) जुबान नहीं खुलती थी। माफिया के इशारे पर सरकार चलती थी। उन्होंने कहा, वह पैसे वाला अपराधी, माफिया रहा हो, खनन माफिया रहा हो, भू माफिया रहा हो, वन माफिया रहा हो या पशु माफिया रहा हो, यह सभी अपने इशारे पर सरकारों को चलाते थे। योगी ने दावा किया, आज उत्तर प्रदेश में पिछले 8 वर्ष के अंदर डबल इंजन की सरकार ने जो कार्य शुरू किया है, यह उसी का प्रमाण है कि उप्र माफिया मुक्त, दंगा मुक्त, गुंडा मुक्त और अपराध मुक्त भी है। उन्होंने 2017 में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद आए बदलावों का जिक्र करते हुए कहा कि सरकार बनने के पहले दिन से तय किया कि अपराध और अपराधियों के प्रति, भ्रष्टाचार और भ्रष्टाचारियों के प्रति कत्तई बर्दाश्त नहीं की नीति के तहत काम होगा। उन्होंने कहा कि आज परिणाम सबके सामने है। हर व्यक्ति आज अपने आप को सुरक्षित महसूस करता है और 2017 से पहले पर्व और त्योहारों पर भय का माहौल होता था। आज पर्व और त्योहार किसी भी समुदाय का हो बहुत शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न होता है।

### आतंकी हमले पर सपा नेताओं के बयान पाकिस्तानी प्रवक्ता जैसे लग रहे हैं: योगी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को समाजवादी पार्टी (सपा) पर निशाना साधते हुए कहा कि आतंकी हमले पर सपा नेताओं के बयान पाकिस्तान प्रवक्ता के लग रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को देवरिया में एक जनसभा को संबोधित करते हुए जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले का जिक्र करते हुए यह टिप्पणी की। पहलगाम के बैसरन में हुए जघन्य हमले में 26 लोगों की मौत हो गई, जिनमें से अधिकतर पर्यटक थे। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, मुख्यमंत्री ने सभा के दौरान 676 करोड़ की 501 परियोजनाओं में से 341 परियोजनाओं का लोकार्पण और 160 परियोजनाओं का शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले पर समाजवादी पार्टी के नेताओं के काफी शर्मनाक बयान सामने आए हैं।

ट्रेन से यात्रियों का सफर हुआ दुश्वार

# दरवाजा न होने पर चादर लटकाकर एसी की कूलिंग रोकने की कोशिश




**लखनऊ, (ग्रुप 5 सं)।** यात्रियों के लिए ट्रेनों का सफर अव्यवस्था के साथ ही संरक्षा के लिए चैलेंज बनता जा रहा है। लखनऊ से दिल्ली जाने वाली 12229 लखनऊ मेल के कोच में खुले वायरों का गुच्छा देखने को मिल रहा है तो लखनऊ से वाराणसी तक चलने वाली 24203 इंटरसिटी एक्सप्रेस के एसी कोच में दरवाजा तक नहीं है। कूलिंग बनी रहे इसके लिए यात्रियों ने दरवाजे पर चादर बांध रखी है। यात्रियों की शिकायतों पर रेलवे प्रशासन गंभीरता ही नहीं दिखा रहा है। हप्पू सिंह नाम के यात्री ने मंगलवार को लखनऊ मेल के बी-1 कोच में खुले तारों का गुच्छा देखा, साथ ही वॉशरूम के पास लगी वॉश बेसिन भी चोक थी। इसमें पानी भरा हुआ था। ट्रेन के चलने के साथ ही पानी बेसिन से निकलकर बाहर आ रहा था। यात्री हप्पू सिंह ने खुले तारों को देखकर हेल्पलाइन नंबर 139 पर कॉल किया। वहां से उनको सहायता पहुंचने की सूचना दी गई, लेकिन कोई नहीं आया। उन्होंने इसकी जानकारी अटेंडेंट को दी, लेकिन उसने भी अनदेखी कर दी। इसके बाद हप्पू सिंह ने आला अधिकारियों को एक्स पर सूचना देते हुए खुले तारों की वजह से हादसे की आशंका जताई। मामला लखनऊ मंडल तक पहुंचा तो अब इस संबंध में जांच के आदेश दिए गए हैं।

### क्या कहते हैं उत्तर रेलवे के सीनियर डीसीएम

उत्तर रेलवे के सीनियर डीसीएम कुलदीप तिवारी ने बताया कि यात्रियों की शिकायतों का तत्काल समाधान किया जाता है। अगर ट्रेन में इस तरह की दिक्कतें यात्रियों को हुई हैं तो इसकी जांच कराई जाएगी। दोषियों पर कार्रवाई भी होगी।

### चादर से कूलिंग को रोकने की कोशिश

24203 लखनऊ-वाराणसी इंटरसिटी एक्सप्रेस के एसी कोच सी-1 में दीपक कुमार नाम के यात्री मंगलवार को यात्रा कर रहे थे। उन्होंने एसी कोच में दरवाजा नहीं होने की शिकायत की। इसकी वजह से कूलिंग नहीं होने की भी जानकारी दी। यात्री परेशान हो रहे हैं ये भी बताया। उन्होंने इसकी सूचना कुछ अटेंडेंट को दी। टीटीई को भी बताया। इसके बाद ही भी कोई एक्शन नहीं हुआ। मजबूरी में उन्होंने यात्री को मिलने वाली चादर को दरवाजे पर टांगा जिससे कोच के अंदर एसी की कूलिंग बनी रहे। हालांकि ठंडी हवा ट्रेन के अंदर रोकने में उन्हें सफलता नहीं मिली और सहायता का ढिंढोरा पीटने वाले रेलवे प्रशासन से भी कोई सहायता नहीं मिली।

पारा में अवैध प्लाटिंग पर चला बुलडोजर

# चिनहट व डालीगंज में रो-हाउस भवन सील




**लखनऊ, (ग्रुप 5 संवाददाता)।** लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार के निर्देश पर शहर में अवैध निर्माण व प्लाटिंग के खिलाफ लगातार चलाये जा रहे अभियान के क्रम में मंगलवार को प्रवर्तन टीम ने डालीगंज, चिनहट, गोमती नगर व पारा क्षेत्र में कार्रवाई की। इस दौरान 20 बीघा क्षेत्रफल में की जा रही एक अवैध प्लाटिंग पर बुलडोजर चलाया गया। वहीं, अवैध रूप से निर्मित किये जा रहे रो-हाउस भवनों व व्यावसायिक निर्माण को सील किया गया। प्रवर्तन जोन-3 के जोनल अधिकारी रवि नंदन सिंह ने बताया कि विक्कू सिंह व अन्य द्वारा पारा के हंसखेड़ा में 19 मंजिला ईडब्ल्यूएस भवनों के पीछे लगभग 20 बीघा क्षेत्रफल में अनाधिकृत रूप से प्लाटिंग का कार्य करते हुए अवैध कालोनी विकसित की जा रही थी। प्राधिकरण से ले-आउट स्वीकृत कराये बिना की जा रही उक्त अवैध प्लाटिंग के विरूद्ध विहित न्यायालय द्वारा वाद योजित करते हुए ध्वस्तीकरण के आदेश पारित किये गये थे। जिसके अनुपालन में प्रवर्तन टीम ने पुलिस बल के सहयोग से अवैध प्लाटिंग के ध्वस्तीकरण की कार्रवाई करायी। इस दौरान डेवलपर द्वारा स्थल पर विकसित की गयी सड़क, नाली, बाउन्ड्रीवॉल आदि को ध्वस्त कर दिया गया। प्रवर्तन जोन-1 के जोनल अधिकारी विपिन कुमार शिवहरे ने बताया कि इम्तियाज अहमद व अन्य द्वारा विभूतिखण्ड में भूखण्ड संख्या-बी-78ए पर लगभग 135 वर्गमीटर क्षेत्रफल में अवैध रूप से भवन का निर्माण कराया जा रहा था। इसी तरह विनय सिंह व अन्य द्वारा भूखण्ड संख्या-बी-98, 99 पर लगभग 450 वर्गमीटर क्षेत्रफल में व्यावसायिक निर्माण करवाया जा रहा था। वहीं, डी0पी0एस0 कंस्ट्रक्शन व प्रेम सिंह द्वारा चिनहट के लौलाई में स्टार भट्टा की भूमि पर लगभग 20,000 वर्गमीटर क्षेत्रफल में रो-हाउस भवनों का निर्माण करवाया जा रहा था। अवैध रूप से किये जा रहे उक्त सभी निर्माण कार्यों को प्रवर्तन टीम द्वारा सील कर दिया गया। प्रवर्तन जोन-4 की जोनल अधिकारी वन्दना पाण्डेय ने बताया कि शेर मोहम्मद, अलताफ व अन्य द्वारा डालीगंज के कदम रसूल वार्ड में मोहन मेकिंग रोड पर लगभग 5000 वर्गमीटर क्षेत्रफल के भूखण्ड पर अवैध रूप से रो-हाउस भवन का निर्माण कराया जा रहा था। प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराये बिना किये जा रहे इस निर्माण कार्य के विरूद्ध विहित न्यायालय द्वारा वाद योजित करते हुए सीलिंग के आदेश दिये गये थे। मंगलवार को प्रवर्तन टीम ने स्थल पर कार्रवाई करते हुए निर्माणाधीन भवन को सील कर दिया।

## आतंकी हमले में मारे गए शुभम के परिजनों से मिलने आज कानपुर जाएंगे राहुल

**लखनऊ, (ग्रुप 5 सं)।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी बुधवार को, पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए शुभम द्विवेदी के शोक संतप्त परिजनों से मिलने कानपुर जाएंगे। कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने मंगलवार को यह जानकारी दी। शुभम द्विवेदी 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए नृशंस आतंकी हमले में मारे गए 26 लोगों में शामिल थे। मृतकों में ज्यादातर पर्यटक थे। कानपुर के 31 वर्षीय व्यवसाई शुभम द्विवेदी की शादी दो महीने पहले, 12 फरवरी को हुई थी। जब खबर आई कि कश्मीर के पहलगाम में शुभम की उनकी पत्नी के सामने ही गोली मारकर हत्या कर दी गई, तब द्विवेदी परिवार में हडकंप मच गया। सीमेंट का कारोबार करने वाली कंपनी चलाने वाले शुभम 16 अप्रैल को अपनी पत्नी और परिवार के नौ अन्य सदस्यों के साथ एक सप्ताह की छुट्टी पर कश्मीर गए थे।

## 11 जुलाई तक वंदे भारत स्पेशल ट्रेन का लखनऊ छपरा के बीच होगा संचलन

**लखनऊ, (ग्रुप 5 सं)।** यात्रियों की सुविधा के लिए 02270/02269 लखनऊ (उत्तर रेलवे)-छपरा-लखनऊ (उत्तर रेलवे) वंदे भारत स्पेशल ट्रेन का संचलन 11 जुलाई तक प्रत्येक सोमवार, बुधवार, बृहस्पतिवार, शुक्रवार, शनिवार और रविवार (मंगलवार को छोड़कर) को किया जायेगा। पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज सिंह ने बताया कि 02270 लखनऊ (उत्तर रेलवे)-छपरा वंदे भारत विशेष गाड़ी 11 जुलाई तक रविवार को छोड़कर लखनऊ (उत्तर रेलवे) से दोपहर 14.15 बजे चलकर सुल्तानपुर से 16.07 बजे, वाराणसी जंक्शन से 18.25 बजे, गाजीपुर सिटी से 19.35 बजे, बलिया से 20.25 बजे और सुरेमनपुर से 20.57 बजे छूटकर 21.30 बजे छपरा पहुंचेगी। वापसी यात्रा में 02269 छपरा-लखनऊ (उत्तर रेलवे) वंदे भारत विशेष गाड़ी 11 जुलाई तक प्रत्येक सोमवार, बुधवार, बृहस्पतिवार, शुक्रवार, शनिवार और रविवार (मंगलवार को छोड़कर) को छपरा से रात 23.00 बजे प्रस्थान कर सुरेमनपुर से 23.37 बजे, दूसरे दिन बलिया से 00.07 बजे, गाजीपुर सिटी से 01.01 बजे, वाराणसी जं. से 02.35 बजे और सुल्तानपुर से 04.50 छूटकर 06.30 बजे लखनऊ पहुंचेगी।

### गोमतीनगर से चलेंगी ट्रेनें

**लखनऊ।** गोरखपुर जं.-गोरखपुर कैंट स्टेशनों के मध्य तीसरी लाइन निर्माण कार्य के परिप्रेक्ष्य में नॉन इंटरलॉकिंग (एन.आई.) कार्य किये जाने से कई ट्रेनों का शार्ट टर्मिनेशन/शार्ट ओरिजिनेशन किया जा रहा है। यह जानकारी पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज सिंह ने दी।

**शार्ट टर्मिनेशन व शार्ट ओरिजिनेशन**

- पीलीभीत से तीन मई तक चलने वाली 15010 पीलीभीत-गोरखपुर एक्सप्रेस, गोरखपुर के स्थान पर गोमती नगर स्टेशन पर यात्रा समाप्त करेगी। यह ट्रेन गोमती नगर-गोरखपुर के मध्य निरस्त रहेगी
- गोरखपुर से चार मई तक चलने वाली 15009 गोरखपुर-पीलीभीत एक्सप्रेस गोरखपुर के स्थान पर गोमती नगर से चलाई जायेगी। यह गाड़ी गोरखपुर-गोमती नगर के मध्य निरस्त रहेगी
- गोरखपुर से तीन मई को चलने वाली 12591 गोरखपुर-यशवंतपुर एक्सप्रेस, गोरखपुर के स्थान पर खलीलाबाद से चलाई जायेगी। यह ट्रेन गोरखपुर-खलीलाबाद के मध्य निरस्त रहेगी

## राहुल गांधी की नेतागीरी में कांग्रेस पिछले 11 वर्ष में 50 से ज्यादा चुनाव हारी : मौर्य



**लखनऊ, (ग्रुप 5 सं)।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने मंगलवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि राहुल की नेतागीरी में पार्टी पिछले 11 वर्ष में 50 से ज्यादा चुनाव हारी है। राहुल गांधी, रायबरेली और अमेठी के दो दिवसीय दौरे पर हैं। केशव प्रसाद मौर्य ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, कांग्रेस का शाही परिवार दस वर्ष तक देश के प्रति जवाबदेह बनने के बजाय डॉ. मनमोहन सिंह सरकार को रिमोट कंट्रोल से हांकता रहा। उन्होंने कहा, आखिरकार मनमोहन सिंह सरकार का जब पतन हुआ तब से राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस पिछले 11 वर्ष में 50 से अधिक चुनाव हारी। मौर्य ने कहा कि अब और बदनामी से बचने के लिए सबसे पुरानी पार्टी ने अपने भविष्य का भार अपने सबसे बुजुर्ग नेता (मल्लिकार्जन खरगे) पर डाल दिया। शाही परिवार उन्हें तब निर्देश दे रहा है जब वे सांस लेने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को अपने संसदीय क्षेत्र रायबरेली और अमेठी के दो दिवसीय दौरे की शुरुआत की। राहुल ने रायबरेली में वंचितों को सौर ऊर्जा से चलने वाली गाड़ियां वितरित कीं। राहुल बुधवार को शुभम द्विवेदी के शोक संतप्त परिजनों से मिलने कानपुर जाएंगे। शुभम द्विवेदी 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए नृशंस आतंकी हमले में मारे गए थे। इस हमले 26 लोगों ने अपनी जान गंवाई थी, जिनमें ज्यादातर पर्यटक थे।

# एआरटीओ ने ली डीलरों की क्लास : वाहन स्वामी परेशान होंगे तो कार्रवाई के लिए तैयार रहें डीलर



**लखनऊ, (ग्रुप 5 संवाददाता)।** उत्तर प्रदेश के परिवहन आयुक्त पंजीकरण से पहले वाहन बेचने, अधूरे दस्तावेजों को अपलोड करने के मामले में डीलरों पर सख्ती दिखा रहे हैं। इस मामले में सफाई देते हुए डीलरों ने कहा है कि वाहन को एचएसआरपी नंबर प्लेट के साथ बेचना है। गाड़ी की बुकिंग होने के बाद कम से कम 12 घंटे एचएसआरपी के आने में लग जाते हैं, जबकि खरीदार चाहता है कि उसको अपने शुभ समय पर गाड़ी मिल जाए। ऐसे में यह परेशानी खड़ी होती है। लखनऊ के एआरटीओ (प्रशासन) प्रदीप कुमार सिंह ने कहा है कि अधूरे कागजों और मानकों के वाहन की किसी भी रूप में बिक्री न करें। ग्राहकों को बताएं कि गाड़ी की बुकिंग के बाद इन प्रक्रियाओं में इतना समय लगेगा जिससे वे अपने शुभ समय से पहले बुकिंग कर सकें और उनको उनके समय पर अपनी मनपसंद गाड़ी मिल सके। उन्होंने सभी डीलरों को सात दिन में अपने अधूरे कामों को पूरा करने का निर्देश दिए हैं। उत्तर प्रदेश के परिवहन आयुक्त बीएन सिंह ने सभी एआरटीओ से बैठक कर डीलरों को दिशा निर्देश जारी करने को कहा है। इसी सिलसिले में मंगलवार को ट्रांसपोर्टनगर स्थित फिटनेस सेंटर पर एआरटीओ (प्रशासन) प्रदीप कुमार सिंह, एआरटीओ हिमांशु जैन और संभागीय निरीक्षक विष्णु कुमार ने बैठक की। बैठक में सभी डीलर शामिल हुए। इस मीटिंग में सामने आया कि ओला और बीआर होंडा दो डीलर ऐसे हैं जिन्होंने बिना एचएसआरपी के जारी हुए एक भी गाड़ी नहीं बेची है। इस संबंध में जब एआरटीओ प्रदीप कुमार सिंह ने अन्य डीलरों से वजह पूछी तो उन्होंने खरीदारों की इस समस्या के बारे में जानकारी दी।

### ग्राहकों को होती है परेशानी

आमतौर पर गाड़ी बेचने के लिए डीलर अधूरे प्रपत्र वाहन पोर्टल पर अपलोड कर देते हैं। रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया पूरी होने से पहले ही गाड़ी ग्राहक को दे देते हैं। इसके बाद ग्राहक आरटीओ के चक्कर काटते हैं। हालांकि इसमें ग्राहकों की जल्दबाजी का भी मामले सामने आया है। एआरटीओ ने कहा है कि पूरी स्थिति ग्राहक के सामने जरूर स्पष्ट करें जिससेअपने शुभ समय से पहले ही गाड़ी की बुकिंग कर लें और कागजी प्रक्रियाएं पूरी हो सकें। ग्राहक को बाद में किसी तरह की दिक्कत न हो।

### 51 डीलरों को दी जा चुकी है नोटिस

उत्तर प्रदेश के परिवहन आयुक्त बीएन सिंह ने डीलरों की लापरवाही पर पिछले दिनों प्रदेश के 51 डीलरों को नोटिस थमाई थी। इसमें लखनऊ के भी तीन डीलर हैं। इनके ऊपर इसी तरह की मनमानी करने का आरोप है। उन्होंने डीलरों को सख्त चेतावनी दी है कि अगर वाहन खरीदार परेशान होते हैं तो डीलरों को भी बख्शा नहीं जाएगा।

## बसपा कार्यकर्ता आकाश आनन्द का हौसला बढाएं : मायावती



**लखनऊ, (ग्रुप 5 संवाददाता)।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने मंगलवार को पार्टी में गलती करने वालों को बाहर करने और सुधार के बाद वापस लिए जाने की परंपरा बताते हुए कार्यकर्ताओं से कहा कि अब आकाश आनन्द का हौसला जरूर बढाएं। बसपा प्रमुख ने अपने भतीजे आकाश आनन्द को दोबारा उत्तराधिकारी घोषित किया है। हालांकि मायावती ने पहले आनंद को विवादों के कारण पार्टी से निकाल दिया था लेकिन माफी मांगने के बाद उन्हें फिर से बसपा में शामिल कर लिया गया। मायावती ने मंगलवार को एक्स पर एक पोस्ट में कहा, विदित है कि बसपा से जुड़े कुछ लोग अपनी नासमझी, जोश व लापरवाही या विरोधी पार्टियों के षड्यन्त्र के बहकावे में आकर काफी गलती कर बैठते हैं, जिन्हें फिर पार्टी हित में सुधारने के लिए पार्टी की जिम्मेदारी से अलग करना तथा गम्भीर मामलों में निकालना भी पड़ता है। बसपा प्रमुख ने कहा, उनमें (निकाले गए पार्टी सदस्यों) से कुछ में परिवर्तन आने व माफी मांगने के बाद फिर पार्टी व आंदोलन के हित में उन्हें वापस भी लेना पड़ता है। जब से पार्टी बनी है, ऐसा किया जाता रहा है, ऐसा अन्य पार्टियों में भी होता है। मायावती ने अपने भतीजे का जिक्र करते हुए सिलसिलेवार पोस्ट में कहा, लेकिन आकाश आनन्द के मामले में खासकर बहुजन समाज के कुछ स्वार्थी व बिकाऊ लोग, जिन्होंने पार्टी के वोटों को बांटने व पार्टी को कमजोर करने के लिए अपने दल व संगठन बनाए हुए हैं, वे इस बात का मीडिया में आए दिन गलत प्रचार करते रहते हैं।

# ट्रेन में चढ़ते समय पैर फिसला, युवक की मौत

» रेलवे ट्रैक पर मिला शव
» पुलिस ने की कार्रवाई पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा



**लखनऊ, (ग्रुप 5 सं)।** बीबीडी थाना क्षेत्र के जुग्गौर रेलवे पुल के पास मंगलवार सुबह एक मजदूर की ट्रेन में चढ़ते वक्त उसका पैर फिसल गया और वह किसी अज्ञात ट्रेन की चपेट में आ गया। जिससे मजदूर की दर्दनाक मौत हो गई। रोज की तरह काम पर निकला था, लेकिन ट्रैक किनारे उसकी लाश मिली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर परिजनों की मौजूदगी में पंचायतनामा की कार्रवाई पूरी की और उसे पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। मंगलवार सुबह जुग्गौर पुल के पास रेल ट्रैक पर एक शव पड़े होने की सूचना स्थानीय लोगों ने पुलिस को दी। बीबीडी थाना पुलिस मौके पर पहुंची तो पाया कि सफेदाबाद-मल्हौर के बीच अप लाइन पर ट्रैक किनारे एक युवक की लाश पड़ी थी। शव की पहचान गांव के लोगों और परिवार की मदद से प्रमोद रावत (30 वर्ष), पुत्र सतीश रावत, निवासी ग्राम जुग्गौर के रूप में हुई। प्रमोद लखनऊ शहर में दिहाड़ी मजदूरी करता था और रोजाना ट्रेन से आना-जाना करता था। सूचना मिलने पर पहुंचे परिजन शव देखते ही रो पड़े। पुलिस के मुताबिक, प्रथम दृष्टया लग रहा है कि प्रमोद ट्रेन में चढ़ने या उतरने के दौरान असंतुलित होकर नीचे गिरा और किसी गुजरती ट्रेन की चपेट में आ गया। हादसा इतना भीषण था कि उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

# उत्तर प्रदेश में सत्ता सजातीय को सब माफ़ का फ़ार्मूला : अखिलेश

ग्रुप 5 संवाददाता



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने वाराणसी के एक सपा कार्यकर्ता और पार्टी के राज्यसभा सदस्य रामजी लाल सुमन पर हमले का मुद्दा उठाते हुए संकेतों में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर सजातीय आरोपियों को संरक्षण देने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि उप्र में सत्ता सजातीय को सब माफ़ का फ़ार्मूला चल रहा है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने मंगलवार को एक्स पर एक पोस्ट में कहा बनारस वाले जिन हरीश मिश्रा पर प्राणघातक हमला हुआ था, भाजपा सरकार ने उनको ही जेल भेज दिया था। उनको बाहर आने में कई दिन लगे। लेकिन दलित सांसद रामजी लाल सुमन पर जानलेवा हमले करनेवाले 24 घंटे से पहले ही बाहर आ गए। उन्होंने संकेतों में गोरखपुर में सपा के राष्ट्रीय सचिव विनय शंकर तिवारी के आवास (हाता) का जिक्र करते हुए कहा एक तरफ़ हाता नहीं भाता का फ़ार्मूला काम कर रहा था, तो दूसरे मामले में सत्ता सजातीय को सब माफ़ का फ़ार्मूला था। बीते दिनों गोरखपुर जिले के पूर्व विधायक तिवारी को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बैंक धोखाधड़ी के मामले में गिरफ्तार किया था। अखिलेश यादव ने आगे कहा रामजी लाल सुमन के मामले में निलंबित किए गए पुलिस अधिकारी को यह सरकार कहीं पिछले दरवाज़े से बहाल करके, पदोन्नत करके पुरस्कार स्वरूप कोई और बड़ा पद न दे दे। उप्र में अन्यायराज है। वाराणसी में समाजवादी पार्टी (सपा) के कार्यकर्ता हरीश मिश्रा ने 12 अप्रैल को आरोप लगाया था कि करणी सेना के सदस्यों ने उसके घर के बाहर उस पर हमला किया। दोनों पक्षों की तहरीर पर प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई कर रही पुलिस का कहना है कि इस मामले में कोई भी व्यक्ति करणी सेना से संबद्ध नहीं है। सपा कार्यकर्ता हरीश मिश्रा ने आरोप लगाया कि वह अपने घर के बाहर आशा महाविद्यालय के मोड़ पर खड़े थे, तभी उन पर कुछ लोगों ने चाकू से हमला कर दिया। उनके मुताबिक, शोर सुनकर स्थानीय लोग वहां पहुंचे, उन्हें बचाया और दोनों हमलावरों को पकड़ कर उनकी पिटाई की। मौके से पकड़े गए दो आरोपियों में से एक अविनाश मिश्रा ने कहा, मेरा किसी राजनीतिक दल या करणी सेना से कोई संबंध नहीं है। मैं मां करणी का पुजारी हूं। हरीश मिश्रा ने कुछ दिन पहले मां करणी के खिलाफ गलत बयान दिया था। पुलिस ने मामले में हरीश मिश्रा को भी गिरफ्तार किया था।

### जश्नजीवी भाजपाई को सुरक्षा मिलती है, लेकिन पर्यटकों को क्यों नहीं : यादव

समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने पहलगाम आतंकी हमले को लेकर भाजपा नीत केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए मंगलवार को सवाल किया कि जश्नजीवी भाजपाई को सुरक्षा मिलती है लेकिन पर्यटकों को सुरक्षा क्यों नहीं मिली। उन्होंने सरकार पर सार्वजनिक सुरक्षा से ज्यादा वीआईपी सुरक्षा को प्राथमिकता देने का आरोप लगाया। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले में 26 लोगों की मौत हो गई, जिनमें ज्यादातर पर्यटक थे। सपा प्रमुख यादव ने मंगलवार को एक्स एक लंबे पोस्ट में कहा पूछता है पहलगाम का पर्यटक.... ख़तरों के बीच मेरी रक्षा करनेवाला कोई वहाँ क्यों नहीं था? सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कथित तौर पर गुजरात के ठग किरण पटेल का नाम लिए बिना सरकार की सुरक्षा नीतियों पर सवाल उठाए।

# 26 छात्राएं अचानक तेज पेट दर्द से हुई बीमार





» सात छात्राओं को मैक्स में भर्ती किया गया
» जांच के लिए भेजे गए खाद्य और पानी के सैंपल
» जांच में जुटा प्रशासन

ग्रुप 5 संवाददाता

**लखनऊ।** नर्सिंग कॉलेज की 26 छात्राएं पेट में तेज दर्द होने के कारण मंगलवार को अचानक बीमार पड़ गईं। सूचना मिलते ही कॉलेज प्रशासन ने सभी छात्राओं कोहॉस्पिटल पहुंचाया। ओपीडी में 19 छात्राओं को इलाज दिया गया 7 छात्राओं की हालत ज्यादा खराब ती जिन्हें इमरजेंसी वार्ड में भर्ती करना पड़ा। कॉलेज प्रशासन ने बताया है कि कुछ बच्चियों को डिहाइड्रेशन की समस्या थी। उन्हें आईवी फ्लूइड्स दिए गए। अस्पताल प्रशासन ने इस घटना के कारणों का पता लगाने के लिए खाने और पानी के नमूनों की जांच के लिए भेजा है। प्रशासनिक जांच में यह तथ्य भी सामने आया कि एक दिन पहले रविवार को अवकाश के कारण कई छात्राओं ने कॉलेज परिसर के बाहर भोजन किया था। वहीं दूसरी ओर कुछ लोगों ने दबी जुबान से परोसे गए खराब खाने को जिम्मेदार ठहराया है। हालांकि पुलिस और प्रशासन ने ऐसी किसी जानकारी के होने की पुष्टि नहीं की है। उनका कहना है कि तहकीकात की जा रही है।

### एफएसडीए ने खाद्य और पानी के सैंपल लिए

एफएसडीए की टीम मौके पर पहुंचकर खाने और पानी की सैंपलिंग की। कॉलेज प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि छात्रों की सेहत सर्वोपरि है। हालात पर लगातार नजर रखी जा रही है। सभी प्रभावित छात्राओं की हालत अब स्थिर है। सब धीरे-धीरे स्वस्थ हो रही हैं।

### 220 छात्रों को बेकार भोजन दिया

कॉलेज की प्राचार्य रोजिली निर्मल ने बताया, सोमवार सुबह छात्राओं को अस्पताल में मौजूद 200 से अधिक लोगों के साथ नाश्ता दिया गया था। डिहाइड्रेशन की समस्या हुई है। बताया जा रहा है कि शाम तक सभी छात्राओं को अस्पताल से छुट्टी मिलने की उम्मीद है। वही पुलिस का कहना है कि घटना के सम्बंध में उन्हें कोई तहरीर नहीं दी गई और किसी ने इस मामले में शिकायत भी नहीं की है।

## त्रिलोकपुर में आधा दर्जन हरे पेड़ों पर चला आरा, एक गिरफ्तार

ग्रुप 5 संवाददाता

**लखनऊ।** मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र में हरियाली पर आरा चलाने से वनमाफिया बाज नही आ रहे है।एक बार फिर मोहनलालगंज के भदेसुवा मजरा तिलोकपुर गांव में वनमाफियाओ ने बीते सोमवार को अवैध रूप से हरे नीम के तीन पेड़ो सहित आधा दर्जन पेड़ो को काटकर धराशायी कर दिया। सूचना के बाद जब तक बीट प्रभारी सत्यप्रकाश वनकार्मियो संग मौके पर पहुंचे उससे पहले धराशायी किये गये नीम के बोटे गायब हो चुके थे। मौके पर मिले एक युवक सुभाष गौतम निवासी भदेसुवा थाना मोहनलालगंज को वनकर्मियो ने पकड़कर पुलिस के हवाले किया। बीट प्रभारी सत्यप्रकाश ने अवैध रूप से हरीयाली पर आरा चलाने वाले पकड़े गये युवक सुभाष पर कार्यवाही के लिये मोहनलालगंज पुलिस को तहरीर दी। इंस्पेक्टर दिलेश कुमार सिंह ने बताया बीट प्रभारी की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गयी है।

# फंदे से लटका मिला विवाहिता का शव, मायके वालों ने किया हंगामा




» आरोप है कि हत्या कर शव फंदे से लटकाया
» एक साल पहले हुई थी शादी, पति हिरासत में

ग्रुप 5 संवाददाता

**लखनऊ।** अलीगंज कोतवाली क्षेत्र में शादी के एक साल बाद विवाहिता प्रीति (24) का शव फंदे से लटका मिला। मृतका के मायकेवालों को जब जानकारी हुई तो लखनऊ पहुंचकर जमकर हंगामा किया। पिता का आरोप है कि उनकी बेटी को पहले पीटा गया, फिर मारकर लटका दिया गया। मुंह से खून निकल रहा था। उसके साथ निश्चित रूप से मारपीट की गई है।तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। पति को हिरासत में ले लिया गया है पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के आधार पर की जाएगी। मृतका के पिता रामस्वरूप, निवासी कछेला गांव, मछरेहटा, सीतापुर ने ससुराल पक्ष पर दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए अलीगंज थाने में तहरीर दी है। उनका कहना है कि शादी के कुछ महीनों बाद से ही ससुराल वाले दहेज की मांग को लेकर प्रीति को प्रताड़ित कर रहे थे। परिजनों का आरोप है कि सोमवार देर रात प्रीति को बेरहमी से पीटने के बाद उसकी हत्या कर दी गई। शव को पंखे से लटकाकर आत्महत्या का रूप देने की कोशिश की गई। जब परिवार मौके पर पहुंचा तो प्रीति के मुंह से खून निकल रहा था। मृतका की पहचान अक्षय गौतम की पत्नी प्रीति (24) के रूप में हुई है। पुलिस ने मृतका के मायकेवालों की तहरीर के बाद अक्षय को हिरासत में ले लिया है।मायकेवालों ने दहेज हत्या का आरोप लगाया। मौके पर पहुंची पुलिस के साथ नोकझोंक हुई। इंस्पेक्टर विनोद तिवारी ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। पति को हिरासत में ले लिया गया है।

# जापान फुटबॉलर व उनकी टीम ने डीजीपी से की मुलाकात



**लखनऊ, (ग्रुप 5 सं)।** पुलिस महानिदेशक से जापान के अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त फुटबॉलर व उनकी एनजीओ टीम ने की मुलाकात। पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार से मंगलवार को जापान के अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त फुटबॉलर व उनकी एनजीओ टीम ने मुलाकात की। मुलाकात के दौरान प्रशान्त कुमार, पुलिस महानिदेशक, अमिताभ यश, अपर पुलिस महानिदेशक, कानून व्यवस्था ने जापान स्थित एनजीओ एफसी नोनो व नोजोमु फाउंडेशन के संस्थापक नोजोमु हगिहारा को पुष्पगुच्छ व स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। एफसी नोनो, फाउंडेशन के संस्थापक व उनकी टीम राजधानी से गुजरते समय पुलिस मुख्यालय में भेंट की। मुलाकात कार्यक्रम का समन्वय पुर्णेन्दू सिंह अपर पुलिस अधीक्षक व पुलिस महानिदेशक, के स्टाफ आफीसर तथा वाराणसी स्थित जापानी मंदिर से जुड़े संतोष कुमार सिंह ने किया। एफसी नोनो के साथ गिनिज बुक आफ इण्डिया की वीडियोग्राफी टीम भी आयी, जो पूरी यात्रा में लगातार उनके साथ रहेगी।

## उर्स मेले में युवक से मारपीट, जान से मारने की धमकी

**लखनऊ, (ग्रुप 5 सं)।** नगराम थाना क्षेत्र में आयोजित काजी साहब के उर्स के दौरान बीती रात एक युवक के साथ मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित मोहम्मद हसनैन निवासी चौधराना, नगराम ने आरोप लगाया है कि 8/9 अप्रैल की रात लगभग 12:30 बजे वह अपने मित्र सद्दाम के साथ उर्स मेले में मौजूद था। हसनैन के अनुसार, मिठाई लेने के दौरान भीड़ में धक्का-मुक्की के चलते उसका पैर नाली में चला गया, जिससे गंदे पानी की छींटे पास खड़े साजिद पुत्र स्व. जुबैर और उसके साथ मौजूद 5-6 अज्ञात लोगों पर पड़ गई। यह बात विपक्षियों को नागवार गुजरी और बिना कोई बातचीत किए उन लोगों ने हसनैन की लात-घूंसों से जमकर पिटाई कर दी।घटना से मेले में अफरा-तफरी मच गई। पीड़ित की चीख-पुकार सुनकर मौके पर मौजूद रईस अहमद और निज़ामुद्दीन ने बीच-बचाव कर हसनैन की जान बचाई।

# दबंगों ने स्कूली बस चालक व कंडेक्टर की पिटाई कर की तोड़फोड़, सहमे बच्चे



ग्रुप 5 संवाददाता

» साइड ना देने से नाराज थे दबंग
» स्कूली बच्चों को भी आयी मामूली चोटे

**लखनऊ।** मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के सिसेंडी निवासी रेहान खान ने बताया वो डीएलएफ गार्डेन सिटी में स्थित लखनऊ पब्लिक स्कूल की बस चलाता है। बताया जा रहा है कि मगंलवार को स्कूल में छुट्टी होने पर बस में 40बच्चो को बिठाकर उनके घरो में छोड़ने जा रहा था,तभी एक पल्सर बाइक से बस के बगल में आया। युवक साइड ना देने की बात कहते हुये गाली-गालौज करने लगा और जबरन बस रोककर कंडेक्टर नीरज पटेल से हाथा पाई करने लगा। अज्ञात युवक की अराजकता देख बस में बैठे बच्चे सहम गये ओर रोने बिलखने लगे। इस दौरान दबंग ने फोन कर अपने आधा दर्जन साथियो को बुला लिया और चालक व कंडेक्टर की जमकर पिटाई कर मोबाइल तोड़ दिया। आरोप है कि बस में तोड़फोड़ करते हुये शीशा तोड़ दिया। लोगों ने बताया कि इस दौरान बस में बैठे कुछ बच्चो को भी चोटे आई। दबंग करीब 40मिनट तक बस को रोककर बवाल करते रहे।सूचना के बाद पुलिस समेत स्कूल प्रशासन के लोग मौके पर पहुंचे तब जाकर दूसरी बस से बच्चो को उनके घरो को रवाना किया गया। पीड़ित बस चालक ने मारपीट समेत बस में तोड़फोड़ करने वाले अज्ञात दबंगो पर कार्यवाही के लिये पुलिस को लिखित तहरीर दी है। एसीपी रजनीश वर्मा ने बताया पीड़ित चालक ने तहरीर दी है। जांच के बाद मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की जायेगी।

# एक लाख रुपये का इनामी बदमाश एनकाउंटर में ढेर



**लखनऊ, (ग्रुप 5 सं)।** उत्तर प्रदेश की मैनपुरी पुलिस और एसटीएफ आगरा यूनिट को जॉइंट ऑपरेशन में एक बड़ी कामयाबी मिली है। दोनों टीमों की संयुक्त कार्रवाई में जनपद हाथरस के थाना हाथरस जंक्शन से हत्या के मामले में वॉन्टेड एक लाख रुपये का इनामी बदमाश जितेंद्र उर्फ जीतू मारा गया है। जीतू जिले के थाना हाथरस जंक्शन क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले पहाड़पुर का निवासी था। यह मुठभेड़ मैनपुरी जिले में थाना एलाऊ के तारापुर कट पुलिया पर हुई। पुलिस ने उसके कब्जे से एक अवैध .32 बोर पिस्टल, कई कारतूस, और एक मोटरसाइकिल बरामद की।बता दें कि मुठभेड़ के बाद जीतू को घायल अवस्था में जिला अस्पताल ले जाया गया था, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस के अनुसार, जितेंद्र लंबे समय से फरार था और उसके खिलाफ हत्या, लूट, डकैती, और हथियारों के अवैध उपयोग जैसे गंभीर अपराधों के 13 मामले दर्ज थे। जितेंद्र उर्फ जीतू का आपराधिक रिकॉर्ड लंबा और संगीन था।

# कैब चालक ने लिफ्ट देकर महिला से दुष्कर्म का किया प्रयास, गिरफ्तार

**महिला ने कार का दरवाजा खोला और कार से बाहर कूद गई**



**लखनऊ, (ग्रुप 5 सं)।** राजधानी में रास्ता पूछने के बहाने कैब चालक ने कार रोक कर लिफ्ट देने के बहाने महिला को बैठा लिया। रास्के में उसके साथ दुष्कर्म की कोशिश की। महिला ने किसी तरह कार से कूदकर अपनी जान बचाई। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर आरोपी कैब चालक अनुपम तिवारी को गिरफ्तार कर लिया है। पीड़ित महिला के मूताबिक् वह नगराम की रहने वाली है वह महिला पीजीआई क्षेत्र के एक अपार्टमेंट में काम करती हैं। शनिवार को शाम साढ़े चार बजे वह काम खत्म कर घर वापस जा रही थी। सरथुआ के पास पहुंचने पर पीछे से एक कार उनके पास आकर रुकी। कार चालक ने उनके खुजौली जाने का रास्ता पूछा। महिला ने रास्ता बता दिया। चालक ने रास्ते की जानकारी नहीं होने की बात कही और कुछ देर तक बातें करता रहा। झांसे में लेकर चालक ने महिला को उसके गंतव्य तक छोड़ने की बात कही और कार में बैठा लिया। महिला का आरोप है कि कुछ दूर आगे जाने के बाद चालक उनसे छेड़छाड़ करने लगा। महिला ने विरोध किया तो आरोपी ने कार की रफ्तार बढ़ा दी और कार से धक्का देने की धमकी देने लगा। डर के मारे महिला काफी देर तक सहती रही। आगे आरोपी ने बरकत नगर के पास कार रोकी। मौका पाकर महिला ने दरवाजा खोला और कार से बाहर कूद गई और शोर मचाने लगी। लोग मदद के लिए आगे बढ़े तो कैब चालक भाग निकला। पीड़िता ने घर जाकर परिजनों को आपबीती सुनाई। इसके बाद रविवार को थाने में शिकायत दर्ज कराई गई। पीजीआई इंस्पेक्टर धीरेंद्र सिंह ने बताया किनए कानून के तहत आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म की एफआईआर दर्ज की गई है। कार नंबर के आधार पर आरोपी खुजौली निवासी अनुपम तिवारी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## बगल में सोते रहे परिजन लाखों कीमत की तीन भैंसे चोरी

**लखनऊ, (ग्रुप 5 सं)।** बीती रात चोरों ने लाखों कीमत की तीन भैंसे चोरी कर ले गए नींद खुलने के बाद भैंस नही देख किसान ने पुलिस कंट्रोल रूम फोन किया और रहीमाबाद थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराने की मांग की है। रहीमाबाद थाना क्षेत्र के कैथुलिया गांव की निवासिनी देवकली ने तहरीर देकर आरोप लगाया कि उनका गांव के किनारे खेत में ट्यूबवेल लगा हुआ है। जहां पर मवेशियों के रहने की व्यवस्था है और पूरा परिवार भी वही रहता है। सोमवार रात परिवार खाना खाकर सो गए रात लगभग 12 बजे कुत्तों के भौंकने की आवाज आई उन्होंने उठकर आसपास देखा उन्हें कुछ नहीं दिखाई दिया और उनकी तीनों भैंसे बंधी हुई थी। उसके बाद देवकली लेट गई और उन्हें भी नींद आ गई रात लगभग 1 बजे उनके पति जिनका एक्सीडेंट से पैर टूट गया था देवकली को जगा कर भैसे देखने की बात कही। बाहर निकल देवकली ने भैसे नही बंधी देखकर परेशान हो गई क्योंकि तीन भैसों की कीमत लगभग 3 लाख रुपए की थी। उन्होंने तत्काल डायल 112 पुलिस कंट्रोल रूम फोन किया सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने आसपास तलाश की पर भैंसों का पता नहीं चला।

# खोई हुई बच्ची को पुलिस ने परिजनों को सौंपा



ग्रुप 5 संवाददाता

**लखनऊ।** पूर्वी जोन - चिनहट कोतवाली प्रभारी एसओ भरत पाठक कि मेहनत लाई रंग। चार वर्षीय खोई बच्ची को मटियारी चौकी पर तैनात उप निरीक्षक समेत अन्य पुलिसकर्मियों ने लापता मासूम को खोजकर परिजनों को सौंपा। खोई हुई बच्ची पाकर परिवार में खुशी का माहौल। चिनहट पुलिस को किया धन्यवाद।


**उत्तर रेलवे**

**खुली निविदा सूचना (ई–निविदा)**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि 22.05.2025 को 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल आफर स्वीकार नहीं किये जायेगें यदि कोई मैनुवल आफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदाकर्ता निविदा फार्म का मूल्य व धरोहर राशि का भुगतान केवल ireps पोर्टल पर उपलब्ध आनलाईन भुगतान प्रणाली में नेट बैकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड इत्यादि किया जायेगा। डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर चेक, डिपाजिट रसीद एफ डी आर द्वारा भुगतान स्वीकार नहीं किये जायेगे

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा सूचना संख्या | 04602025 दिनांकः- 28.04.2025 |
| 2 | निविदा सख्या | 05-Sr-DEN-VI-LKO-2025-26 |
| 3 | कार्य का नाम | वरि. मण्डल इंजीनियर-VI, लखनऊ के अधिकार के क्षेत्र में सहायक मण्डल इंजीनियर–प्रयाग के अन्तर्गत मैनुअल TSR (P)= 6.00 TKM और TRR (P)= 18.00 TKM का कार्य। |
| 4 | अनुमानित लागत | Rs. 1,68,38,822.72 |
| 5 | धरोहर राशि | Rs. 2,34,200.00 |
| 6 | कार्य की समापन अवधि | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से छः माह। |
| 7 | निविदा डालने का प्रारंभ | 08.05.2025 |
| 8 | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 22.05.2025 15:00 बजे |
| 9 | वेबसाइट | www.ireps.gov.in |

नोट : निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। 1251/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

**खुली निविदा सूचना (ई-निविदा)**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि **19.05.2025** को **15:00 बजे** तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल आफर स्वीकार नहीं किये जायेगें यदि कोई मैनुवल आफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

| | |
|---|---|
| 1 | **निविदा सूचना संख्याः** 04502025 दिनांक 25.04.2025 |
| 2 | **निविदा संख्याः (1)** 05/Sr.DEN-I/LKO/2025-26 |
| 3 | **कार्य का नामः (1)** वरिष्ठ मंडल इंजीनियर/प्रथम/लखनऊ के अधीन टीटीआर (एफ एस+टी डब्ल्यू एस+डब्ल्यू सी एम एस सी) - 23 सेट (1:8.5 - 14 सेट और 1:12 - 9 सेट) और टीटीआर (एफ एस+सी एस+सी एम एस सी) - 6 सेट (डायमंड क्रॉसिंग) और उतरतिया - लखनऊ -आलमनगर सेक्शन के बीच टीएफआर =11.00 किमी.। |
| 4 | **अनुमानित लागतः (1)** Rs. 3,07,54,686.03 |
| 5 | **धरोहर राशिः (1)** Rs. 3,03,800/- |
| 6 | **कार्य की समापन अवधिः** क्र. सं. 01 के लिये।स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से नौ माह। |
| 7 | **निविदा डालने की प्रारंभ तिथिः** 05.05.2025 |
| 8 | **निविदा बंद होने की तिथि एवं समयः** 19.05.2025 15:00 बजे |
| 9 | **वेबसाईटः www.ireps.gov.in** |

**नोटः** 1. निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। **1255/2025**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

**खुली निविदा सूचना (ई–निविदा)**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक **21.05.2025 को 15.00 बजे तक** आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल आफर स्वीकार नहीं किये जायेंगे। यदि कोई मैनुयल ऑफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा सूचना संख्या | 04702025 दिनांक 29.04.2025 |
| 2 | निविदा संख्या | 05-Sr.DEN-II-LKO/2025-26 |
| 3 | कार्य का नाम | प्रतापगढ़ लखनऊ खंड पर–रायबरेली–एलसी नंबर/99सी किमी) (931.082, /123सी (962.32 किमी),/165सी किमी) (1012.167, /166सी (1012.854 किमी) और /167सी किमी) (1014.341 के बदले आरयूबी का प्रावधान। |
| 4 | अनुमानित लागत | रु. 24,41,30,022.75 |
| 5 | धरोहर राशि | रु. 13,70,700.00 |
| 6 | कार्य की समापन अवधि | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से 15 माह |
| 7 | निविदा डालने का प्रारंभ | 07.05.2025 |
| 8 | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 21.05.2025 को 15:00 बजे |
| 9 | वेबसाईट | www.ireps.gov.in |

नोटः– 1. निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। **1259/2025**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# एलयू की प्रोफेसर डॉ. काकोटी का नया पोस्ट, दी सफाई

» बोलीं-मरते दम तक देश के साथ खड़ी रहूंगी
» उन्होंने कहा है कि वह अपनी बात समझा नहीं पाईं
» आतंकवाद शब्द केवल पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों के लिए था




Dr.Medusa @ms_medusssa

पहलगाम में हुए नृशंस आतंकवादी हमले पर सरकार से सवाल पूछते वीडियो और ट्वीट के संदर्भ में मैं यह स्पष्टीकरण देना चाहती हूं:

मेरे द्वारा किए गए ट्वीट और बनाए गए वीडियो में आतंकवादी/आतंकी शब्द सिर्फ़ और सिर्फ़ पाकिस्तान द्वारा समर्थित और प्रायोजित आतंकवादियों के लिए है, जिन्होंने पहलगाम में धर्म पूछकर भारतीयों की निर्मम हत्या को अंजाम दिया। इन सभी आतंकवादियों की और ऐसे पाकिस्तान समर्थित हमले की जितनी निंदा की जाए कम है। भारत की अस्मिता और अक्षुण्णता के लिए ऐसी विषम परिस्थिति में हम सभी को एकजुट रहने की सबसे ज्यादा आवश्यकता है। मेरा हर ट्वीट, हर वीडियो इसी बात को बार बार दोहराता है और दोहराता रहेगा।

मुझे अत्यंत दुःख है कि एक शिक्षक होते हुए भी मैं यह समझा नहीं पाई कि मेरा आशय क्या था। भाषा विज्ञान की डिग्री रखते हुए भी मेरी भाषा इतनी साफ नहीं हो पाई कि मेरे देशवासियों तक मेरा संदेश सीधा पहुंचे। देश में एकता और शांति का संदेश। मैने कभी नहीं सोचा था कि मेरे संविधान द्वारा कहे गए मेरे दायित्वों का पूर्ण श्रद्धा से निर्वहन करते हुए मुझे पाकिस्तान से जोड़ा जायेगा। इससे मेरी और मेरे विश्वविद्यालय की आत्मा पर चोट लगी है, हमारी छवि धूमिल हुई है। मेरी देशभक्ति पर सवाल खड़ा हुआ है, मुझे इस बात का खेद है कि मेरे शब्दों के अर्थ का अनर्थ हुआ है और आपको दुख पहुंचा है।

मैं कल भी अपने देश और देश के लोगों के साथ खड़ी थी। आज भी हूं, और मरते दम तक रहूंगीं।
जय हिंद। जय संविधान।

**लखनऊ, (ग्रुप 5 सं.)।** मंगलवार शाम को एलयू की प्रोफेसर डॉ. काकोटी ने 'एक्स' पर अपने पिछले बयानों पर सफाई देते हुए एक नया पोस्ट किया है जिसमे वह बोलीं-मरते दम तक देश के साथ खड़ी रहूंगी, उन्होंने कहा है कि वह अपनी बात समझा नहीं पाईं। उन्होंने आतंकवाद शब्द केवल पाकिस्तान द्वारा समर्थित आतंकवादियों के लिए किया था। दरअसल, उन्होंने सोशल मीडिया पर कहा था कि धर्म पूछकर बुलडोजर चलाना भी आतंकवाद है। असली आतंकी पहचानो। उनके इस पोस्ट और एक वीडियो पोस्ट को पाकिस्तान से री-पोस्ट किया जाने लगा। इसके बाद विश्वविद्यालय के छात्र संगठन उनके खिलाफ उतर आए। उनके खिलाफ हसनगंज थाने में एफआईआर हो गई साथ ही यूनिवर्सिटी की ओर से नोटिस देकर पांच दिनों के अंदर जवाब देने को कहा है। अपने पोस्ट में उन्होंने ये माना कि लैंग्वेज साइंस के प्रोफेसर होने के बावजूद वह अपनी बात का सही अर्थ लोगों तक पहुंचाने में असफल रहीं। वहीं, इस कदम को जानकार लोग संभावित कठोर कार्रवाई से बचने के लिए डॉ काकोटी का डैमेज कंट्रोल मान रहे हैं।

### मेरे विश्वविद्यालय की आत्मा को चोट लगी

इससे मेरी और मेरे विश्वविद्यालय की आत्मा पर चोट लगी है, हमारी छवि धूमिल हुई है। मेरी देशभक्ति पर सवाल खड़ा हुआ है, मुझे इस बात का खेद है कि मेरे शब्दों के अर्थ का अनर्थ हुआ है और आपको दुख पहुंचा है। मैं कल भी अपने देश और देश के लोगों के साथ खड़ी थी। आज भी हूं, और मरते दम तक रहूंगीं। जय हिंद। जय संविधान।

### मैं समझा नहीं पाई अपना आशय

मेरा हर ट्वीट, हर वीडियो इसी बात को बार बार दोहराता है और दोहराता रहेगा। मुझे अत्यंत दुःख है कि एक शिक्षक होते हुए भी मैं यह समझा नहीं पाई कि मेरा आशय क्या था। भाषा विज्ञान की डिग्री रखते हुए भी मेरी भाषा इतनी साफ नहीं हो पाई कि मेरे देशवासियों तक मेरा संदेश सीधा पहुंचे। देश में एकता और शांति का संदेश। मैने कभी नहीं सोचा था कि मेरे संविधान द्वारा कहे गए मेरे दायित्वों का पूर्ण श्रद्धा से निर्वहन करते हुए मुझे पाकिस्तान से जोड़ा जायेगा।

### ट्वीट में क्या कहा

पहलगाम में हुए नृशंस आतंकवादी हमले पर सरकार से सवाल पूछते वीडियो और ट्वीट के संदर्भ में में यह स्पष्टीकरण देना चाहती हूं। मेरे द्वारा किए गए ट्वीट और बनाए गए वीडियो में आतंकवादी-आतंकी शब्द सिर्फ और सिर्फ पाकिस्तान द्वारा समर्थित और प्रायोजित आतंकवादियों के लिए है, जिन्होंने पहलगाम में धर्म पूछकर भारतीयों की निर्मम हत्या को अंजाम दिया। इन सभी आतंकवादियों की और ऐसे पाकिस्तान समर्थित हमले की जितनी निंदा की जाए कम है। भारत की अस्मिता और अक्षुण्णता के लिए ऐसी विषम परिस्थिति में हम सभी को एकजुट रहने की सबसे ज्यादा आवश्यकता है।

## युवक की बाइक व मोबाइल चोरी मामले में मुकदमा दर्ज

**लखनऊ, (ग्रुप 5 सं)।** मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के कनकहा निवासी अमित कुमार ने शनिवार को थाना समाधान दिवस में एसीपी रजनीश वर्मा से शिकायत करते हुये बताया था उसके बहनोई नीरज निवासी बाजुपुर थाना गोसाईगंज 24 अप्रैल की रात 11:00 बजे के करीब कनकहा आने के लिये मोहनलालगंज की बिन्दौवा रेलवे क्रासिंग पार कर रहे थे तभी गेट का फाटक उनके सिर में लग गया ओर वो बेहोश हो गये, जिसके बाद कुछ राहगीरो ने उनको किनारे लिटा दिया? अगले दिन सुबह जब बहनोई को होश आया तो उनकी बाइक व मोबाइल फोन गायब था। पीड़ित की शिकायत को गम्भीरता से लेते हुये एसीपी ने जांच के बाद कार्यवाही के निर्देश पुलिस को दिये थे, पुलिस ने जांच के बाद मामला सही पाये जाने पर सोमवार को अज्ञात चोरो पर मुकदमा दर्ज कर तलाश में जुट गयी है।

# उपमुख्यमंत्री ने मेडिकल कॉलेज की स्वास्थ्य सेवाओं की किया समीक्षा, जनपद को मिलेगी उच्च कोटि की स्वास्थ्य सेवा

ग्रुप 5 संवाददाता




**अंबेडकरनगर ।** उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत तहसील जलालपुर में कार्यक्रम स्थल नरेंद्र देव इंटर कॉलेज परिसर जलालपुर में आगमन हुआ। जहां पर जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला, पुलिस अधीक्षक केशव कुमार, अपर जिलाधिकारी डॉ. सदानंद गुप्ता, जिला अध्यक्ष भाजपा त्रयंबकम तिवारी, अन्य अधिकारियों, अन्य जनप्रतिनिधि तथा गणमान्य नागरिकों द्वारा पुष्प गुच्छ देकर उप मुख्यमंत्री का स्वागत किया गया। सर्वप्रथम उपमुख्यमंत्री द्वारा नरेंद्र इंटर कॉलेज में नव निर्मित विज्ञान प्रयोगशाला का लोकार्पण तथा स्वर्गीय अनिरुद्ध सिंह की प्रतिमा का अनावरण किया गया तथा एक पौधा मां के नाम के तर्ज पर हरिशंकरी वृक्ष(बरगद, पीपल तथा पाकड़) का वृक्षारोपण किया गया। तत्पश्चात मंत्री द्वारा जनसभा को संबोधित किया गया। इसके उपरांत उपमुख्यमंत्री द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जलालपुर का निरीक्षण किया गया। उन्होंने 30 शैय्या मातृ एवं शिशु कल्याण केंद्र का जायजा लिया गया। उन्होंने पांच गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की तथा तीन लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड वितरित किया। साथ ही साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के क्षय रोग कक्ष, ओपीडी कक्ष,आईपीडी कक्ष, लेबर रूम, टीकाकरण कक्ष का जायजा लिया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के निरीक्षण के उपरांत उपमुख्यमंत्री जी द्वारा स्वास्थ्य विभाग अधिकारियों के साथ स्वास्थ्य सेवाओं के संबंध में समीक्षा बैठक किया गया। उन्होंने स्वास्थ्य सेवाएं एवं मेडिकल कॉलेज की बिंदुवार समीक्षा की। बैठक के दौरान उप मुख्यमंत्रीद्वारा निर्देशित किया गया कि अस्पताल में जो भी दिक्कतें हैं उनको दूर करने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। अपर निदेशक स्वास्थ्य अयोध्या मंडल अयोध्या को निर्देशित किया गया कि सभी अस्पतालों की गहन समीक्षा करके रिपोर्ट एक सप्ताह में प्रेषित करें। फायर सेफ्टी एडिटिंग का कार्य चल रहा है। सेफ्टी ऑडिट रिपोर्ट मंडल से प्रेषित हेतु निर्देशित किया गया।सभी अस्पताल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, जिला अस्पताल, मेडिकल कॉलेज का भी फायर ऑडिट रिपोर्ट अयोध्या मंडल अयोध्या से मांगा गया।जनपद अंबेडकर नगर के लोगों को उच्च कोटि चिकित्सा सुविधा सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि अस्पताल में जो कमियां है उसे जल्द से जल्द दूर कर दिया जाए। बैठक के दौरान अपर निदेशक स्वास्थ्य अयोध्या मंडल अयोध्या, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी, चिकित्सा अधीक्षक सीएचसी जलालपुर,डीपीएम तथा अन्य अधिकारी/ कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।

## दो पक्षों के विवाद में गोली चली, एक की मौत

**शाहजहांपुर ।** शाहजहांपुर जिला मुख्यालय के कोतवाली क्षेत्र में दो पक्षों में कहासुनी के बाद गोलीबारी में घायल एक व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक (एसपी) राजेश द्विवेदी ने मंगलवार को बताया कि थाना कोतवाली अंतर्गत अजीजगंज मोहल्ले में सोमवार देर रात दो पक्षों में आपस में कहासुनी के बाद दोनों ओर से लाठी डंडों से एक दूसरे पर प्रहार किए गए। उन्होंने बताया कि इस दौरान एक पक्ष ने गोलीबारी कर दी जिसमें तीन भाइयों कमलेश (40), जितेंद्र (32) तथा अखिलेश (28) को गोली लग गई। घटना की जानकारी पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल तीनों भाइयों को अस्पताल में भर्ती कराया जहां इलाज के दौरान कमलेश (40) की मौत हो गई। द्विवेदी ने बताया कि एक टीम गठित करके आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी के निर्देश दिए गए, जिसके बाद पुलिस ने आरोपी रामनिवास तथा सुमित को हिरासत में ले लिया है और उनसे पूछताछ की जा रही है। **(भाषा)**

## फतेहपुर विद्युत संविदा कर्मचारियों ने किया धरना प्रदर्शन

**फतेहपुर बाराबंकी, (ग्रुप 5 सं.)।** विद्युत वितरण उप खंड कार्यालय पर विद्युत संविदा कर्मचारियों ने धरना प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने कार्पोरेशन द्वारा की जा रही कर्मचारी छंटनी और दो माह से वेतन न दिए जाने पर विरोध जताया। कर्मचारियों ने चेतावनी दी है की अगर तीस अप्रैल तक उनका बकाया वेतन नहीं दिया जाता है और कर्मचारी छंटनी का आदेश वापस नहीं लिया जाता है तो एक मई से पूर्ण कार्य बहिष्कार किया जायेगा। यह कार्य बहिष्कार संगठन के नेतृत्व में किया जाएगा। धरना प्रदर्शन के दौरान संगठन अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह, संरक्षक शंकर सिंह, कोषाध्यक्ष शिवम अवस्थी, फुरकान ख़ान, मनोज सिंह, नितेश विश्वकर्मा, आशीष सैनी, सूरज यादव, दिनेश कुमार, नागेन्द्र कुमार, विनोद कुमार, रमापति,अंशुल निगम, अमित वर्मा, शिव करन, कपूर सहित रेग्युलर एवं संविदाकर्मी मौजूद रहे।



## प्रेमिका से मिलने गए युवक की गोली मारकर हत्या, आरोपी हिरासत में

**इटावा।** जिले में प्रेमिका से मिलने गए एक युवक की कथित तौर पर गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि चौविया थानाक्षेत्र के खेडाहेलू गांव में हुई घटना के संबंध में आरोपी को हिरासत में ले लिया गया है। चौविया थाना प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) विपिन कुमार ने बताया कि सोमवार-मंगलवार की दरमियानी रात लवकुश (18) नाम के युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। उन्होंने बताया कि हत्या उस समय हुई, जब युवक इसी गांव में रहने वाली अपनी प्रेमिका से उसके घर मिलने गया था। अधिकारी ने बताया कि रात के सन्नाटे में गोलियों की तडतडाहट से गांव वालों की नींद खुल गई और जब गांव वाले मौके पर पहुंचे तो उन्होंने देखा कि अनिल कुमार नाम के व्यक्ति के घर के सामने गली में लवकुश का शव खून से लथपथ पड़ा था। उन्होंने बताया कि लवकुश के परिवार के लोग मौके पर पहुंचे और घटना की सूचना पुलिस को दी। अधिकारी ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच में सामने आया कि औरैया जिले का रहने वाला लवकुश अपने बहनोई-बहन के घर खेडहेलू में रह रहा था और उसका आरोपी की बेटी के साथ प्रेम संबंध था।उन्होंने बताया कि लवकुश रात को प्रेमिका से मिलने उसके घर गया था और वह घर की दीवार के सहारे ऊपर चढने की कोशिश कर रहा था कि तभी आरोपी ने उसे गोली मार दी। **(भाषा)**

## सांसद तनुज पुनिया ने ग्राम नानमऊ में बनी पानी की टंकी का किया उद्घाटन

**जैदपुर बाराबंकी, (ग्रुप 5 सं.)।** जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत विकास खण्ड हरख के राजस्व ग्राम नानमऊ में निर्मित पानी की टंकी गांव के हर घर तक स्वच्छ और सुरक्षित पेय जल पहुंचाने की दिशा मे ये योजना मील का पत्थर साबित होगी।ये सिर्फ एक पानी की टंकी ही नही बल्कि, ग्रामवासियों के स्वास्थ, गरिमा और जीवन की गुणवत्ता को बेहतर बनाने की दिशा में उठाया गया मजबूत कदम है। जिस प्रकार आजादी से पहले कांग्रेस पार्टी ने देश को आजाद कराने में अहम भूमिका निभाई थी,उसी तरह आज हर नागरिक को स्वच्छ जल, शिक्षा, स्वास्थ और रोजगार जैसे बुनियादी अधिकार दिलाने के लिये कार्य कर रही है। दो करोंड़ पैंतालिस लाख इकत्तीस हजार की लागत से बनी ये पानी की टंकी गांव के हर घर को पानी पहुंचायेगी और हमारी माँ बहनों को दूर दराज से पानी लाने की समस्या से निजात मिलेगी और ग्रामवासियों को स्वच्छ जल मिलेगा जिससे स्वास्थ सम्बन्धी समस्याओं से निजात मिलेगी।उक्त उद्गार स्थानीय सांसद तनुज पुनिया ने आज विकास खण्ड हरख के ग्राम नानमऊ में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण) विभाग द्वारा दो करोंड़ पैंतालिस लाख इकत्तीस हजार रूपये की लागत से बनी पानी की टंकी का उद्घाटन करने के पश्चात आयोजित कार्यक्रम में ग्रामवासियों के बीच व्यक्त किये। विकास खण्ड हरख के ग्राम नानमऊ में पानी की टंकी के उद्घाटन के अवसर पर मुख्य रूप से स्थानीय सांसद तनुज पुनिया,अधिशासी अभियंता जल निगम,अमित कुमार, सहायक अभियन्ता आशीष कुमार त्रिवेदी, अवर अभियन्ता कीर्ती त्रिवेदी, अनुबंधित फर्म के प्रोजेक्ट मैनेजर विजय कटारिया, ग्राम प्रधान सुधीर वर्मा, प्रदेश कांग्रेस के सदस्य रामानुज यादव रामशंकर रावत, जसवंत वर्मा, आकाश वर्मा, जितेन्द्र वर्मा तथा ग्रामवासी मौजूद थे।



## पारूल ने यूपी पुलिस में भर्ती होकर किया माता-पिता का नाम रौशन

**रामनगर बाराबंकी, (ग्रुप 5 सं.)।** तहसील रामनगर क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम मलिहामऊ निवासी राजू शुक्ला की पुत्री पारूल ने यूपी पुलिस में भर्ती होकर अपने माता-पिता और परिवार का नाम रोशन किया। पारुल ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता और परिजनो को दिया है।पारूल शुक्ला ने महारानी लक्ष्मी बाई इन्टर कॉलेज बाराबंकी से इंटरमीडिएट किया तथा कांति महाविद्यालय अमराई गांव से बीएससी करने के बाद चौधरी चरण सिंह महाविद्यालय से डीएलएड कर रही थी। पुलिस परीक्षा के लिए सभी तैयारियां ऑनलाइन कोचिंग के माध्यम से किया था। एक भाई तथा दो बहनों के बीच में पारुल सबसे छोटी है और उसकी मां रेनू शुक्ला ग्रहणी है।



## शादी का झांसा देकर युवती के साथ बलात्कार

**नोएडा ।** नोएडा के फेस-वन थानाक्षेत्र में कथित रूप से शादी का झांसी देकर एक युवती से काफी दिनों तक बलात्कार करने को लेकर एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने यह जानकारी दी। थाना प्रभारी अमित कुमार मान ने युवती की शिकायत के हवाले बताया कि सोशल मीडिया के माध्यम से उसका (युवती का) सुमित से परिचय हुआ जो बाद में दोस्ती में बदल गई। मान के अनुसार सुमित ने शादी का झांसा देकर युवती के साथ काफी दिनों तक बलात्कार किया। **(भाषा)**

## बिजली ट्रांसफॉर्मर चोरी में शामिल 12 आरोपी मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार

**मुजफ्फरनगर।** पुलिस ने बिजली ट्रांसफॉर्मर चोरी में शामिल एक अंतर्जनपदीय गिरोह का राजफाश करते हुए 12 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि मुठभेड़ के दौरान गोली लगने से इस गिरोह के चार सदस्य घायल हो गए। पुलिस के अनुसार मंसूरपुर थाना क्षेत्र में मंसूरपुर-शाहपुर रोड पर सोमवार की रात एक मुठभेड़ के बाद यह गिरफ़्तारी हुई। पुलिस ने चोरी किया गया करीब 300 किलोग्राम तांबा, 700 किलोग्राम ट्रांसफॉर्मर तार, अपराध में इस्तेमाल किया गया एक ट्रक और कई अवैध हथियार भी बरामद किए हैं। बरामद की गई सामग्री की कुल कीमत सात लाख रुपए आंकी गई है। पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) रूपाली राव ने पत्रकारों को बताया, पुलिस ने चोरी के बिजली के उपकरण ले जा रहे एक कैंटर ट्रक को रोका। रुकने का इशारा करने पर संदिग्धों ने पुलिस टीम पर गोलीबारी शुरू कर दी। **(भाषा)**

## संक्षिप्त समाचार

### गाली का विरोध करने पर पति ने पत्नी का सिर मूंड दिया

**भदोही ।** जिले में एक हैरतअंगेज मामला सामने आया है जिसमें एक सिरफिरे व्यक्ति ने गाली गलौज का विरोध करने पर अपनी पत्नी को पीटने के बाद उसका सिर मूंड दिया। पुलिस ने बताया कि इस मामले में 29 वर्षीय बबीता ने रविवार को औराई थाना में अपने पति राम सागर के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की सुसंगत धाराओं के तहत मामला दर्ज कराया है। पुलिस आरोपी पति की तलाश कर रही है। पुलिस निरीक्षक अंजनी कुमार राय ने बताया कि औराई थाना के बड़ा सीयुर गाँव का निवासी राम सागर गत 24 अप्रैल की रात एक बजे किसी बात को लेकर पत्नी बबीता को गाली देने लगा जिसका विरोध करने पर राम सागर ने उसे जान से मारने की धमकी दी। उन्होंने बताया कि इसके बाद आरोपी ने अपनी पत्नी को बुरी तरह मारपीट कर घायल कर दिया और फिर उसने किसी धारदार चीज़ से बबीता का सिर मूंड दिया। राय ने बताया कि घटना के दूसरे दिन बबीता ने अपनी मां उर्मिला देवी को फोन कर आपबीती बताई। उनके अनुसार, रात को उसकी माँ अपनी बेटी के ससुराल से उसके सिर को कपड़े से ढककर उसे मायके ले आई। उन्होंने बताया कि मां-बेटी रविवार की रात औराई थाना पहुंचीं और तहरीर देकर राम सागर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। राय ने बताया कि सोमवार को पुलिस राम सागर के घर पहुंची लेकिन वह घर पर नहीं मिला। पुलिस उसकी तलाश कर रही है।**(भाषा)**

### पाकिस्तानी महिला ने भारत में रहने की गुहार लगाई

**बुलंदशहर ।** बुलंदशहर में रहने वाली पाकिस्तान की एक महिला ने भारत सरकार से गुहार लगाई है कि उसे उसके भारतीय पति के साथ इसी देश में रहने की अनुमति दी जाए। पहलगाम आतंकी हमले के मद्देनजर केंद्र सरकार ने सभी पाकिस्तानी नागरिकों को वापस भेजने के निर्देश दिए हैं। मंगलवार को यहां खुर्जा में पत्रकारों से बातचीत में पाकिस्तान में इस्लामाबाद की रहने वाली मरियम ने बताया कि उसकी शादी तीन साल पहले खुर्जा के आमिर से हुई थी। दो महीने पहले उसे वीजा मिला था और यहां आने के फौरन बाद उसने लॉन्ग टर्म वीजा (दीर्घ कालिक वीजा) के लिए आवेदन कर दिया था। उसने कहा कि वह शादी करके अपना मुल्क छोड़कर यहां आई है और अब यही उसका मुल्क है। मरियम ने कहा कि जहां उसका पति रहता है, वही उसका देश है और वह यहां से वापस नहीं जाना चाहती। उसकी सरकार से अपील है कि उसे भारत में रहने दिया जाए। मरियम ने कहा कि पहलगाम में हुए हमले का उसे बेहद अफसोस है और घटना को अंजाम देने वालों को इसकी सजा मिलनी चाहिए लेकिन उसे वापस न भेजा जाए। केंद्र सरकार के आदेश के बाद अल्पावधि वीजा पर बुलंदशहर में रह रही चार पाकिस्तानी महिलाओं को पहले ही वापस भेजा जा चुका है। मरियम जिले में बची एकमात्र पाकिस्तानी नागरिक है। पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) डॉ तेजवीर सिंह ने बताया कि मरियम के आवेदन पर दिशा निर्देश आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। **(भाषा)**

### ट्रेन की चपेट में आने से बुजुर्ग महिला और एक युवक की मौत

**अमेठी।** जिले में दो अलग-अलग दुर्घटनाओं में ट्रेन की चपेट में आने से एक बुजुर्ग महिला और एक युवक की मौत हो गई। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि जिले के संग्रामपुर थानाक्षेत्र के सहजीपुर के निकट रेलवे लाइन पार करते समय ट्रेन की चपेट में आने से 70 वर्षीय बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि वहीं जगदीशपुर थानाक्षेत्र में मालगाड़ी की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, प्रतापगढ़ जिले के अंतु थानाक्षेत्र के कल्याणपुर गांव निवासी उतरहिन सरोज (70) अपने मायके जा रही थी कि तभी लखनऊ-वाराणसी रेल खंड के सहजीपुर के पास रेल लाइन पार करते समय एक इंटरसिटी एक्सप्रेस की चपेट में आने से उनकी मौके पर मौत हो गई। संग्रामपुर थाना प्रभारी निरीक्षक संदीप राय ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर विधिक कार्यवाई की जा रही है। अधिकारी ने बताया कि अमेठी जिले के जगदीशपुर थानाक्षेत्र के लखनऊ-वाराणसी रेल खंड पर बडागांव के पास मालगाड़ी की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई। निहाल गढ़ रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के निरीक्षक अजय कुमार ने बताया कि अज्ञात युवक का शव बड़ागांव के पास रेलवे लाइन पर मिला और उसकी मौत मालगाड़ी से टकराने के बाद हुई है।उन्होंने बताया कि युवक की उम्र लगभग 25 वर्ष होगी। अधिकारी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया और मृतक की पहचान का प्रयास किया जा रहा है। **(भाषा)**

### निर्माणाधीन पुल गिरने से मलबे में दबने के कारण छह मजदूर घायल

**महराजगंज।** जिले के पुरंदरपुर थाना क्षेत्र में एक निर्माणाधीन पुल के अचानक ढह जाने से उसके मलबे में दबने के कारण कम से कम छह मजदूर घायल हो गए। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि पुरंदरपुर थाना क्षेत्र के मोहनापुर ढाला में सोनौली-गोरखपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर सडक़ निर्माण कार्य किया जा रहा है और वहां एक निर्माणाधीन पुल अचानक ढह जाने से उसके मलबे में दबने के कारण आधा दर्जन मजदूर घायल हो गए। पुलिस हादसे के बाद तत्काल मौके पर पहुंची और घायल मजदूरों को फरेंदा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) ले जाया गया है। पुरंदरपुर थाना प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि राजमार्ग के निर्माण कार्य के दौरान यह हादसा हुआ। उन्होंने बताया कि सभी घायल मजदूरों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है और उनकी हालत खतरे से बाहर है। उन्होंने बताया कि जेसीबी मशीन की मदद से मलबा हटाने का काम पूरा कर लिया गया है।**(भाषा)**

## दरिंदों ने विक्षिप्त महिला की इज्जत को किया तार-तार, पुलिस ने किया गिरफ्तार

**अम्बेडकरनगर, (ग्रुप 5 सं.)।** जिले के बसखारी थाना क्षेत्र में दरिंदो ने एक विक्षिप्त महिला के साथ अपनी हवस को पूरा करने के लिए उसके साथ दरिंदगी की सीमाएं पार कर देने वाला सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। ज्ञातव्य हो कि जनपद मुख्यालय के बसखारी थाना क्षेत्र में एक बार फिर दरिंदगी की सीमाएं पार कर विक्षिप्त महिला की आबरू को लूट लेने वाली वारदात को दरिंदो ने अंजाम दिया है। बसखारी पुलिस ने घटना की सूचना मिलने पर त्वरित कार्रवाई करते हुए मुकदमा दर्ज कर दरिंदो को गिरफ्तार कर लिया है। आप को बता दें कि बसखारी थाना क्षेत्र में मानसिक रूप से विक्षिप्त महिला दरबदर की ठोकरें खाने पर मजबूर हो रही थीं। जिसका लाभ उठाने में कामयाब होने वाले दरिंदो ने विक्षिप्त महिला को अपनी हवस का शिकार 28 अप्रैल की बीती रात्रि में बनाने पर कामयाब हो गए। उल्लेखनीय हैं कि बसखारी थाना प्रभारी निरीक्षक संत कुमार सिंह द्वारा बताने के अनुसार विक्षिप्त महिला के साथ दरिंदगी के हदों की सीमाएं पार करने वाले आरोपी अमित गौड़ पुत्र प्रदीप गौड़, निवासी बसखारी व मनोज पुत्र कमरू निवासी सत्रही थाना सम्मनपुर के खिलाफ केस दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया गया है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक विक्षिप्त महिला को दरिंदो ने अपनी हवस का शिकार बनाया इस दौरान घटना को स्थानीय लोगों द्वारा देख लिया गया। स्थानीय लोगों ने दबी जुबान से बताया कि बसखारी थाना क्षेत्र में ही गत माह पूर्व एक दूसरी विक्षिप्त महिला को एक युवक द्वारा अपनी हवस को पूरा करने के लिए दरिंदगी की सीमाएं पार की गई थीं।

## जिलाधिकारी ने किया बाढ़ की तैयारियों की समीक्षा बैठक

**अम्बेडकरनगर, (ग्रुप 5 सं.)।** जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला की अध्यक्षता जनपदीय बाढ़ स्टीयरिंग ग्रुप की बैठक कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित किया गया जिलाधिकारी ने संभावित बाढ़ से निपटने की सभी तैयारी पूरी करने के लिए सभी विभागों को निर्देश दिए गए हैं।अपर जिलाधिकारी द्वारा बताया गया कि सम्बन्धित विभागों को बाढ़ से पूर्व जिला आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण, के साथ समन्वय स्थापित कर बाढ़ से पूर्व तैयारी खोज राहत एवं बचाव तथा पुनर्वास की कार्यवाही पर प्रशिक्षण बाढ़ संभावित गांवों में मॉकड्रिल व राहत चौपाल का आयोजन, समय से शासन के निर्देशानुसार बाढ़ राहत कार्य हेतु निविदा आमंत्रित किये जाने तथा सरयू नदी से दो तहसील टांडा एवं आलापुर तथा कुल 23 गांव प्रभावित होते हैं जिसमें अति संवेदनशील गांव माझा कम्हरिया आराजी देवारा, तथा माझा उल्टहवा, करमपुर बरसावा, औसानपुर है, जिस पर विशेष ध्यान दिये जाए तथा कटान निरोधक उपाय कर लिया जाए। जनपद में कंट्रोल रूम मुख्यालय में स्थापित है । मुख्य विकास अधिकारी, द्वारा समस्त गौवंशों के सुरक्षा हेतु मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को समय से उनके टीकाकरण पेयजल, पर्याप्त मात्रा में चारा व उन्हें सुरक्षित स्थानों पर शरण लेने हेतु ऊँचे स्थलों का चयन, पशु चिकित्सा टीम का गठन तथा जनपद की सीमा के निकटर्ती जनपदों में उन पशुओं को चिन्हित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया जहां पर बरसात के दिनों में पशु जाकर शरण रण लेते हैं, साथ ही जिला पंचायतीराज अधिकारी, को निर्देशित किया गया कि बाढ़ से प्रभावित वाले क्षेत्रों में पेट्रोमैक्स की व्यवस्था पंचायत स्तर पर रखें बाढ़ से पूर्व ग्रामीण क्षेत्रों व गांवों में नाले-नालियों की सफाई कराना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी द्वारा अपर मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देश दिया गया है कि बाढ़ से प्रभावित वाले गांव में मेडिकल कैंप लगाकर सभी को जांच करें, गर्भवती महिलाओं, 0 से 05 साल के बच्चों का चिन्हीकरण, उनका वजन व टीकाकरण तथा बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के अन्तर्गत आने वाले सामुदायिक व प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में ब्लीचिंग पाउडर, क्लोरीन की गोली व सर्पदंश से बचाव हेतु एंटीवेनम का पर्याप्त भण्डारण, समस्त अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद् व नगर पंचायत को निर्देशित किया गया कि अकबरपुर और टांडा में शहर के अंदर पानी जमने एवं निकासी की समस्याओं के समुचित व्यवस्था करने हेतु माह मई के अंदर बाढ़ से पूर्व शहरी क्षेत्रों व गावों में नाले-नालियों की सफाई कराना सुनिश्चित करें। अधिशाषी अभियंता बाढ़ कार्य खंड अयोध्या को बाढ़ से कटान वाले गांवों में समय से पूर्व स्थल निरीक्षण कराकर अग्रिम रोक थाम के प्रबंधन कराए जाने के निर्देश दिए गए है।



## राहुल का रायबरेली व अमेठी का दो दिवसीय दौरा शुरू वंचितों को सौर ऊर्जा से चलने वाली गाड़ियां सौंपी

**रायबरेली।** कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को अपने संसदीय क्षेत्र रायबरेली और अमेठी लोकसभा क्षेत्र के दो दिवसीय दौरे की शुरुआत की। राहुल ने रायबरेली में वंचितों को सौर ऊर्जा से चलने वाली गाड़ियां वितरित कीं। राहुल मंगलवार सुबह लखनऊ हवाई अड्डे पर उतरे, जहां कांग्रेस की राज्य इकाई के प्रमुख अजय राय, राष्ट्रीय महासचिव एवं उत्तर प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे, विधानसभा में कांग्रेस विधायक दल की नेता आराधना मिश्रा मोना और अमेठी के सांसद केएल शर्मा सहित अन्य पार्टी नेताओं ने उनका स्वागत किया। इसके बाद राहुल सड़क मार्ग से रायबरेली के लिए रवाना हो गए। राहुल ने रायबरेली पहुंचने पर विसाका इंडस्ट्रीज में दो मेगावाट के सौर छत संयंत्र और इलेक्ट्रिक चार्जिंग स्टेशन का उद्घाटन किया। उन्होंने इस अवसर पर वंचितों को एक गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) द्वारा दान की गई सौर ऊर्जा से चलने वाली करीब एक दर्जन गाड़ियां भी सौंपीं। पार्टी की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष अजय राय ने कहा, राहुल गांधी का उत्तर प्रदेश, रायबरेली और अमेठी से पुराना रिश्ता है तथा इस क्षेत्र के साथ गांधी परिवार के पारिवारिक संबंध हैं। राहुल गांधी ने मंगलवार सुबह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को एक पत्र लिखकर पहलगाम आतंकी हमले पर चर्चा के लिए संसद का विशेष सत्र बुलाने का अनुरोध किया। हमले में 26 लोग मारे गए थे, जिनमें से अधिकतर पर्यटक थे। उन्होंने कहा कि पहलगाम त्रासदी ने हर भारतीय को झकझोर दिया है। राहुल ने पत्र में कहा, हम अनुरोध करते हैं कि ऐसा विशेष सत्र जल्द से जल्द बुलाया जाए। राहुल ने रायबरेली में सिविल लाइंस चौराहे पर सुभाष चंद्र बोस की एक प्रतिमा का उद्घाटन किया और फिर बचत भवन में आयोजित दिशा (जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति) की बैठक में भाग लिया। उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने दिशा की बैठक में शामिल होने के बाद पत्रकारों से बातचीत में कांग्रेस नेता के इरादों पर आलोचनात्मक टिप्पणी की। सिंह ने राहुल पर केवल मीडिया का ध्यान आकर्षित करने के लिए बैठक में भाग लेने का आरोप लगाया।उन्होंने कहा, वह (राहुल गांधी) केवल सुर्खियां बनाने के लिए आते हैं। रास्ते में, वह जलेबी खाने या मोची की दुकान पर बैठने के लिए रुक सकते हैं क्योंकि इससे वह मीडिया की सुर्खियों में आते हैं। राहुल बुधवार को अमेठी का दौरा करेंगे।**(भाषा)**



## पुलिस अधीक्षक ने थाने का निरीक्षण कर दिए दिशा-निर्देश



### कस्बे में पैदल भ्रमण कर जनता को कराया सुरक्षा का एहसास

ग्रुप 5 संवाददाता

**जैदपुर बाराबंकी।** कस्बे के विभिन्न स्थानों का भ्रमण कर एसपी ने थाने का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए। जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय द्वारा पुलिस बल के साथ थाना जैदपुर क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर सोमवार की रात्रि करीब आठ बजे पैदल गश्त,भ्रमण करते हुए स्थानीय लोगो व आमजनमानस को सुरक्षा का एहसास कराया गया। गश्त के दौरान क्षेत्राधिकारी सदर सौरभ श्रीवास्तव, प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सिंह व अन्य अधिकारी, कर्मचारीगण मौजूद रहे। साथ ही पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना जैदपुर का निरीक्षण कर अभिलेखों, रजिस्टरों को अद्यावधिक रखने हेतु सम्बंधित को निर्देशित किया गया एवं थाने मे नियुक्त पुलिस कर्मियों की बीट बुक का अवलोकन कर दिशा-निर्देश दिये गये।

## संक्षिप्त समाचार

### मानसा देवी मंदिर ट्रस्ट ने खाद्य सामग्री से भरा ट्रक गंगोत्री भेजा

**हरिद्वार, एजेंसी।** पंचायती अखाड़ा श्री निरंजनी से गंगोत्री धाम के लिए भोग प्रसाद और भंडारे की सामग्री रवाना की गई। यह परंपरा वर्षों से चली आ रही है। एसडीएम अजयवीर सिंह ने पूजा-अर्चना की। इसके बाद अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्रपुरी महाराज के साथ हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान गंगोत्री धाम के रावल शिव प्रकाश महाराज भी मौजूद रहे। ट्रस्ट के इस सहयोग की उन्होंने सराहना की। कहा कि इस सेवा भावना से ही धर्म की नींव मजबूत होती है। ट्रक में आटा, चावल, दाल, घी, मसाले सहित अन्य आवश्यक खाद्य सामग्री भेजी गई है। यह गंगोत्री धाम में यात्रियों और साधु-संतों के भंडारे में प्रयोग होगी। इस दौरान एसएमजेएन पीजी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सुनील कुमार बत्रा, डॉ. विशाल गर्ग आदि मौजूद रहे।

### लापता आठ वर्षीय बच्चे को पुलिस ने ढूंढकर परिजनों को सौंपा

**हरिद्वार, एजेंसी।** नगर कोतवाली क्षेत्र से संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हुए आठ साल के बच्चे को पुलिस ने 12 घंटे के अंदर ढूंढ निकाला। पुलिस ने बच्चे को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। बच्चे के सकुशल मिलने पर परिजनों ने पुलिस का आभार जताया है। पुलिस के अनुसार, शुक्रवार सुबह मोहन सिंह निवासी झुग्गी झोपड़ी रोड़ीबेलवाला कोतवाली नगर ने पुलिस को सूचना दी थी कि आठ वर्षीय पुत्र पवन घर से कहीं चला गया है। काफी तलाश करने के बाद भी नहीं मिला। कोतवाली प्रभारी रितेश शाह ने टीम बच्चे की तलाश में लगा दी। पुलिस ने रोड़ीबेलवाला क्षेत्र से लेकर जगह-जगह करीब 160 सीसीटीवी कैमरे चेक करने के साथ ही अन्य माध्यमों से खोजबीन शुरू की गई। शुक्रवार देर शाम को बच्चे को ढूंढ लिया गया। कोतवाली लाने के बाद परिजनों को बुलाकर बच्चे को उनके सुपुर्द कर दिया गया।

### जिम्नास्टिक में गायत्री पब्लिक स्कूल आगरा चैंपियन

**हरिद्वार, एजेंसी।** देवभूमि जिम्नास्टिक एसोसिएशन की ओर से राष्ट्रीय जिम्नास्टिक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में गायत्री पब्लिक स्कूल आगरा की टीम चैंपियन बनी। दो दिवसीय राष्ट्रीय जिम्नास्टिक का आयोजन देवपुरा चौक स्थित गुरुमंडल आश्रम में किया गया। देवभूमि जिम्नास्टिक एसोसिएशन के सचिव रोहित कैसल और उत्तराखंड के अध्यक्ष राहुल कौशिक ने उद्घाटन किया। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में गायत्री पब्लिक स्कूल आगरा की टीम अव्वल रही। मुख्य अतिथि नगर विधायक मदन कौशिक ने टीम को सम्मानित किया। इस दौरान वीविंग कॉर्पोरेशन संस्थापक अश्विनी पुरी, उपसचिव हिम्मत सिंह, प्रियंका रानी, अरुण त्रिपाठी, हिमांशु चौधरी आदि मौजूद रहे।

### तेज रफ्तार कार ने ई-रिक्शा को मारी टक्कर, पांच बच्चों सहित छह घायल

**हरिद्वार, एजेंसी।** श्यामपुर थाना क्षेत्र में शनिवार सुबह की चंडी चौकी के पास एक तेज रफ्तार कार ने ई-रिक्शा में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से ई-रिक्शा में सवार एक महिला और पांच बच्चे घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने घायलों को जिला अस्पताल भिजवाया। ई-रिक्शा क्षतिग्रस्त हो गया। पुलिस के अनुसार, ई-रिक्शा चंडी चौकी के सामने से मुड़ रहा था। तभी तेज रफ्तार कार ने सामने से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि ई-रिक्शा में सवार पांच बच्चे व महिला घायल हो गई। चीख-पुकार सुनकर राहगीरों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। उपचार के लिए अस्पताल में भिजवाया। जहां उनका उपचार चल रहा है। सभी घायल खतरे से बाहर हैं। चंडी चौकी प्रभारी विक्रम सिंह बिष्ट ने बताया कि कार चालक तेज गति में था और उसे सामने से मुड़ता हुआ ई-रिक्शा नजर नहीं आया, जिससे दुर्घटना हो गई। हादसे में घायल शिला (50), हरद्वारी (17), गोवरिया (15), कशिश (10), रीनू (18), पायल (12) निवासीगण चंडीघाट क्षेत्र का उपचार चल रहा है।

# 24 घंटे में तीन गुना बढ़ी वनाग्नि की घटनाएं, 39 हेक्टेयर से अधिक क्षेत्रफल में वन संपदा हुई नष्ट



**देहरादून, एजेंसी।** 15 फरवरी से फायर सीजन शुरू हो जाता। 26 अप्रैल तक प्रदेश में जंगल में आग लगने की 100 घटनाएं हुई थी, इसमें 105 हेक्टेयर से अधिक क्षेत्रफल में नुकसान पहुंचा। प्रदेश में बीते 24 घंटे में वनाग्नि की घटनाओं में करीब तीन गुना तक बढ़ोतरी हुई है। इसमें जंगल को काफी नुकसान पहुंचा है। 15 फरवरी से फायर सीजन शुरू हो जाता। 26 अप्रैल तक प्रदेश में जंगल में आग लगने की 100 घटनाएं हुई थी, इसमें 105 हेक्टेयर से अधिक क्षेत्रफल में नुकसान पहुंचा। 27 अप्रैल को 12 वनाग्नि की घटनाओं में करीब 31 हेक्टेयर क्षेत्रफल में जंगल प्रभावित हुआ है। बीते 24 घंटे में राज्य में करीब तीन गुना 33 घटनाएं रिपोर्ट की गई हैं, इसमें 39 हेक्टेयर से अधिक क्षेत्रफल में जैव विविधता प्रभावित हुई है। फायर सीजन शुरू होने के बाद से अब तक प्रदेश में 72 दिनों में 100 वनाग्नि की घटनाएं हुई थीं, इसमें 105 हेक्टेयर क्षेत्रफल में वनों को नुकसान पहुंचा। वहीं दो दिनों में 45 घटनाओं में 69 हेक्टेयर क्षेत्रफल में नुकसान हुआ। कुमाऊं मंडल में 58, गढ़वाल मंडल में 78 और वन्यजीव क्षेत्र में 9 घटनाएं हुई हैं। इसमें सिविल व वन पंचायत में 84.75 और आरक्षित वन में 90.47 हेक्टेयर क्षेत्रफल में हरियाली प्रभावित हुई है।

## हाईवे से सटे थुआ के जंगल में धधकी भीषण आग, ग्रामीणों में दहशत का माहौल

**नैनीताल, एजेंसी।** अल्मोड़ा हल्द्वानी हाईवे पर छड़ा गांव के समीप थुआ के जंगल में धधकी आग से हड़कंप मच गया। देखते ही देखते आग की लपटों ने विकराल रुप धारण कर लिया। आग के पैठानी व छड़ा गांव की ओर रुख न कर लेने के अंदेशे से ग्रामीणों में दहशत है।

शाम से जंगल के आग की चपेट में आने के बावजूद वन विभाग कुंभकरणीय नींद में है।जंगलों को आग से बचाने को दावे तो खूब किए जा रहे हैं पर धरातल में दावे खोखले साबित हो रहे हैं। रविवार को हाईवे पर छड़ा गांव से सटे थुआ का जंगल आग की चपेट में आ गया।

देखते ही देखते आग की लपटों ने विकराल रुप धारण कर लिया। भीषण हो चुकी आग की लपटों को देख छड़ा व पैठानी गांव के लोग भी दहशत में आ गए। कुछ ही देर में आग ने जंगल के बड़े हिस्से को चपेट में ले लिया।

बड़े पैमाने पर वन संपदा जलकर राख हो गई वहीं जंगली जानवरों को भी



नुकसान पहुंचने का अंदेशा है। आग की लपटे गांव की ओर रुख न कर सके इसके लिए ग्रामीणों ने एहतियातन घरों के आसपास पानी का छिड़काव भी किया।

साथ ही घास के लुट्टे भी हटा दिए। ग्रामीण आग की लगातार निगरानी में भी जुटे हैं। दिन ढलने के साथ ही जंगल धधकने का सिलसिला शुरु होने के बावजूद वन विभाग के अधिकारियों ने मौके पर पहुंचने की जहमत नहीं उठाई और जंगल धू-धू कर धधकता रहा।

## यमकेश्वर में गैस गोदाम तक पहुंची जंगल की आग

**ऋषिकेश, एजेंसी।** तहसील यमकेश्वर अंतर्गत एक गैस गोदाम तक जंगल की आग पहुंच गई। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। इस मामले में पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

गैस एजेंसी मैनेजर प्रवीण पुंडीर ने बताया कि कई दिनों से बिथ्याणी के जंगलों में आग लगी है। यह आग शनिवार को दमराड़ा गांव के निकट स्थित गैस गोदाम तक पहुंच गई। स्थानीय लोगों और गैस एजेंसी कर्मियों की ओर से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

गैस गोदाम के आसपास नाप खेत हैं जिसपर घास और झाड़ियां उगी हैं। झाड़ियों में भीषण आग लग गई। निवर्तमान जिला पंचायत सदस्य विनोद डबराल ने पानी का टैंकर भिजवाकर आग बुझाने में मदद की। सूचना मिलने पर वनकर्मी भी घटनास्थल पर पहुंच गए थे। वहीं यमकेश्वर पुलिस की ओर से जंगल में आग लगाने वाले अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। थाना प्रभारी यमकेश्वर अरविंद कुमार ने बताया कि ग्रामीणों से आग लगाने वाले के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। पहचान होने के बाद संबंधित व्यक्ति को गिरफ्तार किया जाएगा। आग बुझाने वालों में विक्रांत तोमर, हेमंत, सुभाष उनियाल, जेपी गौनियाल, गणेश नौटियाल, विनोद बिष्ट, सुशील उनियाल आदि शामिल रहे।

### तेज रफ्तार कार ने ई-रिक्शा को मारी टक्कर

**हरिद्वार, एजेंसी।** श्यामपुर थाना क्षेत्र में शनिवार सुबह की चंडी चौकी के पास एक तेज रफ्तार कार ने ई-रिक्शा में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से ई-रिक्शा में सवार एक महिला और पांच बच्चे घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने घायलों को जिला अस्पताल भिजवाया। ई-रिक्शा क्षतिग्रस्त हो गया।

पुलिस के अनुसार, ई-रिक्शा चंडी चौकी के सामने से मुड़ रहा था। तभी तेज रफ्तार कार ने सामने से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि ई-रिक्शा में सवार पांच बच्चे व महिला घायल हो गई। चीख-पुकार सुनकर राहगीरों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भिजवाया। जहां उनका उपचार चल रहा है।

## कैंसर के लक्षणों प्रारंभिक चरण में ही चिह्नित करने की आवश्यकता

**ऋषिकेश, एजेंसी।** ब्रेस्ट कैंसर से जुड़े मामलों में बीमारी के स्टेज के बारे में सटीक पता लगाने की नई तकनीकों के अध्ययन और इलाज के अनुभवों को साझा करने के उद्देश्य से एम्स में कार्यशाला आयोजित की गयी।

कार्यशाला का शुभारंभ एम्स निदेशक प्रो. मीनू सिंह ने किया। कहा कि इस कार्यशाला से सर्जन चिकित्सकों को उन्नत कौशलता हासिल करने का अवसर प्राप्त होगा और हमारे शल्य चिकित्सक ब्रेस्ट कैंसर के जांच परिणामों को और अधिक सटीकता से प्राप्त कर सकेंगे।

चिकित्सा अधीक्षक प्रो. सत्या श्री बलिजा ने देश में ब्रेस्ट कैंसर के बढ़ते मामलों को देखते हुए प्रारंभिक निदान और प्रबंधन के महत्व पर जोर दिया। कहा कि बेहतर परिणामों के लिए कैंसर के लक्षणों को प्रारंभिक चरण में ही चिह्नित करने की आवश्यकता है।

सर्जरी विभाग के हेड प्रो. सोम प्रकाश बासु ने ब्रेस्ट कैंसर की जांच तकनीकों के प्रशिक्षण के लिए एम्स ऋषिकेश को नोडल प्रशिक्षण केंद्र बनाए जाने की बात कही। उन्होंने कहा कि यह कार्यशाला रोगी-केंद्रित कैंसर देखभाल प्रदान करने हेतु स्वास्थ्य पेशेवरों की क्षमता को मजबूत करने में एक महत्वपूर्ण पहल है।

## जम्मू-कश्मीर के मजदूर लौटने लगे अपने घर

**ऋषिकेश, एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर के मजदूर अपने घरों को वापस लौट रहे हैं। चमोली जिले के चोपता से पांच मजदूर ऋषिकेश पहुंचे। ऋषिकेश से हेमकुंट एक्सप्रेस से वह कटरा (जम्मू-कश्मीर) के लिए रवाना हुए।

शनिवार को दोपहर 2꞉30 बजे चमोली जिले के चोपता से पांच कश्मीरी मजदूर निजी बस से आईएसबीटी ऋषिकेश पहुंचे। सभी मजदूर जम्मू-कश्मीर के सांबा जिले के थे। यहां पर एक होटल में खाना खाने के बाद वह ऑटो का इंतजार कर रहे थे। काम में लगे थे। कंपनी की ओर से काम बंद कर दिया गया है। इसलिए वहां से सभी मजदूर अपने राज्य में वापस जा रहे हैं। हालांकि मजदूर साफ-साफ कुछ कहने से बचते नजर आए। वहीं सूत्रों का कहना है कि पहलगाम की घटना के बाद देश में बने माहौल को देखते हुए प्रदेश की विकास परियोजना में लगे जम्मू-कश्मीर के मजदूर अपने घरों की ओर वापसी कर रहे हैं।

## आग की लपटों के छूने से पहले ही जिंदगी को मौत के मुंह से खींच लाए, देवदूत बनकर आगे आए राहगीर

**नैनीताल, एजेंसी।** हल्द्वानी के गौलापार के प्रतापपुर मोड पर दो कारों की आपस में जोरदार टक्कर हो गई। इसके बाद दोनों कार में भयंकर आग लग गई। जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई।

गौलापार में जोरदार आवाज के बाद कारों से लपटें उठने लगीं। वाहन में सवार लोगों में मदद के लिए चीख-पुकार मच गई। देखते ही देखते आग ऐसी कि लपटों के बीच वाहन ही नजर नहीं आए। आसपास से गुजर रहे लोग भागते हुए मदद के लिए आगे आए। दोनों कारों में फंसे घायलों को किसी तरह निकाला। लोग बोले कि ऐसा भयानक मंजर कभी नहीं देखा। प्रत्यक्षदर्शी चंदन का कहना था कि घटना रात को होती तो जनहानि ज्यादा होती।

बकौल चंदन, दोपहर का करीब दो बज रहा होगा। गर्मी के चलते चोरगलिया रोड पर वाहनों की आवाजाही कम थी। मैं बाइक से घर की ओर जा रहा था। प्रतापपुर के पास अचानक कारों की भिड़ंत हो गई। मैं कुछ समझ पाता कि दोनों कारों ने आग पकड़ ली थी। एक व्यक्ति सड़क पर बेसुध पड़ा था। इस बीच आसपास से गुजर रहा ट्रैफिक जहा-तहां ठहर गया। स्थानीय लोग दौड़ते हुए कारों की ओर मदद के लिए भागे। वाहन में बच्चे, महिलाएं और अन्य लोग थे। सभी को ग्रामीणों की मदद से कारों से किसी तरह बाहर निकाला। सड़क पर पड़े



व्यक्ति और युवक को किसी तरह उठाकर किनारे रखा गया।

ग्रामीणों की सूचना पर एंबुलेंस, पुलिस और फायर ब्रिगेड भी मौके पर पहुंच गई। हाईवे पर भीड़ और बढ़ती चली गई। पुलिस ने लोगों की मदद से घायलों को एंबुलेंस के जरिये अस्पताल भिजवाया। घटना में राहगीर देवदूत बनकर आगे आए और पुलिस ने भी तत्परता दिखाई। घटना का दृश्य कुछ देर तक आंखों के सामने तैरता रहा।

चोरगलिया-हल्द्वानी मुख्य मार्ग पर हुए भीषण सड़क हादसे से करीब पौने घंटे तक यातायात बाधित रहा। जलते वाहनों के कारण हाईवे के दोनों ओर वाहनों की तीन किमी. तक कतार लग गई। गर्मी के बीच कतार में खड़े होने से दोपहिया वाहन चालकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। घटना के करीब आधे घंटे बाद पहुंची दमकल टीम ने आग बुझाई। तब जाकर हाईवे पर वाहनों की आवाजाही सुचारु हुई।

## बदरीनाथ धाम के कपाट खोलने से पहले मुख्य रावल ने की गंगा आराधना

**श्रीनगर गढ़वाल, एजेंसी।** बदरीनाथ धाम के कपाट चार मई को खोल जाएंगे। इससे पहले मुख्य रावल ने की गंगा आराधना की। केरल से बदरीनाथ जाते हुए मुख्य रावल ने देवप्रयाग में पूजा-अर्चना की।

मंगलमय यात्रा की कामना को लेकर बदरीनाथ के रावल ने देवप्रयाग में गंगा आराधना की। चार मई को बदरीनाथ धाम के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए जाएंगे। कपाट खोलने से पहले मुख्य रावल ने देवप्रयाग में मां गंगा की आशीष लिया। मंगलवार को परंपरा का निर्वाह करते हुए बदरीनाथ रावल ने देवप्रयाग में गोमुख से आने वाली भागरथी और अलकापुरी बदरिनाथ से आने वाली अलकनन्दा नदी के मिलन के बाद गंगा नदी और श्री रघुनाथ जी का पूजन किया।

इस दौरान तीर्थ नगरी देवप्रयाग में गंगा और रघुनाथ जी की जयकारों से गूंज उठी। मुख्य रावल ने मां गंगा से सभी की सुरक्षित यात्रा की मंगलकामना की प्रार्थना की।



## नारसन और लक्सर में ट्यूबवेल से मोटर, तार चोरी

**रूड़की, एजेंसी।** नारसन और लक्सर क्षेत्र में एक के बाद एक खेतों में ट्यूबवेल मोटर और तार चोरी की घटनाएं हो रही हैं। नारसन के बसवाखेड़ी में चोर मोटर उखाड़कर ले गए। यहां एक माह पूर्व भी तीन मोटर चोरी हुई थी। वहीं लक्सर के कुड़ी भगवानपुर के निकट 1500 मीटर 11 केवी विद्युत तार चोरी कर लिया। नारसन क्षेत्र के बसवाखेड़ी गांव निवासी पूर्व प्रधान मनोज कुमार ने मंगलौर कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उनके खेत में लगी ट्र्यूबवेल की मोटर को रात में चोर उखाड़ ले गए। उन्होंने पुलिस से मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की धरपकड़ की मांग की है।

उधर, लक्सर के रायसी क्षेत्र में विद्युत तार चोरों का गिरोह एक के बाद एक तार चोरी की वारदातों को अंजाम दे रहा है। बीते करीब दो माह में क्षेत्र के महाराजपुर कलां, बहालपुरी और नंदपुर गांव में चोरों ने तार चोरी की छह वारदातों को अंजाम दिया है। वहीं अब चोरों ने कुड़ी भगवानपुर के निकट 11 केवी का 1500 मीटर तार चोरी कर लिया है। कोतवाली प्रभारी राजीव रौथाण ने बताया कि विभाग के जेई मनोज कुमार सैनी की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

# केदारनाथ पैदल मार्ग पर संचालित होंगे फिट घोड़े-खच्चर, चिप के जरिए होगी स्वामी की पहचान

**रुद्रप्रयाग, एजेंसी।** केदारनाथ यात्रा का आगाज होने में अब महज कुछ घंटों का समय रह गया है. यात्रा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले घोड़ा-खच्चरों की भी मेडिकल जांच का कार्य भी पूरा होने को है. अब तक करीब पांच हजार पशुओं की जांच की जा चुकी है. यात्रा में घोड़े-खच्चरों की सुरक्षा को लेकर जिला प्रशासन और पशुपालन विभाग की ओर से विशेष ध्यान दिया जा रहा है. पशुओं को नुकसान पहुंचने पर जहां मालिक की पहचान आसानी से हो जाएगी. वहीं बीमार पशुओं का किसी भी सूरत में संचालन नहीं होगा. पशुओं के लिए यात्रा मार्ग पर गर्म पानी के साथ ही अन्य सुविधाएं भी दी जाएंगी.

केदारनाथ पैदल यात्रा मार्ग पर संचालित होने वाले घोड़े-खच्चरों की फिटनेस का कार्य लगभग पूरा हो गया है और यात्रा मार्ग पर उन्हीं घोड़े-खच्चरों को संचालित की अनुमति दी जा रही है, जो पूरी तरह से तंदुरूस्त हैं. अभी तक पांच हजार से अधिक घोड़े-खच्चरों को प्रशासन ने फिटनेस जारी कर दिए हैं. वहीं दूसरी ओर घोड़े-खच्चर की पहचान करने के लिए उन पर एक चिप भी लगाई जा रही है, जिससे घोड़े-खच्चर के साथ किसी भी प्रकार की अनहोनी होने या अन्य की दिशा में उसके स्वामी का पता चल सके.

5 हजार से अधिक घोड़े खच्चरों को फिटनेस प्रदान꞉ पूर्व दिनों में घोड़े-खच्चरों पर इक्वाइन इन्फ्लुएंजा नाम की बीमारी भी पाई गई थी. जिसके बाद केदारनाथ पैदल यात्रा मार्ग पर घोड़े-खच्चरों की आवाजाही पर रोक लगा दी गई थी. बाद में प्रशासन की टीम ने सभी घोड़े-खच्चरों के स्वास्थ्य की जांच की और उन्हीं घोड़े-खच्चरों को फिटनेस प्रदान की, जो पूरी तरह से फिट हैं. अभी तक पांच हजार से अधिक घोड़े-खच्चरों को जिला प्रशासन ने फिटनेस प्रदान कर दी है. अधिकांश घोड़े-खच्चर पैदल यात्रा मार्ग पर कार्य करना शुरू



कर चुके हैं. इन दिनों केदारनाथ धाम में घोड़े-खच्चरों के माध्यम से आवश्यक सामग्री पहुंचाई जा रही है. जिले में पशुपालन विभाग की ओर से जगह-जगह घोड़े-खच्चरों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए कैंप लगाए जा रहे हैं.

घोड़े खच्चरों पर लगाई माइक्रोचिप꞉ वरिष्ठ पशु चिकित्साधिकारी डॉ. राजीव गोयल ने बताया कि घोड़े-खच्चरों पर पूर्व में संक्रामक बीमारी फैल गई थी. जिसके बाद जगह-जगह लगाए जा रहे स्वास्थ्य कैंप भी बंद करने पड़े थे. अब स्थिति ठीक है और उन्हीं घोड़े-खच्चरों को अनुमति दी जा रही है, जो पूरी तरह से स्वस्थ्य हैं. वहीं दूसरी ओर अक्सर देखा जाता है कि केदारनाथ यात्रा के दौरान अत्यधिक चढ़ाई और भार के कारण कई बार घोड़े-खच्चरों की मौत हो जाती है और पशु संचालन उन्हें जगह-जगह फेंक देते हैं. लेकिन इस बार घोड़े-खच्चरों की पहचान के लिए उन पर एक छोटी माइक्रोचिप लगाई गई है. यह चिप चांवल के दाने की आकर की होती है और इसमें घोड़े-खच्चर के अलावा उसके स्वामी के बारे में आवश्यक जानकारी होती है. ताकि घोड़े-खच्चर के मरने या अन्य की दिशा में उसके स्वामी की पहचान हो सके. इस बार घोड़े-खच्चर की लोकेशन ट्रेस करने के लिए भी प्रशासन की ओर से घोड़े-खच्चर पर रेडियो फ्रीक्वेंसी रेडिफिकेशन सिस्टम के तहत आईडी लगाई जा रही है. यह सिस्टम केदारनाथ पैदल यात्रा मार्ग पर जगह-जगह लगाए गए हैं.

घोड़े-खच्चरों का रखा जाएगा विशेष ध्यान꞉ रुद्रप्रयाग जिलाधिकारी सौरभ गहरवार ने कहा कि केदारनाथ यात्रा मार्ग पर संचालित होने वाले घोड़े-खच्चरों का विशेष ध्यान दिया जाएगा. उन पर होने वाले किसी भी तरह के उत्पीड़न को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा. यात्रियों से भी अपील की जाएगी कि वे जिस पशु में बैठकर जा रहे हैं, उसकी हालत को देखते हुए ही यात्रा करें. साथ ही पशु संचालक बीच-बीच में पशुओं को आराम भी करने दें और उन्हें खाने-पीने की चीजें भी देते रहें. पशुओं की देख-रेख को लेकर निगरानी टीम भी तैनात की गई है. बीमार घोड़े-खच्चरों का किसी भी हाल में संचालन नहीं होने दिया जाएगा. ऐसा किए जाने पर कठोर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी.

मनसा देवी ट्रस्ट से खाद्य सामाग्री गंगोत्री रवाना꞉ उत्तराखंड में चारधाम यात्रा शुरू हो होने वाली है. सबसे पहले 30 अप्रैल को यमुनोत्री और गंगोत्री फिर 2 मई को केदारनाथ और 4 मई को बदरीनाथ धाम के कपाट खोल दिए जाएंगे. इससे पहले गंगोत्री धाम के रावल शिव प्रकाश महाराज, हरिद्वार के मनसा देवी चरण पादुका स्थल पहुंचे.

## सम्पादकीय

# एकता-शांति का संदेश



सैयद अहमर हसनैन

ऐसे वक्त में जब पहलगाम आतंकी हमले के बाद पूरा देश दुख और गुस्से की मनःस्थिति से गुजर रहा है, जम्मू-कश्मीर विधानसभा ने शांति और सांप्रदायिक सद्भाव का एक सशक्त संदेश दिया है। जो कि वक्त की जरूरत भी थी। जम्मू-कश्मीर विधानसभा के विशेष सत्र के दौरान सदन ने सर्वसम्मति से इस वीभत्स हत्याकांड की पुरजोर निंदा करते हुए बाकायदा एक प्रस्ताव पारित किया। जिस आतंकी हमले ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया, लोगों को आक्रोशित तथा दुखी किया, उसके खिलाफ जम्मू-कश्मीर विधानसभा का विशेष सत्र बुलाना व निंदा प्रस्ताव पारित करना निश्चित रूप से देश के जख्मों पर मरहम लगाने जैसा ही है। निश्चय ही यह संदेश देश की गंगा-जमुनी संस्कृति के अनुरूप ही है। निर्विवाद रूप से आतंकियों का कोई धर्म नहीं होता है, लेकिन हर धर्म के व्यक्ति को खुले मन से आतंकियों की निंदा करनी चाहिए। यह विडंबना ही है कि यह भयावह घटना राज्य से केंद्रशासित बने जम्मू-कश्मीर में शांतिपूर्ण और सक्रिय भागीदारी वाले विधानसभा चुनावों के बाद उमर अब्दुल्ला के नेतृत्व वाली सरकार के सत्ता में आने के छह माह बाद हुई।

ऐसे में मुख्यमंत्री के लिये सबसे बड़ी चुनौती यह सुनिश्चित करना है कि संवेदनशील केंद्र शासित प्रदेश में लोकतांत्रिक प्रक्रिया के पुनरुद्धार से होने वाले लाभ यूं ही व्यर्थ न चले जाएं। यह सकारात्मक संदेश ही है कि जम्मू-कश्मीर के लोगों ने आतंक को सिरे से खारिज किया है। यही वजह है कि मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला नरसंहार के बाद घाटी के लोगों के दिलों से सीधे निकल रहे आक्रोश और दुख को कश्मीर के लिये एक उम्मीद की किरण के रूप में देखते हैं। जो पाक पोषित आतंकवाद को नकारने जैसा ही है। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने विधानसभा में कहा भी कि इस केंद्रशासित प्रदेश की हर मस्जिद में पहलगाम हमले में मारे लोगों की याद में मौन रखा गया। जो यह बताता है कि धर्म-संप्रदाय से परे लोग पूरे देश की संवेदनाओं को महसूस करते हैं। साथ ही आतंकवाद को सिरे से खारिज भी करते हैं। निश्चित रूप से इस नये कश्मीर से आया यह संकेत दिल को छूने वाला है। जो यह भी बताता है कि अभी भी सब कुछ खत्म नहीं हुआ है। निश्चित रूप से राष्ट्रीय एकता, करुणा और लचीलेपन की यह भावना स्वागत योग्य है। साथ ही यह भी उम्मीद जगी है कि यह नई सोच विघटनकारी ताकतों का मुकाबला कर सकती है। उन अलगाववादियों का जो विकासशील जम्मू-कश्मीर को फिर से 1990 के दशक की शुरुआत के बुरे दौर में धकेलना चाहते हैं। उल्लेखनीय है कि जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री होने के नाते उमर अब्दुल्ला ने स्पष्ट रूप से स्वीकार किया किया है कि वे राज्य में आये पर्यटकों को सुरक्षित घर वापस भेजने की अपनी जिम्मेदारी में विफल रहे हैं। उन्होंने उन कयासों को खारिज किया कि त्रासदी का उपयोग राजनीतिक लाभ हेतु राज्य का दर्जा पाने के लिये किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि जब तक आतंकवाद अपना भयानक रूप दिखाता रहेगा, तब तक जम्मू-कश्मीर का केंद्रशासित प्रदेश का दर्जा समाप्त नहीं होगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि आतंक के खिलाफ लड़ाई में कश्मीरियों और उनके निर्वाचित प्रतिनिधियों की पूरी तरह से भागीदारी जमीन पर एक स्पष्ट अंतर ला सकती है। हालांकि, बहुत कुछ केंद्र सरकार और विभिन्न राज्यों द्वारा संकटग्रस्त केंद्रशासित प्रदेश को दिए जाने वाले समर्थन पर निर्भर करेगा। निस्संदेह, आतंकवाद के इस विनाशकारी आघात के बाद जम्मू-कश्मीर को संभालने में मदद करना राष्ट्रीय प्राथमिकता बननी चाहिए। निश्चित रूप से जम्मू-कश्मीर विधानसभा से आया यह रचनात्मक संदेश देश की एकता व अखंडता के लिये सुखद ही है। देश में आतंकवाद की इस घटना के बाद जैसे नकारात्मक प्रतिक्रिया देने की कोशिशें की जाती रही है, उसको यह सार्थक जवाब है। जो वक्त की मांग भी थी। घाटी से संदेश आया है कि यहां लोग देश की संवेदना से उसी तरह के सरोकार रखते हैं, जैसा कि अन्य राज्यों के लोग रखते हैं। यह भी कि आतंकवाद किसी भी धर्म का हिस्सा नहीं होना चाहिए। मानवता ही सबसे बड़ा धर्म है। जिसकी रक्षा करना हरेक नागरिक का दायित्व है।

## अक्षय तृतीया पर विशेष

# भौतिकता एवं आध्यात्मिकता की अक्षय मुस्कान का पर्व



ललित गर्ग

**अक्षय तृतीया के दिन महाभारत के युधिष्ठिर को अक्षय पात्र मिला था। इसकी विशेषता थी कि इसमें भोजन कभी समाप्त नहीं होता था। इसी पात्र से वह अपने राज्य के गरीब व निर्धन को भोजन देकर उनकी सहायता करते थे। इसी आधार पर मान्यता है कि इस दिन किए जाने वाला दान-पुण्य का भी कभी क्षय नहीं होता है। इस दिन साधु-संतों के साथ ब्राह्मणों-गरीबों को भोजन कराकर व वस्त्र दान करने के साथ गायों को हरा चारा खिलाने का विशेष महत्व है। वहीं पक्षियों को परिंडे लगाकर दाने-पानी की व्यवस्था करने से विशेष लाभ मिलता है और भगवान श्री विष्णु की कृपा अपने भक्तों पर हमेशा बनी रहती है। अक्षय तृतीया विवाहित या अविवाहित महिलाओं के लिए क्षेत्रीय रूप से महत्वपूर्ण है, जो अपने जीवन में पुरुषों की भलाई के लिए या भविष्य में उनकी सगाई होने वाले पुरुष के लिए प्रार्थना करती हैं। प्रार्थना के बाद, वे अंकुरित चने (अंकुरित), ताजे फल और भारतीय मिठाइयां वितरित करते हैं। यह दिन किसानों, कुंभकारों एवं शिल्पकारों के लिए भी यह बहुत महत्व का दिन है। बैलों के लिए भी बड़े महत्व का दिन है। प्राचीन समय से यह परम्परा रही है कि आज के दिन राजा अपने देश के विशिष्ट किसानों को राज दरबार में आमंत्रित करता था...**

**अक्षय तृतीया महापर्व का न केवल सनातन परम्परा में बल्कि जैन परम्परा में विशेष महत्व है। इसका लौकिक और लोकोत्तर-दोनों ही दृष्टियों में महत्व है। अक्षय शब्द का अर्थ है कभी न खत्म होने वाला। संस्कृत में, अक्षय शब्द का अर्थ है 'समृद्धि, आशा, खुशी, सफलता', जबकि तृतीया का अर्थ है 'चंद्रमा का तीसरा चरण'। इस त्यौहार के साथ-साथ एक अबूझा मांगलिक एवं शुभ दिन भी है, जब बिना किसी मुहूर्त के विवाह एवं मांगलिक कार्य किये जा सकते हैं। विभिन्न सांस्कृतिक एवं मांगलिक ढांचों में ढले अक्षय तृतीया पर्व में हिन्दू-जैन धर्म, संस्कृति एवं परम्पराओं का अनूठा संगम है। इस प्रकार अक्षय तृतीया पर किए गए कार्यों जैसे जप-तप, यज्ञ, पितृ-तर्पण, दान-पुण्य आदि का साधक को अक्षय फल प्राप्त होता है। भगवान आदिनाथ ने ही सबसे पहले समाज में दान का महत्व समझाया था, इसलिए इस दिन पर जैन धर्म के लोग आहार दान, ज्ञान दान, औषधि दान करते हैं। रास्ते चाहे कितने ही भिन्न हों पर इस पर्व त्यौहार के प्रति सभी जाति, वर्ग, वर्ण, सम्प्रदाय और धर्मों का आदर-भाव अभिन्नता में एकता का प्रिय संदेश दे रहा है। आज के युद्ध, आतंक, आर्थिक प्रतिस्पर्धा एवं अशांति के समय में संयम एवं तप की अक्षय परम्परा को जन-जन की जीवनशैली बनाने की जरूरत है।**

अक्षय तृतीया इस वर्ष 30 अप्रैल, 2025 को है। भगवान परशुराम का जन्म अक्षय तृतीया के दिन हुआ था, इसलिये भगवान विष्णु के छठे अवतार परशुराम का जन्मदिन मानते हैं। वैष्णव मंदिरों में उनकी पूजा की जाती है। महर्षि वेदव्यास ने इसी दिन से महाभारत लिखना शुरू किया था। अक्षय तृतीया के दिन महाभारत के युधिष्ठिर को अक्षय पात्र मिला था। इसकी विशेषता थी कि इसमें भोजन कभी समाप्त नहीं होता था। इसी पात्र से वह अपने राज्य के गरीब व निर्धन को भोजन देकर उनकी सहायता करते थे। इसी आधार पर मान्यता है कि इस दिन किए जाने वाला दान-पुण्य का भी कभी क्षय नहीं होता है। इस दिन साधु-संतों के साथ ब्राह्मणों-गरीबों को भोजन कराकर व वस्त्र दान करने के साथ गायों को हरा चारा खिलाने का विशेष महत्व है। वहीं पक्षियों को परिंडे लगाकर दाने-पानी की व्यवस्था करने से विशेष लाभ मिलता है और भगवान श्री विष्णु की कृपा अपने भक्तों पर हमेशा बनी रहती है। अक्षय तृतीया विवाहित या अविवाहित महिलाओं के लिए क्षेत्रीय रूप से महत्वपूर्ण है, जो अपने जीवन में पुरुषों की भलाई के लिए या भविष्य में उनकी सगाई होने वाले पुरुष के लिए प्रार्थना करती हैं। प्रार्थना के बाद, वे अंकुरित चने (अंकुरित), ताजे फल और भारतीय मिठाइयां वितरित करते हैं। यह दिन किसानों, कुंभकारों एवं शिल्पकारों के लिए भी यह बहुत महत्व का दिन है। बैलों के लिए भी बड़े महत्व का दिन है। प्राचीन समय से यह परम्परा रही है कि आज के दिन राजा अपने देश के विशिष्ट किसानों को राज दरबार में आमंत्रित करता था और उन्हें अगले वर्ष बुवाई के लिए विशेष प्रकार के बीज उपहार में देता था। लोगों में यह धारणा प्रचलित थी कि उन बीजों की बुवाई करने वाले किसान के धान्य-कोष्ठक कभी खाली नहीं रहते। यह इसका लौकिक दृष्टिकोण है। अक्षय तृतीया पर महाराष्ट्र के लोग नया व्यवसाय शुरू करते हैं, घर खरीदते हैं और महिलाएं सोना खरीदती हैं। लोग इस त्यौहार को परिवार के साथ मनाते हैं और महाराष्ट्रीयन पूरन पोली (गुड़ और दाल के मिश्रण से भरी चपाती) और आमरस (आम की एक मोटी प्यूरी) से बने नैवेद्य जैसे भोजन का भोग लगाकर देवी-देवताओं की पूजा करते हैं। ओडिशा में, अक्षय तृतीया आगामी खरीफ सीजन के लिए चावल की बुवाई के शुभारंभ के दौरान मनाई जाती है। यह दिन अच्छी फसल के आशीर्वाद के लिए किसानों द्वारा धरती माता, बैलों और अन्य पारंपरिक कृषि उपकरणों और बीजों की पूजा के साथ शुरू होता है। जगन्नाथ मंदिर के रथ यात्रा उत्सव के लिए रथों का निर्माण भी इसी दिन पुरी में शुरू होता है। तेलुगू भाषी तेलंगाना और आंध्र प्रदेश में यह त्यौहार समृद्धि और दान से जुड़ा है। सिंहचलम मंदिर में इस दिन विशेष उत्सव अनुष्ठान किए जाते हैं। मंदिर के मुख्य देवता को साल के बाकी दिनों में चंदन के लेप से ढका जाता है और केवल इसी दिन देवता पर लगे चंदन की परतें हटाई जाती हैं ताकि अंतर्निहित मूर्ति दिखाई दे। इस दिन वास्तविक रूप या निज रूप दर्शनम का प्रदर्शन होता है। लोकोत्तर दृष्टि से अक्षय तृतीया पर्व का संबंध जैन धर्म के प्रथम



तीर्थंकर भगवान ऋषभ के साथ जुड़ा हुआ है। तपस्या हमारी संस्कृति का मूल तत्व है, आधार तत्व है। कहा जाता है कि संसार की जितनी समस्याएं हैं तपस्या से उनका समाधान संभव है। संभवतः इसीलिए लोग विशेष प्रकार की तपस्याएं करते हैं और तपस्या के द्वारा संसार की आध्यात्मिक एवं भौतिक दोनों संपदाओं को हासिल करने का प्रयास करते हैं। जैन धर्म में वर्षीतप यानी एक वर्ष तक तपस्या करने वाले साधक इसदिन से तपस्या प्रारंभ करके इसी दिन सम्पन्न करते हैं। यह संसार से मोक्ष की मुस्कान, शरीर को तपाने और आत्मस्थ करने का अवसर है। अक्षय तृतीया तप, त्याग और संयम का प्रतीक पर्व है। इसका सम्बन्ध भगवान ऋषभदेव के युग और उनके कठोर तप से जुड़ा होने से वर्षीतप की परम्परा चली। यह ऋषभ की दीर्घ तपस्या के समापन का दिन है। अपने आदिदेव की स्मृति में जैन धर्म के विभिन्न सम्प्रदायों में असंख्य श्रावक-श्राविकाएं वर्षीतप करते हैं। इस दिन देशभर में आचार्यों और मुनियों के सान्निध्य में अनेक आयोजन होते हैं। इसका मुख्य आयोजन हस्तिनापुर (जिला मेरठ- उत्तर प्रदेश) में श्री शांतिनाथ जैन मन्दिर में एवं प्राचीन नसियांजी, जो भगवान ऋषभ के पारणे का मूल स्थल पर आयोजित होता है, वहां पर देशभर से हजारों तपस्वी एकत्र होते हैं और अपनी तपस्या का पारणा करते हैं। तपस्या को जैन धर्म साधना में अत्यन्त महत्पूर्ण स्थान दिया जाता है। मोक्ष के चार मार्गों में तपस्या का स्थान कम महत्वपूर्ण नहीं है। तपस्या आत्मशोधन की महान प्रक्रिया है और इससे जन्म जन्मांतरों के कर्म आवरण समाप्त हो जाते हैं। जरूरत इस बात की है कि इसकी साधना से जीवन विकास की सीख हमारे चरित्र की साख बने।

# परशुराम ने धरती पर अन्याय व अत्याचार के खिलाफ आवाज उठाई थी

## परशुराम जयंती महोत्सव



किशन भावनानी

**मानव जीवन को व्यवस्थित ढांचे में ढाला भगवान परशुराम ने मानव जीवन को व्यवस्थित ढांचे में ढालने का महत्वपूर्ण कार्य किया। दक्षिण के क्षेत्र में जाकर वहां कमजोर समाज को एकत्रित कर समुद्र तटों को रहने योग्य बनाया। अगस्त ऋषि से समुद्र से पानी निकालने की विद्या सीख कर समुद्र के किनारों को रहने योग्य बनाया। एक बंदरगाह बनाने का भी प्रमाण परशुराम जी का मिलता है। वही परशुराम जी ने कैलाश मानसरोवर पहुंचकर स्थानीय लोगों के सहयोग से पर्वत का सीना काटकर ब्रह्म कुंड से पानी की धारा को नीचे लाये जो ब्रह्मपुत्र नदी कहलायी। भगवान परशुराम समतावादी समाज का निर्माण करने वाले थे। भले ही उन्हें ब्राह्मणों का हितैषी और क्षत्रियों का विरोधी माना जाता रहा है। यह परशुराम को बेहद संकुचित आधार पर देखने की दृष्टि है। हम महापुरुषों को उनकी जाति के आधार पर देखते हैं। परंतु इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में दिया गया है कि उन्होंने क्षत्रियों को इसलिए पराजित नहीं किया कि वह क्षत्रिय थे या ब्राह्मण नहीं थे। उन्होंने क्षत्रिय समाज के उन अहंकारी राजाओं को परास्त किया जो समाज रक्षण का मूल धर्म भूल गए थे। क्षत्रियों पर उनके क्रोध के पीछे का कारण को समझने से पता चलता है कि उस समय क्षत्रियों के अत्याचार और अन्याय इतने बढ़ गए थे कि...**

**वैश्विक स्तर पर भारत को पृथ्वी का सबसे बड़ा आध्यात्मिक महाकुंभ कहा जाता है, ऐसे विचार मैंने अनेकों बार बड़े बुजुर्गों से सुने हैं परंतु वर्तमान समय में हम देख रहे हैं कि कैसे बड़े-बड़े धार्मिक आध्यात्मिक आयोजन भारत में होते रहते हैं, जिसका सबसे बड़ा सटीक उदाहरण हमने अभी महाकुंभ के रूप में देखा जिसनें पूरी दुनियाँ में एक मिसाल कायम की है,हमारे बड़े बुजुर्गों का आदि अनादि काल से कहना रहा है कि जब-जब पृथ्वी पर अन्याय अत्याचार व पापों का सैलाब आता है तो ऊपर वाला किसी ने किसी रूप में अवतरित होकर उन पापियों अत्याचार्यों का दमन करने आते हैं। आज हम इस विषय पर चर्चा इसलिए कर रहे हैं क्योंकि 29 अप्रैल 2025 को ऐसे ही एक अवतार भगवान विष्णु के छठवें अवतार परशुराम के रूप में हुआ था, इसीलिए ही इस न्याय के देवता की जयंती इस दिन बड़ी धूमधाम से मनाई जाती है, वैसे इस दिन अक्षय तृतीया भी होती है परंतु इस वर्ष 2025 में अक्षय तृतीया 29 या 30 दोनों दिन मनाने की खबरें आ रही है। भगवान विष्णु के छठवें अवतार परशुराम जयंती महोत्सव 29 अप्रैल 2025, परशुराम ने धरती पर अन्याय व अत्याचारों के खिलाफ आवाज उठाई थी यह पूरी जानकारी इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से ली गई है व इसकी सटीकता का प्रमाण नहीं है परंतु आदि अनादि काल से यह रीत चली आ रही है।**

साथियों बात अगर हम भगवान परशुराम के जीवन को जानने की करें तो, उन्होंने एकता का सूत्र संसार को दिया है। सभी जाति और समाजों में समरसता का संदेश दिया है। भारतीय वाङमय में सबसे दीर्घ जीवी चरित्र परशुरामका है। सतयुग के समापन से कलयुग के प्रारंभ तक उनका उल्लेख मिलता है। भगवान परशुराम जी के जन्म समय को सतयुग और त्रेता का संधिकाल माना जाता है। भारतीय इतिहास में इतना दीर्घजीवी चरित्र किसी का नहीं है। वे हमेशा निर्णायक और नियामक शक्ति रहे। दुष्टों का दमन और सत-पुरूषों को संरक्षण उनके चरित्र की विशेषता है। उनका चरित्र अक्षय है, इसलिए उनकी जन्म तिथि वैशाख शुक्ल तृतीया को माना गया। इस दिन का प्रत्येक पल, प्रत्येक क्षण शुभ मुहूर्त माना जाता है। विवाह के लिए या अन्य किसी शुभ कार्य के लिए अक्षय तृतीया के दिन अलग से मुहूर्त देखने की जरूरत नहीं है। उनके जीवन का समूचा अभियान, संस्कार, संगठन, शक्ति और समरसता के लिए समर्पित रहा है। मानव जीवन को व्यवस्थित ढांचे में ढाला भगवान परशुराम ने मानव जीवन को व्यवस्थित ढांचे में ढालने का महत्वपूर्ण कार्य किया। दक्षिण के क्षेत्र में जाकर वहां कमजोर समाज को एकत्रित कर समुद्र तटों को रहने योग्य बनाया। अगस्त ऋषि से समुद्र से पानी निकालने की विद्या सीख कर समुद्र के किनारों को रहने योग्य बनाया। एक बंदरगाह बनाने का भी प्रमाण परशुराम जी का मिलता है। वही परशुराम जी ने कैलाश मानसरोवर पहुंचकर स्थानीय लोगों के सहयोग से पर्वत का सीना काटकर ब्रह्म कुंड से पानी की धारा को नीचे लाये जो ब्रह्मपुत्र नदी कहलायी। भगवान परशुराम समतावादी समाज का निर्माण करने वाले थे। भले ही उन्हें ब्राह्मणों का हितैषी और क्षत्रियों का विरोधी माना जाता रहा है। यह परशुराम को बेहद संकुचित आधार पर देखने की दृष्टि है। हम महापुरुषों को उनकी जाति के आधार पर देखते हैं। परंतु इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में दिया गया है कि उन्होंने क्षत्रियों को इसलिए पराजित नहीं किया कि वह क्षत्रिय थे या ब्राह्मण नहीं थे। उन्होंने क्षत्रिय



समाज के उन अहंकारी राजाओं को परास्त किया जो समाज रक्षण का मूल धर्म भूल गए थे। क्षत्रियों पर उनके क्रोध के पीछे का कारण को समझने से पता चलता है कि उस समय क्षत्रियों के अत्याचार और अन्याय इतने बढ़ गए थे कि उन्होंने क्षत्रियों को सबक सिखाने का प्रण किया। दूसरा अपने मौसा जी सहस्त्रबाहु द्वारा अपने पिता के आश्रम पर आक्रमण और पिता की हत्या ने भी परशुराम के क्रोध को भड़का दिया। साथियों बात अगर हम हिंदू धर्म में परशुराम जयंती के खास महत्व की करें तो, हिन्दू धर्म में परशुराम जयंती का खास महत्व है, पंचांग के अनुसार, हर साल वैशाख माह के शुक्ल पक्ष में पड़ने वाली तृतीया तिथि पर विष्णु जी के छठे अवतार भगवान परशुराम जी की जयंती मनाने का विधान है, भगवान विष्णु के इस अवतार को बहुत ही उग्र माना जाता है,धार्मिक मान्यता के अनुसार, इस दिन सच्चे मन से भगवान परशुराम की पूजा करने से ज्ञान, साहस और शौर्य आदि की प्राप्ति होती है, साथ ही जीवन में खुशियां बढ़ती हैं। भगवान परशुराम जयंती का धार्मिक महत्व परशुराम जयंती पर श्रद्धालु व्रत रखते हैं, भगवान परशुराम की प्रतिमा या चित्र की विधिपूर्वक पूजा करते हैं, उनके जन्म की कथा का पाठ, हवन और दान करना भी इस दिन विशेष पुण्यकारी माना जाता है, परशुराम जी को ब्राह्मण और क्षत्रिय दोनों के गुणों का प्रतीक माना जाता है, इसलिए उनकी पूजा से ज्ञान, शक्ति और न्याय की प्राप्ति होती है। भगवान परशुराम सात चिरंजीवियों अश्वत्थामा, राजा बलि, परशुराम, विभीषण, महर्षि व्यास, हनुमान, कृपाचार्य इनमें से एक हैं। भगवान विष्णु के छठे अवतार एवं ब्राह्मण जाति के कुल गुरु परशुराम, जिनकी जयंती वैशाख शुक्ल अक्षय तृतीया के दिन मनाई जाती है। मत्स्य पुराण के अनुसार इस दिन जो कुछ भी दान किया जाता है वह अक्षय रहता है यानि इस दिन किए गए दान का कभी भी क्षय नहीं होता है। सतयुग का प्रारंभ अक्षय तृतीया से ही माना जाता है। शास्त्रों के अनुसार भगवान शिव के परम भक्त परशुराम न्याय के देवता हैं, जिन्होंने 21 बार इस पृथ्वी को क्षत्रिय विहीन किया था। साथियों बात अगर हम भगवान परशुराम के भृगु वंशी होने की करें तो, यह वही भृगु वंश है, जिसमें भृगु ऋषि ने अग्नि का आविष्कार किया था। श्रीमद्भगव द्गीता के दसवें अध्याय में भगवान ने कहा मैं ऋषियों में भृगु हूं! महर्षि भृगु को संसार का पहला प्रचेता लिखा गया है। विष्णु पुराण के अनुसार नारायण को ब्याहीं श्री लक्ष्मी महर्षि भृगु की ही बेटी थीं। समुद्र मंथन से उत्पन्न लक्ष्मी तो उनकी आभा थी। भृगु वंश में ही महर्षि मार्कण्डेय, शुक्राचार्य, ऋचीक, विधाता, दधीचि, त्रिशिरा, जमदग्नि, च्यवन और नारायण का ओजस्वी अवतार भगवान परशुराम जी का जन्म हुआ।महर्षि भृगु को अंतरिक्ष, चिकित्सा और नीति का जनक माना जाता है। अंतरिक्ष के ग्रहों और तारागणों की गणना का पहला शास्त्र भृगु संहिता है। वामन अवतार के बाद परशुराम का अवतार हुआ।

## 30 अप्रैल अक्षय तृतीया पर्व पर विशेष

# सर्वकार्य सिद्ध परम दिवस अक्षय तृतीया



सुरेश सिंह बैस शाश्वत

**अक्षय तृतीया का पर्व छत्तीसगढ़ में अक्ती के नाम से बड़े जोरशोर और उत्सवपूर्ण माहेल में मनाया जाता है। इसदिन छोटे बच्चों द्वारा गुड्डे गुड़िया की शादी रचाई जाती है। शास्त्रों में ऐसा माना गया है कि अक्ती के दिन किया जाने वाला शुभ कार्य अक्षय होता है। इसी लिये लोग इस दिन गरीबों को दान दक्षिणा देकर पुण्य लाभ कमाते है। पीने के पानी का प्याऊ भी कुछ लोगो द्वारा इसी दिन खुलवाया जाता है। अक्षय तृतीया को पितरों को तर्पण भी किया जाता है। इसको त्रेतायुग का प्रारंभ भी माना जाता है । इसलिये इसे युगादी तिथि भी कहा जाता है। इस दिन को युगादी तिथी भी कहा जाता है। इस दिन पवित्र नदियों में स्नान का भी विशेष महत्व है। अक्षय तृतीया को ही भगवान परशुराम का जन्म दिवस भी माना गया है। अक्षय तृतीया को मिटटी के गुड्डे गुड्डियों का विवाह कुंवारी लड़कियो द्वारा किया जाता है। इस दिन सर्व कार्य सिद्ध होने से स्वयं ही आज का दिन एक सुयोग मूहूर्त होता है। खासकर छत्तीसगढ़ अंचल में ही आज का दिन एक सुयोग मूहूर्त होता है। खासकर आज का दिवस खास महत्वपूर्ण माना जाता है। वैवाहिक कार्यों के लिये शहर में तथा गांवो में ही जगह जगह शादियों की धूम रहती है। वहीं बच्चों द्वारा गुड़िया की शादी में भी घर घर उत्साह का माहौल रहता है। शादी ब्याह का गूढ़ार्थ समझे बगैर बच्चे अपने गुड्डे गुड्डियों के शादी निपटाते हैं। दो सहेलियां मिलती है तो एक गुडडा ले लेती है और उसे दूल्हा बनाती हैं। दूसरी सहेली गुडडी लेकर उसे दुल्हन बनाती है। और दोनों सहेलियां मिलजुलकर रचा डालती है अपने अपने गुड्डे गुड्डियों की शादियां ।**

पहले इस दिन लोग मिटटी के पुतले बनाकर उसे वस्त्र पहनाकर गुड्डे एवं गुडियां का रुप प्रदान करते थे। अब समय बदलने के साथ अक्ती का रुप भी बदल गया है। बाजार मे अब रेडीमेंड दुल्हा दुल्हन (गुडडा गुड़िया) बच्चों द्वारा इन्हे अपने घरों में खरीदकर अपने छोटे मंडप सजाये जाते है। इस मंडप मे तेल, हल्दी, मंगरोहन, मौर ,कंकन, करवा, कलश, एवं दहेज आदि-सभी सामान मौजूद रहता है। सारी व्यवस्थाएं बिल्कुल वास्तविक विवाह के समान रहती है। और ऐसे ही गुड्डे - गुड्डियों का विवाह सम्पन्न करा दिया जाता है। इस अवसर पर घर के बड़े बुजुर्ग भी एकदम तटस्ट नहीं रह पाते बल्कि दर्शक होते हुये भी उनका मार्ग निर्देशन संपूर्ण संस्कार एवं क्रियाकलापों को पूरा करवाने के समय बच्चों को मिलता रहता है। अक्षय तृतीया के दिन भारत भर में हजारों लाखों की तादाद में शादियां निपटाई जाती है। गुड्डे गुड्डियों के साथ सचमुच को शादियों का भी नजारा सर्वत्र छाया रहता है। ग्रामीण परिवेश में एक गलत परंपरा के निर्वाह के लिये इस दिन अवयस्क बच्चों की शादियां भी हजारों की तादाद में कराई जाती है। जो नियम कानून का उल्लंघन तो है ही साथ ही साथ गलत परंपरा भी है। अवयस्क बच्चों का विवाह करना पूरी तरह से अवैध होता है। खैर अब धीरे-धीरे ही सही इस समस्या और गलत परंपरा पर अंकुश लगाते जा रहा है । ग्रीष्म ऋतु का सबसे महत्वपूर्ण त्यौहार अक्षय तृतीया को ही माना जाता है। हिन्दू वर्ष नववर्ष के अनुसार वर्ष का प्रथम त्यौहार का दर्जा भी इसे प्राप्त है। वही इस दिन से विवाह कार्यों को प्रारंभ करने की परंपर भी लोगो मे व्याप्त है। छत्तीसगढ़ मे बाल विवाह की रस्में इसी दिन पूरी की जाती है। एक महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि बैशाख शुक्ल तीज के दिन गांवो मे किसानो द्वारा मनाया जाने वाला पर्व अक्ती नये फसल एवं नवसंवतोत्सव का त्यौहार है। इसमें कुछ विभिन्नता क्षेत्रों के अलग-अलग भागो में पाई जाती है जैसे खैरागढ़ क्षेत्र में किसानों द्वारा इस दिन तिवरा, मसूर, चना, उड़द, महुआ को फोड़कर लाई बनाया जाता है फिर इन्हे परसा के पत्तो से बने पांच दोनों में रखकर भगवान के समक्ष पूजा किया जाता है। वही पर प्रतिकात्मक रुप से धान छांटकर लोहे (नागर) से जोता जाता है। दूसरे क्षेत्र मे लोग मिटटी की हुण्डी में पानी भरकर उसे मिटटी के तीन दलो के ऊपर रखते हैं। हंडी से पानी रिसने के बाद जो दल पहले भिगेगा उसके अनुसार कई क्षेत्रों में आभाष सावन भादों में व जिस महीने में अच्छी-वर्षा होगी उसका अनुमान लगाया जाता है। इस प्रकार वैशाख सुदी तीन अक्ती का यह-पर्व भारतीय संस्कृति के घटक के रुप में परम शुभ दिन व आस्था के साथ मनाया जाता है। कहते है इसी दिन से मटका (मिटटी की) पूजा कर उसका प्रयोग प्रारंभ किया जाना चाहिये। गुरु ब्राहमण आदि को मटका दान देने की प्रथा भी प्रचलित है। इस शुभलग्न बेला में प्रयागराज गयाजी से पितृ गणों का नायगा विधान के माध्यम से अंतिम श्राद्ध देकर मोक्षगति प्रदान करने का भी दिवस अक्षय तृतीया के दिन माना गया है। वैदिक महत्व के रुप में देखे तो हमे ज्ञात होगा की इस अवसर पर कन्यादान का विशेष महत्व माना गया है। कन्या का दान महादान के रुप हिन्दू धर्म मे प्रतिष्ठित है। जिसे काठ की या मिटटी की गुड़िया (कन्या) का विवाह विधिविधान से रचाकर उसका कन्यादान कर महादान का पुण्य प्राप्त किया जाता है ।

## जिज्ञासा

### बर्ड वुमैन ऑफ इंडिया

वह हमेशा पक्षियों को निहारती रहती थी। एक दिन उसका विवाह हुआ और एक प्यारी-सी बिटिया भी हुई। ससुराल की परेशानियों से तंग आकर, वह अपनी बेटी के साथ अपने चचेरे भाई के पास चली गई, जो वन विभाग में अधिकारी था। वहां रांची और पलामू के आसपास के जंगलों में मां-बेटी को अनगिनत पक्षियों की चहचहाहट और उड़ान के अद्भुत दृश्य देखने का मौका मिला। धीरे-धीरे उसकी मुलाकात एक अंग्रेज अधिकारी की पत्नी से हुई, जो वहां रहती थी। उस महिला ने उसे प्रेरित किया और कहा, 'तुम हमेशा पक्षियों को देखती रहती हो, क्यों न इसे कहीं दर्ज किया जाए? लिखने से तुम्हारी अंग्रेजी भी बेहतर हो जाएगी।' इस प्रेरणा से, उसने 21 साल की उम्र में पक्षियों के बारे में लिखना शुरू किया। उसकी लिखी सामग्री एक दिन देश की प्रसिद्ध पर्यावरण पत्रिका में प्रकाशित हुई। जब उसने अपने नाम के साथ 'पक्षी प्रेमी' पढ़ा, तो वह अत्यधिक भाव-विभोर हो गई। 1949 में उसने नियमित रूप से लिखना शुरू किया और अब तक 60 से अधिक शोध पत्र लिखे। उसकी यही विशेषता उसे अमेरिका और अन्य देशों तक ले गई। उसने बच्चों के लिए एक गाइड 'वॉचिंग बर्ड्स' भी लिखी। जब वह रेडियो पर पक्षियों के बारे में बोलती थी, तो लोग मंत्रमुग्ध होकर उसे सुनते थे। उसने पक्षियों की बारीक विशेषताएं सभी को बताईं। प्रसिद्ध पक्षी विज्ञानी सलीम अली ने उसे 'बर्ड वुमैन ऑफ इंडिया' का खिताब दिया। वह थीं जमाल आरा।

## आज का राशिफल



**मेषः** धन प्राप्ति सुगम होगी। पराक्रम बढ़ेगा। जीवनसाथी से आर्थिक मतभेद हो सकते हैं। कामकाज में आशानुरूप स्थिति बनेगी। संतान के व्यवहार पर नजर रखें। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। स्वादिष्ट भोजन का आनंद मिलेगा।

**वृषभः** आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी। आपके व्यवहार एवं कार्यकुशलता से अधिकारी वर्ग से लाभ होगा। आपसी विचार-विमर्श लाभप्रद रहेगा। बुरी खबर मिल सकती है। वाणी पर नियंत्रण रखें। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। लेन-देन में सावधानी रखें।

**मिथुनः** धनलाभ होगा। प्रसन्नता बनी रहेगी। वाहन सुख मिलेगा। संपत्ति के लेन-देन में सावधानी बरतें। परिवार में सहयोग का वातावरण रहेगा। मेहनत का फल मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। यात्रा सफल रहेगी। व्यापार-व्यवसाय अच्छा चलेगा।

**कर्क :** पुराने मित्र-संबंधी मिलेंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। कार्य एवं व्यवसाय के क्षेत्र में विभिन्न बाधाओं से मन अशांत रहेगा। विवादों से दूर रहना चाहिए। उत्साहवर्द्धक सूचना मिलेगी। स्वाभिमान बढ़ेगा। आर्थिक तंगी रहेगी। पारिवारिक तनाव से मन परेशान रहेगा।

**सिंहः** अप्रत्याशित लाभ होगा। राजकीय सहयोग मिलेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। जोखिम बिलकुल न लें। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। व्यापार व नौकरी में हितकारकों की पूर्ण कृपा रहेगी। गृह उपयोगी वस्तुएं क्रय करेंगे।

**कन्याः** पारिवारिक जीवन अच्छा रहेगा। रुका पैसा मिलेगा। शत्रु आपकी छवि को धूमिल करने का प्रयास करेंगे। अतः सावधान रहें। फालतू खर्च होगा। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। कुसंगति से बचें। दूसरों पर भरोसा न करें।

**तुलाः** दांपत्य जीवन सुखद रहेगा। पूंजी निवेश बढ़ेगा। साहित्यिक रुचि बढ़ेगी। आर्थिक योग शुभ हैं। यात्रा से व्यापारिक लाभ हो सकता है। रुका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। विवाद न करें। व्यवसाय ठीक चलेगा।

**वृश्चिक :** नए अनुबंध होंगे। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। निवेश शुभ रहेगा। जल्दबाजी व भागदौड़ से काम करने की प्रवृत्ति पर रोक लगाएँ। अच्छे मित्र से भेंट होगी। पराक्रम की वृद्धि होगी। समाज-परिवार में आदर मिलेगा। योजना फलीभूत होगी।

**धनुः** कार्यसिद्धि होगी। आय-व्यय में संतुलन रहेगा। क्रोध पर संयम आवश्यक है। व्यापार में नए अनुबंध लाभकारी रहेंगे। धर्म में रुचि बढ़ेगी। नई योजना से लाभ होगा। धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। वरिष्ठजनों का सहयोग मिलेगा।

**मकरः** संतान की ओर से अच्छे समाचार मिलेंगे। दूसरों के कार्यों में हस्तक्षेप नहीं करें। परिवार की चिंता रहेगी। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। वाणी पर नियंत्रण रखें। व्यापार के विस्तार हेतु किए गए प्रयास सफल होंगे।

**कुंभ :** लाभ होगा। पिछले कार्यों को टालना चाहिए क्योंकि उसमें असफलता का योग है। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। राजकीय बाधा दूर होगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। अनावश्यक विवाद होगा। व्यावसायिक योजनाएँ क्रियान्वित नहीं हो पाएँगी।

**मीनः** प्रसन्नता रहेगी। संपत्ति के कार्य लाभ देंगे। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। संतान के रोजगार की समस्या का समाधान संभव है। व्यापार-व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। कशमकश दूर होगी। स्वजनों से भेंट होगी। खर्चों में वृद्धि से चिंता होगी।

## आज का पंचांग

30 अप्रैल को वैशाख शुक्ल पक्ष की उदया तिथि तृतीया और बुधवार का दिन है। तृतीया तिथि आज दोपहर 2 बजकर 13 मिनट तक रहेगी। आज दोपहर 12 बजकर 2 मिनट तक शोभन योग रहेगा। साथ ही आज शाम 4 बजकर 18 मिनट तक रोहिणी नक्षत्र रहेगा। इसके अलावा आज अक्षय तृतीया मनाई जाएगी। अक्षय तृतीया के दिन सोने-चांदी की खरीदारी और शुभ कार्यों की शुरुआत करना अच्छा माना जाता है।

30 अप्रैल 2025 का शुभ मुहूर्त

वैशाख शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि- 30 अप्रैल 2025 को दोपहर 2 बजकर 13 मिनट तक रहेगी, इसके बाद चतुर्थी तिथि लग जाएगी

शोभन योग- 30 अप्रैल को दोपहर 12 बजकर 2 मिनट तक

रोहिणी नक्षत्र- 30 अप्रैल को शाम 4 बजकर 18 मिनट तक

व्रत-त्योहार- 30 अप्रैल को अक्षय तृतीया मनाई जाएगी। इस दिन किसी भी कार्य को करने के लिए शुभ मुहूर्त देखने की आवश्यकता नहीं होती। इसलिए इसे अबूझ मुहर्त भी कहा जाता है।

सूर्योदय-सूर्यास्त का समय

सूर्योदय- सुबह 5:41 बजे

सूर्यास्त- शाम 6:55 बजे

THIS IS A PUBLIC ANNOUNCEMENT FOR INFORMATION PURPOSES ONLY AND IS NOT A PROSPECTUS ANNOUNCEMENT. THIS DOES NOT CONSTITUTE AN INVITATION OR OFFER TO ACQUIRE, PURCHASE OR SUBSCRIBE TO SECURITIES. THIS PUBLIC ANNOUNCEMENT IS NOT INTENDED FOR PUBLICATION OR DISTRIBUTION, DIRECTLY OR INDIRECTLY OUTSIDE INDIA.

TANKUP
FUELLING YOUR GROWTH

# TANKUP ENGINEERS LIMITED

Our Company was originally incorporated as a Private Limited Company under the name "Tankup Engineers Private Limited" on November 03, 2020 under the provisions of the Companies Act, 2013 with the Registrar of Companies, Central Registration Centre with CIN: U74999UP2020PTC137401. Further, Fresh Certificate of Incorporation dated August 25, 2023 issued by the Registrar of Companies, Kanpur, consequent upon change in the object of the Company, bearing CIN: U29109UP2020PTC137401. Subsequently, our Company was converted into a Public Limited Company vide Special Resolution passed by the Shareholders at the Extraordinary General Meeting, held on April 23, 2024 and consequently the name of our Company was changed from "Tankup Engineers Private Limited" to "Tankup Engineers Limited" vide a fresh certificate of incorporation dated July 24, 2024, issued by the Assistant Registrar of Companies, Central Processing Centre bearing CIN: U29109UP2020PLC137401.

**Registered Office:** 1262, SA Goila, Chinhat, Lucknow-226019, Uttar Pradesh, India.
**Tel No:**+91-7800008707; **E-mail:** cs@tankup.co.in; **Website:** www.tankup.co.in; **CIN:** U29109UP2020PLC137401;
**Contact Person:** Rajat Srivastava, Company Secretary & Compliance Officer

**OUR PROMOTERS: GOVIND PRASAD LATH, GAURAV LATH, PANKHURI LATH, AND TANK-UP PETRO VENTURES LLP**

**"THE ISSUE IS BEING MADE IN ACCORDANCE WITH CHAPTER IX OF THE SEBI ICDR REGULATIONS (IPO OF SMALL AND MEDIUM ENTERPRISES) AND THE EQUITY SHARES ARE PROPOSED TO BE LISTED ON SME PLATFORM OF NSE (NSE EMERGE)."**

We are engaged in the business of manufacturing specialised vehicle superstructure for complex mobility and storage solutions of various capacities. This involves manufacturing large containers or tank like solutions used for transporting/ storing various materials, which could include liquids, gases or solids, depending on customer product range. These tanks may be custom-built to meet specific client requirements regarding size, material, capacity, and features. We cater to a broad spectrum of end-use industries like: Petroleum, Mining, Infrastructure, Defence etc. Our manufacturing activity involves focus on fabrication of tanks dedicated to delivering mobile solutions that may be deployed for a wide range of commercial use.

## BASIS OF ALLOTMENT

INITIAL PUBLIC OFFER OF 13,95,000 EQUITY SHARES OF FACE VALUE OF ₹ 10/- EACH (THE "EQUITY SHARES") OF TANKUP ENGINEERS LIMITED ("OUR COMPANY" OR "THE ISSUER") AT AN ISSUE PRICE OF ₹ 140/- PER EQUITY SHARE FOR CASH, AGGREGATING UP TO ₹1,953 LAKHS ("PUBLIC ISSUE") OUT OF WHICH 70,000 EQUITY SHARES OF FACE VALUE OF ₹ 10/- EACH, AT AN ISSUE PRICE OF ₹ 140/- PER EQUITY SHARE FOR CASH, AGGREGATING ₹ 98.00 LAKHS WILL BE RESERVED FOR SUBSCRIPTION BY THE MARKET MAKER TO THE ISSUE (THE "MARKET MAKER RESERVATION PORTION") AND UPTO 36,000 EQUITY SHARES AGGREGATING UP TO ₹ 50.40 LAKHS FOR SUBSCRIPTION BY ELIGIBLE EMPLOYEES (AS DEFINED HEREINAFTER) (THE "EMPLOYEE RESERVATION PORTION"). THE PUBLIC ISSUE LESS MARKET MAKER RESERVATION PORTION AND EMPLOYEE RESERVATION PORTION I.E. ISSUE OF 12,89,000 EQUITY SHARES OF FACE VALUE OF ₹ 10/- EACH, AT AN ISSUE PRICE OF ₹ 140/- PER EQUITY SHARE FOR CASH, AGGREGATING UPTO ₹ 1,804.60 LAKHS IS HEREIN AFTER REFERRED TO AS THE "NET ISSUE". THE PUBLIC ISSUE AND NET ISSUE WILL CONSTITUTE 26.35% AND 24.34 % RESPECTIVELY OF THE POST- ISSUE PAID-UP EQUITY SHARE CAPITAL OF OUR COMPANY.

**THE FACE VALUE OF THE EQUITY SHARE IS RS.10/- AND ISSUE PRICE IS RS. 140/- EACH. THE ISSUE PRICE IS 14.0 TIMES OF THE FACE VALUE OF THE EQUITY SHARE**
**ANCHOR INVESTOR ISSUE PRICE: RS. 140/- PER EQUITY SHARE. THE ISSUE PRICE IS 14.0 TIMES OF THE FACE VALUE**

**BID/ ISSUE PERIOD**

**ANCHOR INVESTOR BIDDING DATE WAS: TUESDAY, APRIL 22, 2025**
**BID / ISSUE OPENED ON: WEDNESDAY, APRIL 23, 2025**
**BID / ISSUE CLOSED ON: FRIDAY, APRIL 25, 2025**

## RISKS TO INVESTORS:

a) Our business is dependent on the sale of our products to certain key customers. The loss of any of these customers or loss of revenue from sales to these customers could have a material adverse effect on our business, financial condition, results of operations and cash flows.
b) We are subject to strict quality requirements, customer inspections and audits, and any failure to comply with quality standards may lead to cancellation of existing and future orders and could negatively impact our reputation and our business and results of operations and future prospects
c) We derive a significant portion of our revenue from the sale of our key product i.e. Refuellers. Any decline in the sales of our key product could have an adverse effect on our business, results of operations and financial condition.
d) Our business is substantially dependent on our design and engineering teams to accurately carryout the estimates and engineering studies for potential orders. Any deviation during the execution of the order as compared to our estimates could have a material adverse effect on our cashflows, results of operations and financial condition.
e) We may be subject to risks associated with product warranty.
f) Our Company was incorporated on November 03, 2020, thus, we have limited operating history as a Company which may make it difficult for investors to evaluate our historical performance or future prospects.
g) Our manufacturing activities require deployment of labour and depend on availability of labour. In case of unavailability of such labour, our business operations could be affected.
h) We generate our major portion of turnover from our operations in certain geographical regions and any adverse developments affecting our operations in these regions could have an adverse impact on our revenue and results of operations.
i) Any delay, interruption or reduction in the supply of raw materials to manufacture our products may adversely affect our business, results of operations, cash flows and financial condition.
j) The restated financial statements have been provided by peer reviewed chartered accountants who is not statutory auditor of our Company.
k) The Merchant Banker associated with the Issue has handled 60 public issues in the past three years out of which 2 SME Issue closed below the Issue Price on listing date.

| Name of BRLM | Total Issue | | Issue closed below IPO Price on listing date |
|---|---|---|---|
| | Mainboard | SME | |
| Hem Securities Limited | 2 | 58 | 2 (SME) |

l) Average cost of acquisition of Equity Shares held by the Promoters are

| Sr. No. | Name of the Promoters | Average cost of Acquisition (in ₹) |
|---|---|---|
| 1. | Gaurav Lath | 13.39 |
| 2. | Pankhuri Lath | 0 |
| 3. | Govind Prasad Lath | 0 |
| 4. | Tank-Up Petro Ventures LLP | 1.01 |

and the Issue Price at the upper end of the Price Band is Rs. 140 per Equity Share.
m) The Price/ Earnings ratio based on Diluted EPS for Fiscal 2024 for the company at the upper end of the Price Band is 14.99 Times.
n) Weighted Average Return on Net worth for Fiscals 2024, 2023 and 2022 is 62.38%.
o) The Weighted average cost of acquisition of all Equity Shares transacted in the last one year, 18 months and three years from the date of Prospectus is as given below:

| Period | Weighted Average Cost of Acquisition (in Rs.) | Upper end of the Price Band (Rs. 140) is 'X" times the weighted Average cost of Acquisition | Range of acquisition price: Lowest Price – Highest Price (in Rs.) |
|---|---|---|---|
| Last 1 year | 4.22 | 33.16 | 0-13.4 |
| Last 18 months | 4.22 | 33.16 | 0-13.4 |
| Last 3 years | 4.45 | 31.44 | 0-13.4 |

p) The Weighted average cost of acquisition compared to Floor Price and Cap Price.

| Types of transactions | Weighted Average Cost of Acquisition (₹ per Equity Shares) | Floor price* (i.e. ₹133) | Cap price* (i.e. ₹140) |
|---|---|---|---|
| Weighted average cost of acquisition of primary / new issue | 13.39 | 9.93 times | 10.46 times |
| Weighted average cost of acquisition for secondary sale / acquisition | NA^ | NA^ | NA^ |

*Note: ^There were no secondary sales / acquisition of shares of shares (equity/ convertible securities) other than Shares transfer on in last 18 months from the date of this Prospectus.*

## PROPOSED LISTING: WEDNESDAY, APRIL 30, 2025*

The Issue was being made through the Book Building Process, in terms of Rule 19(2)(b)(i) of the Securities Contracts (Regulation) Rules, 1957, as amended ("SCRR") read with Regulation 253 of the SEBI ICDR Regulations, as amended, wherein not more than 50% of the Net Issue was available for allocation on a proportionate basis to Qualified Institutional Buyers ("QIBs", the "QIB Portion"), Our Company in consultation with the Book Running Lead Manager has allocated upto 60% of the QIB Portion to Anchor Investors on a discretionary basis in accordance with the SEBI ICDR Regulations ("Anchor Investor Portion"). Further, not less than 15% of the Net Issue shall be available for allocation on a proportionate basis to Non-Institutional Bidders and not less than 35% of the Net Issue was made available for allocation to Retail Individual Bidders in accordance with the SEBI (ICDR) Regulations, subject to valid Bids being received at or above the Issue Price. All potential Bidders (except Anchor Investors) were required to mandatorily utilise the Application Supported by Blocked Amount ("ASBA") process providing details of their respective ASBA accounts, and UPI ID in case of RIBs using the UPI Mechanism, if applicable, in which the corresponding Bid Amounts will be blocked by the SCSBs or by the Sponsor Bank under the UPI Mechanism, as the case may be, to the extent of respective Bid Amounts. Anchor Investors were not permitted to participate in the Issue through the ASBA process. For details, see ***"Issue Procedure"*** beginning on page 252 of the Prospectus.

The investors are advised to refer to the Prospectus for the full text of the Disclaimer clause pertaining to NSE. For the purpose of this Issue, the designated Stock Exchange will be the National Stock Exchange of India Limited. The trading is proposed to be commenced on or before **Wednesday, April 30, 2025***

**Subject to the receipt of listing and trading approval from the NSE **("NSE Emerge").***

## SUBSCRIPTION DETAILS

The bidding for Anchor Investors opened and closed on Tuesday, April 22, 2025. The Company received 03 Anchor Investors applications for 4,29,000 Equity Shares. The Anchor Investor Allocation price was finalized at 140/- per Equity Share. A total of 3,85,000 Equity Shares were allotted under the Anchor Investors portion aggregating to Rs. 5,39,00,000/-.

The Issue (excluding Anchor Investors Portion) received 22,715 Applications for 116993000 Equity Shares (after considering invalid bids, Other than RC10 Transaction declined by Investors, RC10 Mandate not accepted by Investors and Withdrawal/ Cancelled Bids reported by SCSB and rejections) resulting 115.83 times subscription (including reserved portion of market maker, Employee reservation and excluding anchor investor portion). The details of the Applications received in the Issue from various categories are as under (before rejections):

**Detail of the Applications Received (excluding Anchor Investors Portion):**

| Sr. No. | Category | Number of Applications | No. of Equity Shares applied | Equity Shares Reserved as per Prospectus | Spill Over / Deficit* | No. of times Subscribed | Amount (Rs.) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Qualified Institutional Buyers (excluding Anchor Investors) | 22 | 11251000 | 258000 | 10000 | 41.98 | 3,75,20,000 |
| 2. | Non-Institutional Bidders | 1930 | 84904000 | 194000 | 3000 | 430.98 | 2,75,80,000 |
| 3. | Retail Individual Investors | 20753 | 20753000 | 452000 | 8000 | 45.12 | 6,44,00,000 |
| 4. | Market maker | 1 | 70000 | 70000 | - | 1.00 | 98,00,000 |
| 5. | Eligible Employees | 9 | 15000 | 36000 | -21000 | 0.42 | 21,00,000 |
| | **TOTAL** | **22715** | **116993000** | **1010000** | | | 14,14,00,000 |

*The 21,000 equity shares spilled over from Employee category to QIB, NII & Retail categories with the ratio of 50:15:35

**Final Demand:**
A summary of the final demand as per NSE as on the Bid/ Issue Closing Date at different Bid prices is as under:

| Sr. No. | Bid Price | Bids Quantity | % of Total | Cumulative Total | % Cumulative Total |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 133.00 | 180000 | 0.1430 | 180000 | 0.1430 |
| 2 | 134.00 | 16000 | 0.0127 | 196000 | 0.1557 |
| 3 | 135.00 | 56000 | 0.0445 | 252000 | 0.2002 |
| 4 | 136.00 | 49000 | 0.0389 | 301000 | 0.2391 |
| 5 | 137.00 | 14000 | 0.0111 | 315000 | 0.2502 |
| 6 | 138.00 | 49000 | 0.0389 | 364000 | 0.2891 |
| 7 | 139.00 | 12000 | 0.0095 | 376000 | 0.2986 |
| 8 | 140.00 | 108943000 | 86.5293 | 109319000 | 86.8280 |
| 9 | CUT OFF | 16584000 | 13.1720 | **125903000** | **100.0000** |
| | **Total** | **125903000** | **100.00** | | |

The Basis of Allotment was finalized in consultation with the designated Stock Exchange, being National Stock Exchange of India Limited (***"NSE Emerge"***) on April 28, 2025.

**1) Allotment to Retail Individual Investors (After Rejections):**

The Basis of Allotment to the Retail Individual Investors, who have Bid at cut-off Price or at or above the Issue Price of ₹140 per Equity Share, was finalized in consultation with NSE. The category has been subscribed to the extent of 45.12 times. The total number of Equity Shares Allotted in this category is 4,60,000 Equity Shares to 460 successful applicants. The details of the Basis of Allotment of the said category are as under:

| No. of Shares Applied for (Category wise) | No. of Applications Received | % of Total | Total No. of Shares Applied | % to Total | No. of Equity Shares Allotted per Applicant | Ratio | Total No. of shares allocated/ allotted |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1000 | 20753 | 100 | 20753000 | 100 | 1000 | 460:20753 | 460000 |

*Including unsubscribed portion of 8000 Equity Shares from Employee Category.

**2) Allotment to Non-Institutional Investors (After Rejections):**

The Basis of Allotment to the Non-Institutional Investors, who have bid at the Issue Price of ₹140 per Equity Share was finalized in consultation with NSE. The category has been subscribed to the extent of 430.98 times (after rejection). The total number of Equity Shares Allotted in this category is 1,97,000 Equity Shares to 187 successful applicants. The details of the Basis of Allotment of the said category are as under:

| No. of Shares applied for (Category wise) | Number of applications received | % to total | Total No. of Shares applied in each category | % to total | No of equity shares Allocation per Applicant | Ration of allottees to applicants | Total No. of shares allocated/alloted |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2000 | 257 | 13.31 | 514000 | 0.6 | 1000 | 1:257 | 1000 |
| 5000 | 70 | 3.62 | 350000 | 0.41 | 1000 | 1:70 | 1000 |
| 7000 | 294 | 15.23 | 2058000 | 2.42 | 1000 | 5:294 | 5000 |
| 8000 | 181 | 9.37 | 1448000 | 1.7 | 1000 | 3:181 | 3000 |
| 9000 | 50 | 2.59 | 450000 | 0.53 | 1000 | 1:50 | 1000 |
| 10000 | 81 | 4.19 | 810000 | 0.95 | 1000 | 2:81 | 2000 |
| 11000 | 35 | 1.81 | 385000 | 0.45 | 1000 | 1:35 | 1000 |
| 13000 | 22 | 1.13 | 286000 | 0.33 | 1000 | 1:22 | 1000 |
| 14000 | 84 | 4.35 | 1176000 | 1.38 | 1000 | 3:84 | 3000 |
| 15000 | 54 | 2.79 | 810000 | 0.95 | 1000 | 2:54 | 2000 |
| 569000 | 1 | 0.05 | 569000 | 0.67 | 1000 | 1:1 | 1000 |

| No. of Shares applied for (Category wise) | Number of applications received | % to total | Total No. of Shares applied in each category | % to total | No of equity shares Allocation per Applicant | Ration of allottees to applicants | Total No. of shares allocated/alloted |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 572000 | 1 | 0.05 | 572000 | 0.67 | 1000 | 1:1 | 1000 |
| 587000 | 1 | 0.05 | 587000 | 0.69 | 1000 | 1:1 | 1000 |
| 604000 | 1 | 0.05 | 604000 | 0.71 | 1000 | 1:1 | 1000 |
| 627000 | 1 | 0.05 | 627000 | 0.73 | 1000 | 1:1 | 1000 |
| 634000 | 1 | 0.05 | 634000 | 0.74 | 1000 | 1:1 | 1000 |
| 636000 | 1 | 0.05 | 636000 | 0.74 | 1000 | 1:1 | 1000 |
| 637000 | 1 | 0.05 | 637000 | 0.75 | 1000 | 1:1 | 1000 |
| 644000 | 3 | 0.15 | 1932000 | 2.27 | 1000 | 1:1 | 3000 |
| 644000 | | 1000 additional shares allocated in the ratio of 1:3 | | | 1000 | 1:3 | 1000 |
| 646000 | 19 | 0.98 | 12274000 | 14.45 | 1000 | 1:1 | 19000 |
| 646000 | | 1000 additional shares allocated in the ratio of 9:19 | | | 1000 | 9:19 | 9000 |

* Including Unsubscribed portion of 3000 Equity Shares from Employee Category.

**3) Allotment to Employee Investors (After Technical Rejections):**

The Basis of Allotment to the Employee Investors, who have bid at the Issue Price of Rs. 140 per Equity Share was finalized in consultation with NSE. The category has been subscribed to the extent of 0.42 times (after technical rejection). The total number of Equity Shares Allotted in this category is 15,000** Equity Shares to 9 successful applicants. The details of the Basis of Allotment of the said category are as under.

| No. of Shares Applied for (Category wise) | No. of Applications Received | % to total | Total No. of Equity Shares applied | % to total | No. of Equity Shares allotted per applicant | Ratio | Total No. of Equity Shares allotted |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1000 | 5 | 55.55 | 5000 | 33.33 | 1000 | 1:1 | 5000 |
| 2000 | 2 | 22.22 | 4000 | 26.66 | 2000 | 1:1 | 4000 |
| 3000 | 2 | 22.22 | 6000 | 40.00 | 3000 | 1:1 | 6000 |

Unsubscribed portion of 21000 Equity Shares spilled over to QIBs, NIB and Retail Individual Investor Categories in the ratio of 50:15:35

**4) Allotment to Market Maker:**

The Basis of Allotment to Market Maker who have bid at Issue Price of ₹140/- per Equity Shares, was finalized in consultation with NSE. The category was subscribed by 1.00 times i.e. for 70,000 Equity shares the total number of shares allotted in this category is 70,000 Equity Shares. The category wise details of the Basis of Allotment are as under:

| No. of Shares Applied for (Category wise) | No. of Applications received | % to total | Total No. of Equity Shares applied in this Category | % to total | No. of Equity Shares allocated/ allotted per Applicant | Ratio | Total No. of shares allocated/allotted |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 70000 | 1 | 100.00 | 70000 | 100.00 | 70000 | 1:1 | 70000 |

**5) Allotment to QIBs excluding Anchor Investors (After Rejections):**

Allotment to QIBs, who have bid at the Issue Price of ₹140/- per Equity Share has been done on a proportionate basis in consultation with NSE. This category has been subscribed to the extent of 41.98 times of QIB portion. The total number of Equity Shares allotted in the QIB category is 268000 Equity Shares, which were allotted to 22 successful Applicants.

| CATEGORY | FIS/BANKS | MF'S | IC'S | NBFC'S | AIF | FPI | VC'S | TOTAL |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **QIB** | - | - | 6000 | 45000 | 126000 | 91000 | - | **268000** |

* Including Unsubscribed portion of 10000 Equity Shares from Employee Category.

**6) Allotment to Anchor Investors (After Technical Rejections):**

The Company in consultation with the BRLM has allocated 3,85,000 Equity Shares to 3 Anchor Investors at the Anchor Investor Issue Price of ₹140 per Equity Shares in accordance with the SEBI (ICDR) Regulations. This represents upto 60% of the QIB Category.

| CATEGORY | FIS/BANKS | MF'S | IC'S | NBFC'S | AIF | FPI | VC'S | TOTAL |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **ANCHOR** | - | - | - | - | 385000 | - | - | **385000** |

The Board of Directors of our Company at its meeting held on Monday, April 28, 2025 has taken on record the basis of allotment of Equity Shares approved by the designated Stock Exchange, being NSE and has allotted the Equity Shares to various successful applicants. The Allotment Advice Cum Refund Intimation will be dispatched to the address of the investors as registered with the depositories. Further, instructions to the SCSBs have been dispatched / mailed for unblocking of funds and transfer to the Public Issue Account on or before April 29, 2025. In case the same is not received within four working days, Investors may contact the Registrar to the Issue at the address given below. The Equity Shares allotted to the successful allottees shall be uploaded on April 29, 2025 for credit into the respective beneficiary accounts subject to validation of the account details with the depositories concerned. The Company is in the process of obtaining the listing and trading approval from NSE and the trading of the Equity Shares is expected to commence trading on Wednesday, April 30, 2025.

**Note:** All capitalized terms used and not defined herein shall have the respective meanings assigned to them in the Prospectus dated April 28, 2025 filed with the Registrar of Companies, Kanpur, Uttar Pradesh, ("RoC").

*Continued on next page*

Continued from previous page

**INVESTORS, PLEASE NOTE**

**The details of the allotment made has been hosted on the website of the Registrar to the Issue, Bigshare Services Private Limited at website: www.bigshareonline.com**

**TRACK RECORD OF BOOK RUNNING LEAD MANAGER:** The BRLM associated with the Issue has handled 60 Public Issues in the past three financial years, out of which 2 issue was closed below the Issue/ Offer Price on listing date:

| Name of BRLM | Total Issue | | Issue closed below IPO Price on listing date |
|---|---|---|---|
| | Mainboard | SME | |
| Hem Securities Limited | 2 | 58 | 2 (SME) |

All future correspondence in this regard may kindly be addressed to the Registrar to the Issue quoting full name of the First/ Sole Bidder Serial number of the ASBA form, number of Equity Shares bid for, Bidder DP ID, Client ID, PAN, date of submission of the Bid cum Application Form, address of the Bidder, the name and address of the Designated Intermediary where the Bid cum Application Form was submitted by the Bidder and copy of the Acknowledgment Slip received from the Designated Intermediary and payment details at the address given below:

**Bigshare Services Private Limited**
**Address:** S6-2, 6th Floor, Pinnacle Business Park, Next to Ahura Centre, Mahakali Caves Road, Andheri (East) Mumbai-400093, Maharashtra, India.
**Tel No:** +91-22 6263 8200; **Email:** ipo@bigshareonline.com
**Investor Grievance Email:** investor@bigshareonline.com
**Contact Person:** Babu Rapheal C.
**Website:** www.bigshareonline.com
**SEBI Registration No.:** INR000001385; **CIN:** U99999MH1994PTC076534

On behalf of Board of Directors
Tankup Engineers Limited
Sd/-
Rajat Srivastava
Company Secretary and Compliance Officer

Place: Lucknow
Date: April 29, 2025

**THE LEVEL OF SUBSCRIPTION SHOULD NOT BE TAKEN TO BE INDICATIVE OF EITHER THE MARKET PRICE OF THE EQUITY SHARES ON LISTING OR THE BUSINESS PROSPECTS OF TANKUP ENGINEERS LIMITED**

***Disclaimer:*** *Tankup Engineers Limited has filed the Prospectus with the RoC on April 28, 2025 and thereafter with SEBI and the Stock Exchange. The Prospectus is available on the website of the BRLM, Hem Securities Limited at www.hemsecurities.com and the Company at: www.tankup.co.in , and shall also be available on the website of the NSE and SEBI. Investors should note that investment in Equity Shares involves a high degree of risk and for details relating to the same, please see **"Risk Factors"** beginning on page 29 of the Prospectus.*

*The Equity Shares have not been and will not be registered under the U.S. Securities Act of 1933, as amended (the **"Securities Act"**) or any state securities laws in the United States, and unless so registered, and may not be issued or sold within the United States, except pursuant to an exemption from, or in a transaction not subject to, the registration requirements of the Securities Act and in accordance with any applicable U.S. state securities laws. The Equity Shares are being Issued and sold outside the United States in 'offshore transactions' in reliance on Regulation under the Securities Act and the applicable laws of each jurisdiction where such Issues and sales are made. There will be no public Issuing in the United States.*



आईपीएल 2025

# वैभव बने टूर्नामेंट के इतिहास में सबसे कम उम्र के शतकवीर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** 14 साल के वैभव सूर्यवंशी को अगर छोटा पैकेट बड़ा धमाका कहा जाए तो गलत नहीं होगा। जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में राजस्थान रॉयल्स और गुजरात टाइटंस के बीच सोमवार शाम को खेले गए मैच में सूर्यवंशी का बल्ला ऐसा चला कि हर कोई उनका दीवाना बन गया। 14 साल की उम्र में वैभव ने महज 35 गेंदों में शतक जड़कर आईपीएल की रिकॉर्ड बुक को हिलाकर रख दिया। आइए, जानते हैं वैभव सूर्यवंशी ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ खेले गए मुकाबले में कौन-कौन से कीर्तिमान को ध्वस्त किया। दरअसल, वैभव सूर्यवंशी आईपीएल के इतिहास में सबसे तेज शतक लगाने वाले भारतीय बल्लेबाज बन गए हैं।

उनसे पहले ये कारनामा राजस्थान रॉयल्स की तरफ से खेलते हुए युसूफ पठान ने किया था, जिन्होंने 37 गेंद पर शतक लगाया था। हालांकि, वैभव ने युसूफ के रिकॉर्ड को तोड़ते हुए महज 35 गेंदों में ही ये कीर्तिमान अपने नाम कर लिया। आईपीएल में सबसे तेज शतक लगाने के मामले में वैभव के आगे अब सिर्फ क्रिस गेल हैं, जिनके नाम 30 गेंदों में शतक जड़ने का रिकॉर्ड दर्ज है। इसके अलावा, वैभव ने टी20 में सबसे कम उम्र के शतकवीर खिलाड़ी बनने का गौरव हासिल किया है। सूर्यवंशी ने महज 14 साल 32 दिन की उम्र में टी-20 में शतक लगाकर इतिहास रच दिया है।

इतना ही नहीं, अनकैप्ड बल्लेबाज की ओर से आईपीएल में सबसे तेज शतक लगाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में भी वैभव पहले नंबर पर हैं। उन्होंने प्रियांश आर्य के रिकॉर्ड को तोड़ा है, जिन्होंने इसी सीजन में 39 गेंद पर शतक लगाया था। वैभव ने सबसे तेज फिफ्टी बनाने वाले युवा बल्लेबाज का रिकॉर्ड भी अपने नाम किया है। वैभव ने महज 17 गेंदों पर 50 रन बनाए हैं। साथ ही 14 साल के वैभव आईपीएल की एक पारी में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले भारतीय बल्लेबाजों की लिस्ट में पहले नंबर पर आ गए हैं। वैभव सबसे कम उम्र के खिलाड़ी हैं, जिन्होंने 101 रनों की पारी में 11 छक्के लगाए। साथ ही वह एक आईपीएल पारी में राजस्थान रॉयल्स की ओर से सर्वाधिक छक्के लगाने वाले बल्लेबाज भी बन गए हैं। पिछले साल, वैभव आईपीएल नीलामी में खरीदे जाने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बन गए थे, जब उन्हें राजस्थान रॉयल्स ने 1.1 करोड़ रुपए में खरीदा था।

## सचिन तेंदुलकर ने बताई वैभव सूर्यवंशी की विस्फोटक बैटिंग की रेसिपी

### बेजोड़ खेल में इन 4 चीजों का दिखा मेल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल 2025 के 47वें मैच में जयपुर में रनों की बारिश देखने को मिली. राजस्थान रॉयल्स के 14 साल के सलामी बल्लेबाज ने आईपीएल के इतिहास का दूसरा सबसे तेज शतक जड़कर गुजरात टाइटंस के बड़े स्कोर को बौना साबित कर दिया. पहले बल्लेबाजी करते हुए गुजरात टाइटंस की टीम ने 20 ओवर में 4 विकेट पर 209 रन बनाए. लक्ष्य का पीछा करने उतरी राजस्थान रॉयल्स की टीम ने 25 गेंद शेष रहते 8 विकेट से इस मैच को जीत लिया. इस मैच के हीरो रहे 14 साल के वैभव सूर्यवंशी. जिन्होंने तूफानी शतक लगाकर गुजरात टाइटंस को घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया. वैभव की इस शानदार पारी की तरीफ मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदलुकर ने भी की. महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर खुद को वैभव सूर्यवंशी की तारीफ करने से नहीं रोक पाए. उन्होंने वैभव की पारी का वीडियो शेयर करते सोशल मीडिया के अपने हैंडल पर लिखा, वैभव की निडर अप्रोच, बैट स्पीड, गेंद की लेंथ को जल्दी समझना और बॉल की एनर्जी को ट्रांसफर करने की काबिलियत उनकी इस शानदार पारी का राज है. अंत में नतीजा 38 गेंदों पर 101 रन, बहुत बढ़िया खेल.



# सहवाग ने आईपीएल इतिहास के 10 बेस्ट भारतीय बैटर्स का किया चयन

### कोहली, रोहित, रैना, धोनी नहीं इन्हें रखा पहले नंबर पर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व ओपनर बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग ने आईपीएल इतिहास के 10 बेस्ट भारतीय बल्लेबाजों का चयन किया। कमाल की बात ये है कि इस लिस्ट में उन्होंने खुद को भी शामिल किया साथ ही इस लीग के इतिहास में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले विराट कोहली या फिर रोहित शर्मा, एमएस धोनी, सुरेश रैना को नहीं इस खिलाड़ी को उन्होंने पहले स्थान पर रखा।

वीरेंद्र सहवाग ने क्रिकबज पर आईपीएल इतिहास के 10 बेस्ट भारतीय बैटर्स का चयन किया और उन्होंने इस लिस्ट में पहले स्थान पर सचिन तेंदुलकर को रखा। तेंदुलकर ने इस लीग में साल 2008 से लेकर 2013 तक मुंबई इंडियंस के लिए खेला। इस अवधि के दौरान उन्होंने 78 मैच मुंबई के लिए खेले और इसमें उन्होंने एक शतक और 13 अर्धशतक समेत 2334 रन बनाए। सचिन का औसत इन मैचों में 34.84 का रहा जबकि उनका स्ट्राइक रेट 119.82 का रहा। सचिन का आईपीएल में बेस्ट स्कोर नाबाद 100 रन था।

सहवाग ने अपनी लिस्ट में विराट कोहली को दूसरे नंबर पर रखा जो इस लीग में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बैटर हैं और वो इस लीग में आरसीबी का प्रतिनिधित्व डेब्यू सीजन से लेकर अब तक कर रहे हैं। सहवाग की लिस्ट में तीसरे नंबर पर मुंबई को 5 बार चैंपियन बनाने वाले इस टीम के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा हैं जबकि मिस्टर आईपीएल के नाम से मशहूर सीएसके के पूर्व बल्लेबाज सुरेश रैना को उन्होंने चौथे स्थान पर जगह दी। सहवाग की लिस्ट में पांचवें नंबर पर एमएस धोनी हैं जो इस लीग से सबसे सफल विकेटकीपर हैं साथ ही सीएसके के लिए वो इस लीग में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बैटर भी हैं। छठे स्थान पर उन्होंने पूर्व ओपनर बल्लेबाज शिखर धवन को रखा जो इस लीग में कई टीमों के लिए खेले थे और कप्तानी भी की थी। वहीं सातवें नंबर पर उन्होंने केकेआर के दो बार चैंपियन बनाने वाले गौतम गंभीर को जगह दी। सहवाग ने खुद को लिस्ट में 8वें नंबर पर रखा जबकि नौवें स्थान पर उन्होंने केएल राहुल को रखा। सहवाग ने इस सूची में 10वें नंबर पर युसूफ पठान को रखा।

**सहवाग ने चुने आईपीएल इतिहास के 10 बेस्ट भारतीय बल्लेबाज**

- सचिन तेंदुलकर
- विराट कोहली
- रोहित शर्मा
- सुरेश रैना
- एमएस धोनी
- शिखर धवन
- गौतम गंभीर
- वीरेंद्र सहवाग
- केएल राहुल
- यूसुफ पठान

शाहिद अफरीदी पर भड़के शिखर धवन बोले-

# और कितना गिरोगे



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के पूर्व क्रिकेटर शिखर धवन ने पाकिस्तान के पूर्व कप्तान शाहिद अफरीदी पर निशाना साधा है। पाकिस्तानी क्रिकेटर ने 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के लिए भारतीय सेना को जिम्मेदार ठहराया था। इस हमले में 26 लोग मारे गए थे।

सोशल मीडिया पर कड़े शब्दों में लिखे गए पोस्ट में शिखर धवन ने शाहिद अफरीदी से पाकिस्तान के हालात पर ध्यान देने को कहा। उन्होंने भारतीय सेना का समर्थन करते हुए कहा कि देश में हर किसी को सेना पर गर्व है। धवन की यह प्रतिक्रिया पाकिस्तान के एक टेलीविजन चैनल पर अफरीदी द्वारा की गई अजीबोगरीब टिप्पणियों के एक दिन बाद आई। अफरीदी ने आरोप लगाया था कि सुरक्षा चूक के कारण आतंकवादी हमला हुआ। पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर ने घटना की कवरेज के लिए मीडिया की भी आलोचना की और भारत से आतंकवादी हमले में पाकिस्तान की संलिप्तता के सबूत देने को कहा। अफरीदी ने बगैर नाम लिए भारतीय खिलाड़ियों पर भी निशाना साधा था।

### शिखर धवन ने क्या कहा?

शिखर धवन ने एक्स पर कहा, कारगिल में भी हारया था, पहले से ही इतना गिरे हो और कितना गिरोगे, बेवजह कमेंट पास करने से अच्छा है अपने देश की तरक्की में दिमाग लगाओ शाहिद अफरीदी। हमें हमारी भारतीय सेना पर बहुत गर्व है। भारत माता की जय! जय हिंद!

# प्रतिका रावल ने वनडे क्रिकेट में रचा इतिहास

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मंगलवार को त्रिकोणीय सीरीज के दूसरे मैच में भारतीय महिला क्रिकेट टीम की बल्लेबाज प्रतिका रावल ने इतिहास रच दिया. वनडे क्रिकेट में लगातार पांचवी बार उन्होंने 50 से अधिक रन बनाए. वह दूसरी भारतीय महिला क्रिकेटर बन गई हैं, जिन्होंने वनडे क्रिकेट में लगातार पांच बार अर्धशतक जड़ा है. प्रतिका ने वनडे में 500 रन पूरे कर भी एक बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम किया.

प्रतिका रावल ने स्मृति मंधाना के साथ मिलकर पहले विकेट के लिए 83 रनों की साझेदारी की. मंधाना 54 गेंदों में 36 रन बनाकर एनेरी डर्कसेन की गेंद पर कैच आउट हुई. प्रतिका रावल ने अपने वनडे करियर के 500 रन पूरे कर इतिहास रच दिया.

**विमेंस क्रिकेट में सबसे तेज 500 वनडे रन**

प्रतिका रावल ने इस शानदार पारी में अंतर्राष्ट्रीय वनडे क्रिकेट में 500 रन भी पूरे किए. वह सबसे तेज 500 वनडे रन बनाने वाली महिला क्रिकेटर बन गई हैं. इस त्रिकोणीय सीरीज के पहले मैच में भी प्रतिका ने 62 गेंदों में नाबाद 50 रनों की शानदार



पारी खेली थी, जिसके लिए उन्हें प्लेयर ऑफ़ द मैच का अवार्ड दिया गया था. उस मैच में भारत ने 9 विकेट से जीत दर्ज की थी. प्रतिका ने 8 पारियों में 500 वनडे रन पूरे किए हैं. साउथ अफ्रीका के खिलाफ प्रतिका रावल ने 91 गेंदों में 78 रन बनाए, इस पारी में उन्होंने 1 छक्का और 7 चौके जड़े. उन्होंने दूसरे विकेट के लिए हरलीन देओल के साथ मिलकर 68 रनों की साझेदारी की. उन्हें नॉनकुलुलेको म्लाबा ने बोल्ड किया.

**आयरलैंड के खिलाफ खेली थी 154 रनों की पारी**

इस त्रिकोणीय सीरीज से पहले उन्होंने तीनों अर्धशतक आयरलैंड के खिलाफ राजकोट के मैदान पर ही लगाए थे. प्रतिका रावल ने आयरलैंड महिला टीम के खिलाफ 15 जनवरी 2025 को 154 रनों की रिकॉर्ड पारी खेली थी. उससे पहले दो मैचों में उन्होंने क्रमश 89 और 67 रन बनाए थे.

**भारत, श्रीलंका और साउथ अफ्रीका के बीच त्रिकोणीय सीरीज**

27 अप्रैल से शुरू हुई इस त्रिकोणीय सीरीज का फाइनल मैच 11 मई को खेला जाएगा. सभी टीमें अन्य 2 टीमों से 2-2 मैच खेलेगी. सभी मुकाबलों के बाद जो टीमें टॉप 2 में रहेंगी, उनकी बीच खिताबी भिड़ंत होगी.



## श्रेयस, सूर्यकुमार, पृथ्वी शॉ, शार्दुल, सरफराज, रहाणे समेत 8 खिलाड़ियों को मिला आइकन प्लेयर का दर्जा

**मुंबई, एजेंसी।** मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन ने 26 मई से शुरू हो रहे टी20 मुंबई लीग 2025 सीजन के लिए आइकन खिलाड़ियों की लिस्ट का ऐलान किया जिसमें भारत के टी20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव, श्रेयस अय्यर और अजिंक्य रहाणे समेत 8 खिलाड़ियों को रखा गया।

टी20 मुंबई लीग की वापसी 6 साल के बाद हो रही है और ये आईपीएल 2025 के तुरंत बाद खेली जाएगी। इस लीग का समापन 8 मई को होगा। इस लीग के आइकन खिलाड़ियों की सूची में मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन ने सूर्यकुमार यादव, श्रेयस अय्यर, अजिंक्य रहाणे के अलावा सरफराज खान, शार्दुल ठाकुर, पृथ्वी शॉ, शिवम दुबे और तुषार देशपांडे को रखा है। एमसीए के अध्यक्ष अजिंक्य नाइक ने कहा कि हमें 8 आइकन खिलाड़ियों के नाम की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है जिन्होंने घरेलू और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपने प्रदर्शन से मुंबई को बहुत गौरव दिलाया है। वे मुंबई क्रिकेट की भावना और विरासत प्रतिनिधित्व करते हैं। उनके इस लीग में शामिल होने से ना सिर्फ उभरती हुई प्रतिभाओं को प्रेरणा मिलेगी बल्कि उनके लिए एक सीखने का अवसर भी होगा क्योंकि हम भारत के क्रिकेट सितारों की अगली पीढ़ी की खोज के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### कोटा में नीट की तैयारी कर रहे एक और छात्र ने किया सुसाइड

**कोटा, एजेंसी।** राजस्थान के कोटा शहर में कोचिंग ले रहे छात्रों के सुसाइड की घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रही हैं। जवाहर नगर थाना अंतर्गत इलाके में सोमवार देर रात नीट परीक्षा की तैयारी कर रहे एक और छात्र ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। मृतक छात्र का नाम तमीम इकबाल है, जो बिहार के कटिहार का रहने था। वह वर्तमान में कोटा में रहकर नीट की तैयारी कर रहा था। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने छात्र के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए मोर्चरी में रखवा दिया है। साथ ही छात्र के परिजनों को भी घटना की जानकारी दे दी है। जानकारी में सामने आया है कि मृतक छात्र तमीम 11वीं क्लास की पढ़ाई कर रहा था। इसके साथ ही वह नीट की भी तैयारी कर रहा था। पुलिस का कहना है कि फिलहाल छात्र के कमरे से कोई नोट बरामद नहीं हुआ है। छात्र के परिजनों और दोस्तों से भी उसकी गतिविधि के बारे में जानकारी ली जा रही है। आपको बता दें कि, कोटा में इंजीनियरिंग और मेडिकल प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी करने वाले छात्रों को मानसिक तनाव से उबारने के लिए जिला प्रशासन भी अपने स्तर पर सकारात्मक कदम उठा रहा है। इसके बाद भी सुसाइड की घटनाएं रुक नहीं रही हैं। साल 2025 में जनवरी से अब तक कोटा में 14 छात्रों ने सुसाइड किया है। चिंताजनक बात यह रही कि अप्रैल माह के अंतिम दिनों में ही तीन छात्रों ने सुसाइड कर लिया है।

### गाजियाबाद से पिंक सिटी की उड़ान शुरू, हफ्ते में 4 दिन मिलेगी सेवा; पहले दिन 88 यात्रियों ने भरी उड़ान

**गाजियाबाद एजेंसी।** गाजियाबाद के हिंडन एयरपोर्ट से सोमवार को पिंक सिटी जयपुर की उड़ान शुरू हो गई। पहले दिन हिंडन से 88 यात्री जयपुर गए और जयपुर से 165 यात्री हिंडन एयरपोर्ट पर उतरे। एयर इंडिया एक्सप्रेस का विमान हिंडन एयरपोर्ट से सुबह साढ़े सात बजे जयपुर के लिए उड़ान भरा। पहली यात्रा को लेकर यात्रियों में उत्साह दिखा। वहीं, जयपुर से शुरू हुई उड़ान सुबह 10:35 बजे हिंडन एयरपोर्ट पहुंची। इससे पहले मार्च में एयर इंडिया एक्सप्रेस ने हिंडन से सात महानगरों के लिए व्यावसायिक उड़ान की शुरुआत की थी। पांच अन्य शहरों के लिए भी उड़ान पहले से चल रही थी। सोमवार को जयपुर हिंडन से जुड़ने वाला 13वां शहर बन गया। हालांकि, बीच में शुरू हुई जम्मू की उड़ान फिलहाल करीब तीन सप्ताह से रद्द है। हिंडन से जयपुर के बीच सोमवार, मंगलवार, बुधवार और गुरुवार को विमान उड़ान भरेगा। जयपुर से आई पहली उड़ान में शाहनवाज हुसैन भी हिंडन पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि पहली बार हिंडन एयरपोर्ट पर आए हैं। हिंडन एयरपोर्ट में अपार संभावनाएं हैं। गाजियाबाद के अलावा एनसीआर और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के साथ बिहार व पूर्वांचल के लोगों को भी फायदा मिलेगा। जयपुर के लिए सप्ताह में चार दिन विमान उड़ान भरेगा, वहीं वाराणसी और पटना के लिए हिंडन से रोजाना उड़ान मिलेगी।

### फाइलें तो जल गईं; दफ्तर में आग लगने से हुआ कितना नुकसान, ईडी ने बताया

**मुंबई , एजेंसी।** प्रवर्तन निदेशालय ने सोमवार को कहा कि मुंबई में उसके कार्यालय में लगी आग में कुछ दस्तावेज और फर्नीचर जल गया है, लेकिन जांच या सुनवाई में कोई बाधा आने की उम्मीद नहीं है, क्योंकि फाइलें डिजिटल रूप से भी सुरक्षित हैं। संघीय एजेंसी ने रविवार को लगभग 225 बजे बैलार्ड एस्टेट में कैसर-ए-हिंद इमारत में स्थित मुंबई जोनल ऑफिस-1 की चौथी मंजिल पर लगी आग पर बयान जारी किया। एजेंसी ने कहा कि प्रथम दृष्टया आग का कारण चौथी मंजिल पर बिजली के बक्सों में शॉर्ट-सर्किट लग रहा है। एजेंसी ने कहा कि वास्तविक नुकसान का आकलन किया जा रहा है। शुरुआती तौर पर पता चलता है कि आग की घटना में कुछ कागजात/दस्तावेज और फर्नीचर आदि जल गया। एजेंसी ने कहा कि जांच से संबंधित साक्ष्य दस्तावेज और अन्य दस्तावेज हमेशा डिजिटल रिकॉर्ड के रूप में सुरक्षित किए जाते हैं। इसके साथ ही ये केंद्रीकृत रिकॉर्ड रखने की प्रणाली में भी संग्रहीत किए जाते हैं। बयान में कहा गया, 'जिन मामलों में अभियोजन पक्ष की शिकायतें दर्ज की गई हैं, उनके मूल रिकॉर्ड संबंधित अदालतों के पास उपलब्ध हैं।' इसलिए, धन शोधन निरोधक कानून, विदेशी मुद्रा उल्लंघन और भगोड़े आर्थिक अपराधी अधिनियम के तहत मामलों की जांच करने वाली एजेंसी के अनुसार, जांच या परीक्षण करने में कोई रुकावट होने की उम्मीद नहीं है।

**दफ्तर में कैसा चल रहा काम**–ईडी ने कहा कि कैसर-ए-हिंद भवन के भूतल और पहली मंजिल पर स्थित कार्यालय चालू हैं। आग से प्रभावित चौथी मंजिल पर स्थित कार्यालय का हिस्सा स्थानांतरित कर दिया गया है। अब जन्मभूमि चैंबर्स स्थित पुराने क्षेत्रीय कार्यालय से संचालित हो रहा है। जांच एजेंसी ने कहा कि आग को सबसे पहले कार्यालय में तैनात कर्मचारियों और सुरक्षा गार्डों ने देखा, जिन्होंने इमारत में तैनात रात्रि ड्यूटी राज्य पुलिस कर्मियों को सूचित किया।

पुलिस ने करीब 230 बजे दमकल विभाग को सूचना दी। इसने 50 से अधिक कर्मियों और कई दमकल गाड़ियों के साथ करीब 330 बजे आग बुझाने का काम शुरू किया। ईडी ने कहा कि वह मुंबई में अपने लिए स्वतंत्र कार्यालय स्थान स्थापित करने की प्रक्रिया में है, क्योंकि महाराष्ट्र सरकार ने मार्च में एजेंसी को मुंबई के बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स में जमीन आवंटित की है। जांच एजेंसी ने कहा कि जल्द से जल्द स्वतंत्र कार्यालय बनाने के लिए सभी आवश्यकताओं को पूरा किया जा रहा है।

# आतंकियों के पास धर्म पूछने का समय नहीं होता, पहलगाम पर कांग्रेस नेता के बिगड़े बोल

**नागपुर, एजेंसी।**
महाराष्ट्र में कांग्रेस के विधायक विजय वडेट्टीवार ने पहलगाम आतंकी हमले पर विवादित बयान दिया है। यूपी, कर्नाटक, बिहार, हरियाणा समेत कई राज्यों के मासूम पर्यटकों को उनका धर्म पूछकर मारने के मामले में विजय वडेट्टीवार का कहना है कि ऐसी बातें गलत हैं। वडेट्टीवार ने कहा कि आखिर आतंकियों के पास इतना समय ही कहां होता है कि वे किसी के कान में जाकर पूछें कि तुम्हारा धर्म क्या है। कुछ लोगों का कहना है कि ऐसा नहीं हुआ है। आतंकियों की कोई जाति या धर्म नहीं होता। इस मामले में जिम्मेदार लोगों को तुरंत गिरफ्तार किया जाए। यही देशवासियों की भावना है। इसकी बजाय घटना को कोई और रंग या मोड़ देना गलत होगा।



विजय वडेट्टीवार ने कहा, पहलगाम की जिम्मेदारी तो सरकार को लेनी चाहिए। वहां सुरक्षा क्यों नहीं थी। आखिर 200 किलोमीटर तक आतंकी कैसे आ जाते हैं। क्या यह आपका इटेंलिजेंस फेल नहीं है। वडेट्टीवार ने कहा कि इस गलती को मानने की बजाय आपका फोकस इस बात पर है कि धर्म पूछकर मारा गया। क्या आतंकियों के पास इतना समय होता है कि वह लोगों के पास जाएं और कान में पूछें कि तुम्हारा धर्म क्या है। उन्होंने कहा कि आतंकियों के खिलाफ ऐक्शन होना चाहिए। आखिर इतनी सुरक्षा चूक कैसे हो गई। इस पर विचार करना चाहिए, लेकिन इस मामले में दूसरी तरफ ध्यान ले जाना गलत है।

बता दें कि इस मामले में सोनिया गांधी के दामाद रॉबर्ट वाड्रा भी विवादित बोल चुके हैं। उन्होंने कहा था कि यह हमला इसलिए हुआ है क्योंकि मुसलमानों में यह भावना है कि उन्हें कमजोर किया जा रहा है। वह ऐसा महसूस करते हैं और इसी के चलते हमला हुआ है। रॉबर्ट वाड्रा की इस बात को लेकर खूब विवाद हुआ तो अंत में वह पलट गए। अब रॉबर्ट वाड्रा का कहना है कि उनके बयान को गलत ढंग से समझा गया था। मेरा कहना है कि पाकिस्तान के खिलाफ ऐक्शन लेना चाहिए और वहां यदि सुरक्षा पुख्ता होती तो इस तरह का अटैक हिंदू समाज पर नहीं होता।

**इसलिए पाकिस्तान से युद्ध में भारत की हार निश्चित, कांग्रेस नेता के पोस्ट पर विवाद:** छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के पूर्व विधायक यूडी मिंज के एक फेसबुक पोस्ट को लेकर नया विवाद पैदा हो गया है, जिसमें कहा गया था कि पाकिस्तान के साथ युद्ध में भारत की हार निश्चित है। इसके अलावा बालाकोट एयर स्ट्राइक पर भी आपत्तिजनक टिप्पणी की गई है। सत्ताधारी भाजपा ने इसको लेकर जोरदार हमला किया तो मिंज ने दावा किया कि उनका अकाउंट हैक कर लिया गया था।

कथित तौर पर 26 अप्रैल को शेयर किया गया पोस्ट अब मिंज के फेसबुक अकाउंट पर नहीं दिख रहा है। मिंज को घेरते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मीडिया सलाहकार पंकज झा ने कहा, लगभग हर कांग्रेस कार्यकर्ता संभावित गद्दार है।पंकज झा ने मिंज के फेसबुक अकाउंट से स्क्रीनशॉट शेयर किया है। इसमें लिखा गया है, जो आज पाकिस्तान के विरुद्ध निर्णायक युद्ध की बात कर रहे हैं, वे जान लें कि इस बार पाकिस्तान के साथ-साथ भारत को चीन से भी लड़ना होगा और ऐसी स्थिति में भारत की हार सुनिश्चित है। पीओके के महत्वपूर्ण हिस्से में चीन ने अंधाधुंध निवेश किया है। पुराने सिक्ल रोड को खोल दिया गया है। यही हाल बलूचिस्तान का भी है।

## पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान से नई हिमाकत, राजस्थान में कई साइबर अटैक

**जयपुर, एजेंसी।**
पहलगाम आतंकी हमले के बाद जहां भारत और पाकिस्तान के बीच जंग की आहट है तो पड़ोसी मुल्क ने साइबर अटैक की शुरुआत कर दी है। सोमवार रात से मंगलवार सुबह तक पाकिस्तान के हैकर्स ने राजस्थान में कई सरकारी वेबसाइट्स को हैक कर लिया। जयपुर विकास प्राधिकरण , स्वायत्त शासन विभाग और राजस्थान शिक्षा विभाग की वेबसाइट को हैक किया गया। इन वेबसाइट्स पर भारत विरोधी और धमकी भरे मैसेज पोस्ट किए गए हैं।

हैकर्स ने वेबसाइट के होमपेज पर फैंटास्टिक टी क्लब लिखा है। एक ग्राफिक के जरिए लिखा गया कि पहलगाम हमले के पीड़ित केवल एक्टर हैं। उन्होंने अगली कार्रवाई को टेक्नोलॉजी से हमला बताया। पाकिस्तानियों ने लिखा-आपने आग लगाई, अब पिघलने के लिए तैयार हो जाओ।

सोमवार को डीएलबीडी और जेडीए की वेबसाइट्स पर भी इसी तरह की हैकिंग देखी गई थी, जिन्हें आईटी टीमों ने रिकवर कर लिया। मंगलवार सुबह शिक्षा विभाग की वेबसाइट पर यह साइबर हमला सामने आया, जिसके बाद राज्य सरकार की साइबर टीमें अलर्ट हो गईं। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने बताया कि विभाग की आईटी विंग को तुरंत एक्टिव कर वेबसाइट को अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया है। साथ ही, रिकवरी प्रक्रिया तेजी से जारी है।

शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि अब तक किसी संवेदनशील डाटा के लीक होने की पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन सभी सर्वरों की गहराई से जांच की जा रही है। साथ ही केंद्र की साइबर सुरक्षा एजेंसियों को अलर्ट कर इस हमले के स्रोत की जानकारी जुटाई जा रही है।

इस घटना के बाद भारत ने पाकिस्तान के कई सोशल मीडिया हैंडल्स और वेबसाइट्स पर रोक लगा दी है। लेकिन अब पाकिस्तान की ओर से साइबर हमलों का यह तरीका एक नई चुनौती के रूप में सामने आ रहा है, जिससे सरकार और सुरक्षा एजेंसियों की नींद उड़ गई है।

## कोई खिड़की पर झूला, तो कोई जमीन पर लेटा; गाजियाबाद की इमारत से फायर ब्रिगेड ने 70 को बचाया

**गाजियाबाद एजेंसी।**
गाजियाबाद के एक व्यावसायिक भवन में सोमवार को शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। आग और धुएं के कारण 100 से अधिक लोग फंस गए। दमकलकर्मियों ने डेढ़ घंटे में 70 लोगों को सकुशल बाहर निकाल लिया, जबकि बाकी खुद निकल आए। तबीयत बिगड़ने पर सात लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। आग लगने के बाद जान बचाने के लिए किसी ने खिड़की से कूदने की कोशिश की तो कई जमीन पर लेटकर मदद का इंतजार करने लगा। दमकलकर्मियों के पहुंचने पर बिल्डिंग में फंसे लोगों ने राहत की सांस ली। आदित्य बिल्डिंग से धुएं का गुबार निकलता देखकर पूरे आरडीसी में हड़कंप मच गया। आसपास से भी काफी संख्या में लोग मौके पर पहुंच गए। लोगों ने बिल्डिंग में ऊपर जाने का प्रयास किया, लेकिन सीढ़ियों पर धुआं होने के कारण बेबस हो गए। उधर, बिल्डिंग में फंसे लोगों ने अपने प्रतिष्ठानों में लगे अग्निशामक सिलेंडर से आग पर काबू पाने का प्रयास किया। आग तो भीषण नहीं थी, लेकिन धुएं ने बिल्डिंग के सीढ़ियों वाले हिस्से को अपनी चपेट में ले लिया था। पिछले दिनों हुए बड़े अग्निकांडों को याद कर बिल्डिंग में फंसे लोग सहम गए।



कुछ लोगों ने सीढ़ियों से निकलने का प्रयास किया, लेकिन धुएं के चलते नहीं निकल सके। इसके बाद लोग खिड़की से झांककर मदद के लिए चिल्लाने लगे। जान जाने के डर से कुछ लोग नीचे कूदने के लिए खिड़कियों से लटक गए तो कुछ लटककर निचली मंजिल के एसी आउटर या छज्जे पर आ गए। मौके पर जमा भीड़ ने उन्हें हिम्मत बंधाते हुए न कूदने की सलाह दी। इसी बीच दमकल विभाग की गाड़ियां आनी शुरू हो गईं। मुख्य अग्निशमन अधिकारी ने बताया कि बचाव दल ने सभी को सकुशल बाहर निकाल लिया। आरडीसी में आग लगने के बाद नौ साल पहले हुए भीषण अग्निकांड का खौफनाक मंजर लोगों के जेहन में आ गया, जिसमें पांच लोगों की मौत हो गई थी। ये लोग 14 मई 2016 को राजनगर सेक्टर 14 स्थित इमारत में लगी आग को याद कर रहे थे। इंडिया मार्ट के दूसरे तल पर एसी फटने से लगी आग में चार लोगों की दम घुटने से मौत हो गई थी, जबकि एक व्यक्ति आग से बचने को दूसरी मंजिल से ही कूद गया था। सड़क पर सिर के बल गिरकर उसकी भी मौत हो गई थी।

## अब तू-तड़ाक नहीं आप कहेगी पुलिस, रील पर पाबंदी; गाजियाबाद पुलिस कमिश्नर ने क्यों दिया यह आदेश

**गाजियाबाद एजेंसी।**
गाजियाबाद के थाने-चौकियों पर आने वाले फरियादियों के साथ अब पुलिस तू-तड़ाक से बात नहीं करेगी। पुलिसकर्मी आप कहकर बात करेंगे और नाम के साथ जी लगाकर संबोधन करेंगे। इस संबंध में पुलिस आयुक्त ने सोमवार को 20 बिंदुओं की शिष्टाचार संवाद नीति लागू की है।

पुलिस द्वारा आम जनमानस के साथ अभद्र व्यवहार करने की घटनाएं सामने आने के बाद पुलिस आयुक्त जे. रविंद्र गौड़ ने सोमवार को पुलिस के लिए शिष्टाचार संवाद नीति लागू की है। इसके तहत पुलिस द्वारा आम लोगों से तू या तुम कहकर बात करने पर पाबंदी लगा दी गई है। थाने-चौकियों या अन्य कार्यालयों में जाने पर पुलिसकर्मी लोगों से आप कहकर बात करेंगे और नाम का



संबोधन जी लगाकर करेंगे। इसके अलावा महिलाओं और बच्चों, दिव्यांग जन, वरिष्ठ नागरिक और ट्रांसजेंटर के साथ अच्छा बर्ताव करने निर्देश दिया गया है। साथ ही, उनकी बात धैर्यपूर्वक सुनी जाएगी। पुलिस कमिश्नर जे रविन्द्र गौड़ ने कमिश्नरेट पुलिस को शालीनता और शिष्टाचार का पाठ पढ़ाते हुए दिशा निर्देश जारी किए हैं।

पुलिस आयुक्त ने थाने-चौकियों में फरियादियों के लिए कुर्सियों की पर्याप्त व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं। आगंतुकों के लिए शीतल जल और बच्चों के लिए टॉफी-चॉकलेट की यथासंभव व्यवस्था करने के लिए कहा है। किसी भी थाने-चौकी के गेट से किसी व्यक्ति को भगाया नहीं जाएगा। उनके लिए सहयोगात्मक रवैया अपनाया जाएगा। कोई भी मुल्जिम थाना कार्यालय में नहीं बैठेगा। हर मुल्जिम को हवालात में बैठाया जाएगा। थाने-चौकी पर पीड़ित का मानसिक या आर्थिक शोषण किया गया तो सख्त कार्रवाई होगी।

## नोएडा मेट्रो में सफर संग रोजगार का मौका, एक्वा लाइन के 7 स्टेशनों पर खोल सकेंगे दुकान

**नोएडा एजेंसी।**
नोएडा मेट्रो अब सफर के साथ रोजगार शुरू करने का भी मौका दे रही है। नोएडा मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (एनएमआरसी) ने एक्वा मेट्रो लाइन के सात स्टेशनों पर व्यावसायिक स्थान (दुकान) की योजना निकाली है। इनमें 33 से 315 वर्ग मीटर तक की जगह है। योजना से जुड़ी पूरी जानकारी एनएमआरसी की वेबसाइट पर उपलब्ध है।



एनएमआरसी के अधिकारियों ने बताया कि सेक्टर-51 और सेक्टर-76 स्टेशन पर 33-33, सेक्टर अल्फा वन स्टेशन पर 75 और ग्रेटर नोएडा, ग्रेनो प्राधिकरण दफ्तर के मेट्रो स्टेशन पर 64 वर्ग मीटर व्यावसायिक स्थान उपलब्ध है। इनके लिए 15 मई तक आवेदन कर सकते हैं। इसके अलावा सेक्टर-81 मेट्रो स्टेशन पर चार स्थान देने की योजना निकाली गई है। फर्स्ट फ्लोर पर 26 वर्ग मीटर, सेकेंड फ्लोर पर 172 वर्ग मीटर, कॉनकोर्स के लेवल वन पर 315 और लेवल टू पर 232 वर्ग मीटर जगह उपलब्ध है।

अधिकारियों ने बताया कि सेक्टर-83 मेट्रो स्टेशन पर 226 और डिपो मेट्रो स्टेशन पर 106 वर्ग मीटर स्थान उपलब्ध है। सेक्टर-83 मेट्रो स्टेशन पर बड़े व्यावसायिक हिस्से को भी देने की योजना है। इस स्टेशन पर अलग-अलग तल पर 610, 845 और 1530 वर्ग मीटर स्थान उपलब्ध है। इस योजना में भी 15 मई तक आवेदन किया जा सकता है।

एनएमआरसी के कार्यकारी निदेशक महेंद्र प्रसाद ने बताया कि इन बड़े व्यावसायिक हिस्सों के अलावा आम लोगों के लिए भी स्टेशनों पर क्योस्क की योजना चल रही है। इनमें सात से लेकर 10 वर्ग मीटर तक के क्योस्क हैं। पांच वर्ग मीटर तक की वेंडिंग मशीन भी स्टेशनों पर लगा सकते हैं।

## बीएसएफ जवान पीके शॉ की पत्नी रजनी पहुंचीं फिरोजपुर

**चंडीगढ़, एजेंसी।** बीएसएफ जवान पीके शॉ की पत्नी रजनी शॉ आज सुबह फिरोजपुर स्थित बीएसएफ के कैंप में पहुंची। पीके शॉ 23 अप्रैल से पाकिस्तान की हिरासत में हैं। इस संबंध में भारत-पाकिस्तान के बीच तीन बार फ्लैग मीटिंग हो चुकी हैं, लेकिन पीके शॉ को अभी छोड़ा नहीं गया है।

शॉ बीएसएफ की 24वीं बटालियन फिरोजपुर के ममदोट सेक्टर में तैनात थे। 23 अप्रैल की सुबह किसान अपनी कंबाइन मशीन लेकर खेत में गेहूं काटने गए थे। यह खेत फेंसिंग पर लगे गेट नंबर-208/1 के पास था। किसानों की निगरानी के लिए दो बीएसएफ जवान भी उनके साथ थे। इसी समय गर्मी के कारण पीके शॉ की तबीयत बिगड़ी और पेड़ के नीचे बैठ गए। पेड़ बॉर्डर पार था। तभी पाकिस्तानी रेंजर्स ने उन्हें घेरकर पकड़ लिया और उनके हथियार भी छीन लिए।

सूचना मिलते ही बीएसएफ के अधिकारी मौके पर पहुंचे लेकिन पाक रेंजरों ने बीएसएफ जवान को नहीं छोड़ा। जवान की पत्नी ने आज सुबह बीएसएफ के फिरोजपुर सेक्टर में तैनात अधिकारियों के साथ मुलाकात की। वह सोमवार देररात चंडीगढ़ हवाई अड्डे पर पहुंची थीं। बीएसएफ के निर्देश पर जवान की पत्नी ने आज फिरोजपुर में भी मीडिया से बातचीत नहीं की।

# पाकिस्तान ने भारत की सेना को उकसाया, नियंत्रण रेखा पर तोड़ा संघर्ष विराम, मिला तगड़ा जवाब

**श्रीनगर, एजेंसी।**
पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान की फौज लगातार नियंत्रण रेखा पर संघर्ष विराम का उल्लंघन कर रही है। भारतीय सेना के एक शीर्ष अधिकारी ने बताया कि 28-29 अप्रैल की रात पाकिस्तान की सेना ने कुपवाड़ा और बारामूला जिलों के साथ-साथ अखनूर सेक्टर में एक बार फिर नियंत्रण रेखा के पार बिना उकसावे के छोटे हथियारों से गोलीबारी की। भारतीय सेना ने उकसावे की गंभीरता को देखते हुए प्रभावी तरीके से जवाब दिया।



उल्लेखनीय है कि पाकिस्तान की सेना ने लगातार छठवें दिन एलओसी पर संघर्ष विराम का उल्लंघन किया है। इस बीच आतंकवाद को समर्थन देने के कबूलनामे को लेकर भारत ने संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान की निंदा की है। आतंकवाद के शिकार संघों के नेटवर्क के शुभारंभ पर संयुक्त राष्ट्र में भारत की उप स्थायी प्रतिनिधि योजना पटेल ने कहा, यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि एक विशेष प्रतिनिधिमंडल ने इस मंच का दुरुपयोग करने और इसे कमजोर करने का विकल्प चुना है ताकि वह दुष्प्रचार में लिप्त हो सके और भारत के खिलाफ निराधार आरोप लगा सके। पूरी दुनिया ने हाल ही में एक टेलीविजन साक्षात्कार में पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ को आतंकवादी संगठनों को समर्थन, प्रशिक्षण और धन देने के पाकिस्तान के इतिहास को स्वीकार करते हुए सुना है।

## मनपसंद गाने पर डांस को लेकर हुआ बवाल; डीजे फ्लोर पर युवक को मारा चाकू- मौत

**बूंदी, एजेंसी।** राजस्थान के बूंदी से हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां बेहद मामूली सी बात पर खुशीराम नामक युवक की चाकू गोदकर हत्या कर दी गई। विवाद की बजह, डीजे फ्लोर पर मनपसंद गाने पर डांस करना बताया जा रहा है। घटना बूंदी जिले के लक्ष्मीपुरा गांव की है, जहां आपसी कहासुनी और विवाद ने खुशियों के रंग में भंग डाल दिया।

जानकारी के मुताबिक, राजस्थान के अक्षय तृतीया के मौके पर शादियों से भरे सीजन में लक्ष्मीपुर गांव में भी शादी समारोह का आयोजन चल रहा था। यहां डीजे पर कई युवक डांस कर रहे थे। सब अपने मनपसंद गानों की फरमाइश कर रहे थे। डांस फ्लोर पर खुशीराम भी राजस्थानी गानों पर थिरक रहा था। खुशीराम ने भी डीजे बजाने वाले से अपने मन का गाना बजाने को कहा, लेकिन यह बात उसे नागवार गुजरी और दोनों तरफ से कहासुनी शुरू हो गई।

बात बढ़ने लगी। दोनों ही तरफ से बात बढ़ने लगी तो खुशीराम ने इसका विरोध किया, तो कुछ लोगों ने उसके साथ मारपीट करनी शुरू कर दी। मारपीट के दौरान किसी ने खुशीराम पर चाकू से वार करके घायल कर दिया। घटना की जानकारी मिलने पर मौके पर पुलिस पहुंची। थाना अधिकारी कमल सिंह ने बताया कि लक्ष्मीपुरा में एक शादी समारोह में अरन्या गांव निवासी खुशीराम मीणा की हत्या हो गई है। मृतक के जीजा की रिपोर्ट के आधार पर हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। डीवाईएसपी राजू लाल मीणा ने बताया कि जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को बरामद किया।


स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक सैयद अहमर हसनैन द्वारा ग्रुप 5 प्रकाशन , 55- बी, वजीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित।
सम्पादक - सैयद अहमर हसनैन R.N.I.No-UPHIN/2008/27122 - Ph : 0522-4048974, Email : news@group5.in समाचार पत्र के समस्त विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### शराब के नशे में धुत होकर स्कूल पहुंच रहे शिक्षक और प्रधानाध्यापक, केवल पटना में 450 से अधिक शिकायत दर्ज

**पटना, एजेंसी।** शिक्षा विभाग द्वारा टोल फ्री नंबर जारी कर सरकारी स्कूल को लेकर शिकायत दर्ज की जा रही है और अभी तक सिर्फ पटना जिला में 450 से अधिक शिकायत दर्ज कराई जा चुकी है. जिसमें, सबसे अधिक इंफ्रा स्ट्रक्चर से जुड़ी शिकायतें हैं. बच्चे प्रधानाध्यापक के प्रतिदिन स्कूल नहीं पहुंचने या पहुंचने पर हाजिरी बनाकर निकल जाने की भी शिकायत दर्ज कर रहे हैं. पटना जिला में कई जगह से यह शिकायत भी आया है कि सरकारी स्कूल के शिक्षक नशे में स्कूल पहुंच रहे हैं. शिक्षकों और प्रधानाध्यापक के खिलाफ यह शिकायत निश्चित तौर पर चौंकाने वाला है और शिक्षा विभाग इसको लेकर अब पूरी तरह से निगरानी करेगी. जिले के शिक्षा पदाधिकारी को शिक्षा विभाग के टोल फ्री नंबर पर मिलने वाले शिकायत की जानकारी दी जा रही है और ऐसे शिक्षक पर कार्रवाई भी करने का मन शिक्षा विभाग ने बनाया है, जो या तो नशे में स्कूल पहुंच रहे हैं या समय से स्कूल नहीं आ रहे हैं. टोल फ्री नंबर पर सिर्फ नशे में स्कूल पहुंच रहे शिक्षकों की शिकायत ही नहीं बल्कि कैंपस में भी नशीले पदार्थ का उपयोग करने की शिकायत आ रही है और अब शिक्षा विभाग ने इस तरह की शिकायत पर कार्रवाई करने का मन बना लिया है. बहुत जल्द ही शिक्षा विभाग के टोल फ्री नंबर पर आने वाले शिकायत पर कार्रवाई की जाएगी.

### मोतिहारी में 2 लाख रिश्वत लेते कार्यपालक अभियंता गिरफ्तार

**पूर्वी चंपारण, एजेंसी।** निगरानी विभाग ने भष्ट्राचार के विरूद्ध मंगलवार की सुबह बड़ी कार्रवाई करते हुए योजना एवं विकास विभाग के कार्यपालक अभियंता अजय कुमार को 2 लाख रूपये रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार पकड़े गये कार्यपालक अभियंता अजय कुमार संवेदक संतोष यादव से एक कार्य का भुगतान जारी करने के बदले में रिश्वत की मांग कर रहे थे। जिसकी शिकायत पीड़ित ने निगरानी विभाग से की थी।जिसके बाद डीएसपी श्यामबाबू प्रसाद के नेतृत्व में निगरानी विभाग की टीम ने जाल बिछाकर उन्हें रिश्वत लेते हुए रंगेहाथ पकड़ लिया। इस दौरान टीम ने रिश्वत की 2 लाख की राशि भी बरामद किया है। निगरानी विभाग गिरफ्तार अजय कुमार से गहन पूछताछ कर रही है,इसके साथ ही उनकी संपत्ति तथा अन्य वित्तीय लेन-देन का भी जांच किया जा रहा है।निगरानी विभाग की इस कारवाई के बाद सरकारी महकमा में हड़कंप मचा है।

### पटना से न्यू जलपाईगुड़ी जा रही वंदे भारत एक्सप्रेस पर हमला, चलती ट्रेन पर बरसाए पत्थर

**पटना, एजेंसी।** पटना से न्यू जलपाईगुड़ी जा रही वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन पर एक बार फिर से पथराव हुआ है। पथराव की इस घटना में कोच का शीशा टूट गया हालांकि पथराव की इस घटना में किसी यात्री के घायल होने की खबर नहीं है। जानकारी के मुताबिक, घटना कटिहार-बरौनी रेलखंड के बिहपुर और खरीक रेलवे स्टेशन के बीच हुई है। उपद्रवियों ने ट्रेन की बोगी श्च-1 को निशाना बनाया है। पथराव की घटना में बोगी का शीशा क्षतिग्रस्त हो गया है। गनीमत की बात रही कि इस घटना में किसी यात्री को चोट नहीं आई है। इस घटना के बाद यात्रियों ने तुरंत इसकी जानकारी टीटीई को दी। जिसके बाद टीटीई ने घटना की जानकारी बिहपुर स्टेशन के आरपीएफ को दी। सूचना मिलते ही बिहपुर आरपीएफ एक्शन में आई और छानबीन शुरू कर दी। बिहपुर आरपीएफ ने अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

### मोतिहारी में धराया एक और घूसखोर इंजीनियर, 2 लाख की रिश्वत लेते निगरानी ने दबोचा

**पटना, एजेंसी।** निगरानी अन्वेषण ब्यूरो की भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई निरंतर जारी है। सोमवार को राजस्व कर्मचारी को रिश्वत प्रकरण में गिरफ्तार करने के बाद निगरानी की टीम ने मंगलवार को मोतिहारी में कार्रवाई करते हुए एक और भ्रष्टाचारी अधिकारी को दो लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया है। निगरानी ब्यूरो से मिली जानकारी के अनुसार योजना एवं विकास विभाग के कार्यपालक अभियंता अजय कुमार पंचायत सरकार भवन के 60 लाख रुपये की योजना की पहली किस्त के भुगतान के एवज में को दो लाख रुपये की रिश्वत मांग रहे थे। जिसके बाद उन्हें रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया।

# युवाओं को तोहफा देने जा रही नीतीश सरकार, योजना से मिलेगा 10-10 लाख रुपये का सीड फंड

**पटना, एजेंसी।** राज्य सरकार द्वारा तकनीकी शिक्षा लेने वाले युवाओं के लिए स्टार्टअप स्कीम लागू है। ऐसे में विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग ने सभी 38 सरकारी इंजीनियरिंग कॉलेजों में स्टार्टअप सेल गठित करने का निर्देश प्राचार्यों को दिया है।

राज्य सरकार द्वारा इंजीनियरिंग कॉलेजों में स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए 10-10 लाख रुपये का सीड फंड उपलब्ध कराया जा रहा है, ताकि नए वित्तीय वर्ष में इंजीनियरिंग कॉलेजों में स्टार्टअप को बढ़ावा मिल सके।



विभाग के अनुसार, इंजीनियरिंग कॉलेजों में नवाचार एवं उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए सीड फंड उपलब्ध कराना एक बड़ा फैसला है। स्टार्टअप सेल से छात्र-छात्राओं में नवाचार को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी।

स्थायी स्टार्ट : अप को बढ़ावा देना जो नवाचार और प्रौद्योगिकी के माध्यम से वास्तविक दुनिया की चुनौतियों का समाधान करते हैं, तथा स्थानीय, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सामाजिक-आर्थिक प्रगति को बढ़ावा देते हैं।

राज्य के इंजीनियरिंग कालेजों में स्टार्टअप सेल को स्थापित करने का मूल उद्देश्य यह भी है कि उद्यमिता को एक करियर विकल्प के रूप में छात्रों को लेने के लिए प्रोत्साहित करना भी है। इसके लिए सेल के माध्यम से छात्र-छात्राओं को स्टार्टअप संबंधी मार्गदर्शन भी कराया जाएगा।

साथ ही साथ स्टार्टअप सेल की स्थापना क्षेत्र और उसके आसपास के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों के छात्र-छात्राओं और शिक्षकों के बीच एक उद्यमी पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देने का भी लक्ष्य है जिसमें उद्यमियों के साथ नेटवर्किंग और लोगों से जुड़ाव, वित्तपोषण और वित्त तक पहुंच को बढ़ावा देना है।

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग, ब्लॉकचेन, डेटा साइंस, इंटरनेट ऑफ थिंग्स, क्लाउड कंप्यूटिंग, रोबोटिक्स, एम्बेडेड सिस्टम, रिन्यूएबल एनर्जी, यूएवी, एआर और वीआर, ड्रोन और अन्य जैसी अत्याधुनिक तकनीकों का उपयोग करके स्टार्टअप को बढ़ावा दिया जाएगा।

### वैभव सूर्यवंशी को 10 लाख रूपये की सम्मान राशि देने का ऐलान किया

पटना, एजेंसी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आईपीएल के इतिहास में सबसे कम उम्र (14 साल) में शतक लगाने वाले खिलाड़ी बने बिहार के समस्तीपुर जिले के रहने वाले वैभव सूर्यवंशी को फोन कर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने शुभकामना संदेश में कहा कि वैभव सूर्यवंशी अपनी मेहनत और प्रतिभा के बलबूते भारतीय क्रिकेट की एक नई उम्मीद बन गए हैं। सभी को उनपर गर्व है। मेरी शुभकामना है कि वैभव सूर्यवंशी भविष्य में भारतीय टीम के लिए नये कीर्तिमान रचें और देश का नाम रौशन करें। मुख्यमंत्री ने वैभव सूर्यवंशी से दूरभाष पर बात कर उन्हें शुभकामनाएं दीं। वैभव सूर्यवंशी ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से 12 दिसम्बर 2024 को 01 अणे मार्ग में मुलाकात की थी तथा मुख्यमंत्री ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की थी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राज्य सरकार की तरफ से वैभव सूर्यवंशी को 10 लाख रूपये की सम्मान राशि देने का भी ऐलान किया।

### सीएम नीतीश ने क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी की जमकर की तारीफ

**पटना, एजेंसी।** राजस्थान रॉयल्स के 14 साल के बैट्समैन वैभव सूर्यवंशी ने सोमवार को जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में गुजरात टाइटन्स के खिलाफ सिर्फ 35 गेंदों पर शतक लगाकर सबको हैरान कर दिया।

सूर्यवंशी ने ऐसे-ऐसे शॉट लगाए जिसे देखकर राहुल द्रविड़ भी हैरान रह गए और खुद को खड़े होकर ताली बजाने से रोक नहीं पाए। उनकी टीम के हर खिलाड़ी उनकी बैटिंग को देखकर दंग रह गए। सोशल मीडिया पर मानों सिर्फ सूयवंशी ही सूर्यवंशी नजर आ रहे थे।

11 छक्कों और सात चौकों से सजी पारी में, इस युवा खिलाड़ी ने कई रिकॉर्ड तोड़ दिए और रॉयल्स को 25 गेंदें शेष रहते हुए आठ विकेट से जीत दिलाई।

सूर्यवंशी और यशस्वी जायसवाल की तूफानी ओपनिंग साझेदारी की और टाइटन्स के मोहम्मद सिराज, इशांत शर्मा, प्रसिद्ध कृष्णा, राशिद खान और साई किशोर जैसे गेंदबाजों के आक्रमण को ध्वस्त कर दिया।

वहीं अब वैभव सूर्यवंशी को बधाई देने वालों का तांता लग गया है। क्रिकेटर से लेकर राजनेता तक बधाई दे रहे हैं। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी अपने सभी सोशल मीडिया हैंडल पर क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी को बधाई दी है।

नीतीश कुमार ने लिखा कि आई?पी?एल? के इतिहास में सबसे कम उम्र (14 साल) में शतक लगाने वाले खिलाड़ी बने बिहार के वैभव सूर्यवंशी को बधाई एवं शुभकामनाएं। वे अपनी मेहनत और प्रतिभा के बलबूते भारतीय क्रिकेट की एक नई उम्मीद बन गए हैं। सभी को उन पर गर्व है।

## 6 जिलों में खुलने जा रहा डे केयर सेंटर

**पटना, एजेंसी।** बिहार में कैंसर के मरीजों की जांच, पहचान और इलाज अब आसान हो जाएगा. कैंसर की मुफ्त स्क्रीनिंग के लिए राज्य के 6 जिलों में कैंसर डे केयर सेंटर खोले जाएंगे. इसमें राज्य के बेगूसराय, समस्तीपुर, मोतिहारी (पूर्वी चंपारण), सीवान, भोजपुर और किशनगंज शामिल है. पहले इन जिलों के कैंसर मरीजों को पटना महावीर कैंसर संस्थान या दिल्ली/मुंबई जाना पड़ता था, लेकिन अब मरीजों को कीमोथेरेपी के लिए उन्हें बाहर जाने की जरूरत नहीं पड़ने वाली है. अब तक राज्य के सिर्फ 11 जिलों में कैंसर डे केयर सेंटर ऑपरेट किये जा रहे हैं.

फिलहाल प्रदेश के 11 जिलों में पहले से कैंसर डे केयर सेंटर चलाए जा रहे हैं. इनमें पटना, मुजफ्फरपुर, गया, भागलपुर, नालंदा, मधुबनी, छपरा, पूर्णिया, सीवान, बेतिया और दरभंगा शामिल हैं. इन जगहों पर अच्छी संख्या में कैंसर मरीज आ रहे हैं और इन सेंटरों ने इलाज को काफी आसान और सुलभ बना दिया है.

डे केयर सेंटर में कैंसर मरीजों को ओपीडी की सेवाएं दी जाती हैं. इससे उनके शरीर के अंदर जहां भी गांठ है, उसकी टेस्ट की जाती है. टेस्ट के बाद अगर पेशेंट में कैंसर के लक्षण पाए जाते हैं, तो उसे ट्यूमर बोर्ड के पास फाइनल डिसीजन के लिए भेजा जाता है. बोर्ड कैंसर के स्टेज का आकलन करता है. उसके बाद उनके इलाज की लाइन तय की जाती है. डे केयर के मरीजों के लिए कीमोथेरेपी की फैसिलिटी भी उपलब्ध है. कीमोथेरेपी की दवाएं भी मुफ्त में दी जाती है. कैंसर डे केयर के पेशेंट को पैलिएटिव ओपीडी की सुविधा भी दी जाती है.

कैंसर डे केयर सेंटर खोलने का काम केंद्र सरकार की योजना के तहत किया जा रहा है. पूरे देश में ऐसे 200 सेंटर खोले जाने हैं. बिहार में 17 सेंटर बनाने की मंजूरी मिली है. इनमें से 11 पहले से काम कर रहे हैं और अब 6 और जिलों में सेंटर की शुरुआत की जाएगी. बाकी बचे जिलों में भी हालात सुधरते ही आगे का काम शुरू किया जाएगा.होमी भाभा कैंसर अनुसंधान केंद्र के राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. (मेजर) केएन सहाय ने बताया कि राज्य में नॉन कम्युनिकेबल डिजीज के तहत वर्तमान में 17 डे केयर सेंटरों की मंजूरी मिली है. विभाग का दावा है कि राज्य में 21 जिले ऐसे हैं, जहां अब तक डे-केयर स्थापित नहीं किए जा सकें हैं. उम्मीद है सरकार की घोषणा के बाद 21 जिलों में ऐसे सेंटर खुलने का रास्ता साफ हो जाएगा.

## आरा में अंधेरी रात में युवक की गोली मारकर हत्या, जीजा और ममेरे भाई को पूछताछ के लिए बुलाया

**आरा/उदवंतनगर, एजेंसी।** भोजपुर जिले के उदवंतनगर थाना क्षेत्र अन्तर्गत इन्द्रपुरा- सुल्तानपुर गांव के बधार में सोमवार की देर रात एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मंगलवार की सुबह खेत से शव बरामद किया गया। मृतक 20 वर्षीय विकास कुमार उदवंतनगर थाना क्षेत्र के जैतपुर गांव निवासी सुभाष शर्मा के पुत्र थे। गोली दाएं सिर के भाग में मारी गई है। पुलिस मौके पर पहुंच जांच में जुट गई है। ठोस साक्ष्य के लिए एफएसएल टीम को भी बुलाया गया है। पुलिस पूछताछ कर हत्या के कारणों के बारे में पता लगा रही है। रात में साथ में निकले रिश्तेदार के एक लड़के से भी गहन पूछताछ चल रही है।



**शव के पास लोगों की भीड़ :**अपने जीजा के साथ सोने के लिए निकला था जानकारी के अनुसार विकास कुमार सोमवार की रात गड़हनी थाना क्षेत्र के सुल्तानपुर गांव निवासी अपने ममेरा भाई राकेश कुमार तथा इचरी गांव निवासी अपने जीजा राकेश कुमार एवं अन्य के साथ खाना खाकर जैतपुर गांव के बधार स्थित बोरिंग पर सोने के लिए गया हुआ था। इस दौरान विकास दोनों रिश्तेदारों को बोरिंग के पास छोड़कर मोबाइल पर किसी से बातचीत करते इन्द्रपुरा बधार पहुंच गया। जहां पर उसकी गोली मारकर हत्या की गई। इस दौरान दोनों रिश्तेदारों को भी भनक नहीं लगी।मंगलवार की सुबह सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष राम कल्याण यादव और एसआई नीतीश कुमार दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए। मौके पर पहुंची पुलिस विकास के ममेरे भाई व जीजा को पूछताछ के लिए थाने पर बुलाई है। दारोगा नीतीश कुमार ने बताया कि डीआईयू की टीम मौके पर पहुंच गई है। तकनीकी और वैज्ञानिक रूप से भी जांच चल रही है।

**हादसे के बाद ड्राइवर गाड़ी लेकर फरार :**इधर, उदवंतनगर थानाध्यक्ष राम कल्याण यादव ने बताया कि हादसे के बाद चालक गाड़ी लेकर फरार हो गया है। सड़क जाम हटा दिया गया है गंभीर रूप से घायल लोगों को इलाज के लिए सदर अस्पताल,आरा भेज दिया गया है। परिचालन बहाल हो गया है।

## साउथ बिहार एक्सप्रेस को जाना था आरा, राजेंद्रनगर टर्मिनल पर ही रोक दी; यात्रियों ने काटा बवाल

**पटना, एजेंसी।** आरा साउथ बिहार एक्सप्रेस को सोमवार को राजधानी के राजेन्द्रनगर टर्मिनल पर ही रोक दिया गया। यात्रियों को सूचना दी गई कि ट्रेन अब आगे नहीं जाएगी। इसके बाद राजेन्द्र नगर टर्मिनल पर ही यात्रियों ने हंगामा शुरू कर दिया। यात्री इसके लिए रेलवे पर लापरवाही का आरोप लगा रहे थे।

इससे अधिकांश यात्री आरा नहीं जा सके। नाराज यात्रियों ने बताया कि रेलवे की ओर से पूर्व में कोई सूचना तक नहीं दी गई। पटना जंक्शन के निदेशक अरुण कुमार का कहना है कि ट्रेन गंतव्य तक क्यों नहीं गई, इसकी जानकारी नहीं है।

राजेंद्रनगर टर्मिनल पर ट्रेन आने के बाद करीब 20 मिनट तक यात्री ट्रेन खुलने का इंतजार करे रहे। जब ट्रेन नहीं खुली तो यात्री प्लेटफार्म नंबर एक पर स्थित स्टेशन मास्टर




के चेंबर में गए और ट्रेन को चलाने की मांग करने लगे। वहीं, स्टेशन मास्टर ने जवाब के तौर पर ट्रेन नहीं जाने की बात कही तो यात्री नाराज हो गए। राजेंद्रनगर टर्मिनल पर ही हंगामा करने लगे। यात्रियों का हंगामा तेज हो गया तो रेल पुलिस की टीम पहुंची तो समझा बुझाकर मामले को शांत कराया।

**ट्रेन रनिंग स्टेटस में आरा पहुंची दिखाई दी :**परेशान यात्रियों का कहना था कि ट्रेन अपने तय समय से करीब एक घंटे 45 मिनट देर से रात 8ः05 बजे प्लेटफार्म नंबर पांच पर आई, लेकिन ट्रेन को राजेंद्रनगर टर्मिनल पर ही रोक दिया गया। यात्रियों को इस ट्रेन के शार्ट टर्मिनेट की कोई सूचना तक नहीं दी गई। बड़ी बात तो यह है कि ट्रेन रनिंग स्टेट्स में पटना जंक्शन, दानापुर, बिहटा और आरा तक लेट समय के अनुसार पहुंचाने का दिखाया, जबकि यह सूचना बिल्कुल गलत थी।

यात्रियों ने बताया कि बिना सूचना के ही राजेंद्रनगर टर्मिनल पर खड़ी कर दी गई। काफी संख्या में यात्रियों को पटना जंक्शन, दानापुर, बिहटा और आरा तक सफर करना था। परेशान यात्री राजेंद्रनगर टर्मिनल से उतर कर निजी साधनों से अपने घर के लिए प्रस्थान किए, जबकि कई यात्री ट्रेन के दूसरे विकल्प के लिए टर्मिनल पर इंतजार करते रहे।

### बिहार में बड़े पैमाने पर प्रशासनिक फेरबदल, 10 सीनियर आईएएस अधिकारियों का तबादला

**पटना, एजेंसी।** बिहार सरकार ने 10 सीनियर आईएएस अधिकारियों का तबादला कर राज्य प्रशासन में बड़ा बदलाव किया है। इस फेरबदल में कई अधिकारियों को नए पदों के साथ अतिरिक्त जिम्मेदारियां भी सौंपी गई हैं। सबसे अहम बदलाव परिवहन विभाग में हुआ है, जहां लंबे समय से पदस्थापित संजय अग्रवाल को हटा दिया गया है। 2006 बैच के आईएएस संदीप कुमार आर पुडकलकट्टी को बिहार का नया परिवहन सचिव बनाया गया है। संदीप पहले से ही पथ निर्माण विभाग की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं और अब परिवहन विभाग का काम भी देखेंगे। वहीं संजय अग्रवाल की नई पोस्टिंग को लेकर अभी कोई आधिकारिक आदेश जारी नहीं हुआ है। राजस्व परिषद में भी बदलाव देखने को मिला है। केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर गए केके पाठक के स्थान पर 1990 बैच के एक वरिष्ठ आईएएस अधिकारी को राजस्व परिषद के अध्यक्ष का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

### साइबर ठगी के शिकार हुए डीएमसीएच कर्मी को पुलिस ने दिलाया पैसे वापस, बाकी पैसों की वापसी प्रक्रिया जारी

**पटना, एजेंसी।** राजस्थान निवासी और वर्तमान में डीएमसीएच में कार्यरत सुनील कुमार शर्मा साइबर ठगी का शिकार हो गए थे। ठगों ने उन्हें शेयर बाजार में निवेश के नाम पर 2 लाख 61 हजार रुपये की चपत लगा दी। घटना की शिकायत पीड़ित ने दरभंगा साइबर थाना में दर्ज कराई थी। त्वरित कार्रवाई करते हुए साइबर थाना की पुलिस ने ठगों के बैंक खातों को फ्रीज कर दिया और सुनील शर्मा को 65 हजार रुपये वापस दिला दिए। शेष 42 हजार रुपये की वापसी की प्रक्रिया भी प्रगति पर है। साइबर डीएसपी राहुल कुमार ने बताया कि 4 अक्तूबर 2024 को साइबर थाना में कांड संख्या 88/24 के तहत मामला दर्ज किया गया था। जांच के दौरान पुलिस ने पाया कि साइबर ठगों ने पीड़ित के पैसे राजस्थान स्थित सर्वोदय बैंक के खाते में और शेष राशि कर्नाटक बैंक व एक्सिस बैंक के खातों में स्थानांतरित कर दिए थे। कोर्ट के आदेश पर सर्वोदय बैंक खाते से 65 हजार रुपये पीड़ित के खाते में वापस कराए गए हैं, जबकि अन्य बैंकों से 42 हजार रुपये की वापसी की प्रक्रिया जारी है।

## रेलवे स्टेशन पर लड़की से गैंगरेप, पुलिस ने आरोपियों का किया एनकाउंटर

**गोपालगंज, एजेंसी।** बिहार पुलिस और अपराधियों के साथ एनकाउंटर में गैंगरेप के तीनों आरोपियों को पैर में गोली लगी है और वो तीनों जख्मी बताए जा रहे हैं। कुछ मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, तीनों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गैंगरेप के आरोपियों को पकड़ने गई पुलिस पर अपराधियों ने गोली चला दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने मोर्चा संभाल लिया। पुलिस और अपराधियों के साथ एनकाउंटर में गैंगरेप के तीनों आरोपियों को पैर में गोली लगी है और वो तीनों जख्मी बताए जा रहे हैं।दरअसल,यूपी से दिव्यांग पिता का इलाज कराने पहुंची बेटी के साथ गैंगरेप की वारदात हुई थी। गोपलगंज के कुचायकोट थाना क्षेत्र के सासामुसा रेलवे स्टेशन पर सोमवार सुबह ये घटना है जहां तीन युवकों ने मिलकर सामूहिक दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और फरार दो आरोपियों की तलाश में पुलिस छापेमारी कर रही थी।लेकिन, यह घटना जिस तरह से घटी है वह पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था पर जहां सवाल उठाती है वहीं अपराधियों के बेखौफ होने की कहानी बताती है। बताया जाता है कि उत्तर प्रदेश से दिव्यांग पिता का इलाज करने के लिए युवती गोपालगंज पहुंची हुई थी। सासामुसा रेलवे स्टेशन पर उतरकर श्यामपुर में चिकित्सक के यहां इलाज कराई। रविवार की रात में पिता को लेकर लौटने के लिए सासामुसा रेलवे स्टेशन पर पहुंची, जहां ट्रेन छूट गई।

ट्रेन छूट जाने के बाद रात में पिता को लेकर स्टेशन पर रुक गई। सोमवार की सुबह में चार बजे के आसपास रेलवे स्टेशन के चापाकल पर पानी भरने के लिए गयी, जहां तीन युवकों ने युवती को पकड़ लिया और जबरन मुंह दाब कर सुनसान जगह पर लेकर गए और गैंगरेप किया। सामूहिक दुष्कर्म की वारदात के बाद तीनों युवक फरार हो गए थे। वहीं युवती ने शोर मचाते हुए रोने लगी, जिसके बाद आसपास के लोगों ने इसकी सूचना पुलिस और जीआरपी को दी। कुचायकोट थाने की पुलिस भी मौके पर जांच के लिए पहुंची और पीड़िता की निशानदेही के आधार पर एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, जिनसे पूछताछ चल रही है।

### युवक की गोली मारकर हत्या, घंटों सड़क जाम

**नवादा, एजेंसी।** बिहार के नवादा जिले में अपराधियों ने सोमवार की रात्रि 9ः30 बजे के करीब नवादा नगर के गोपाल नगर मोहल्ले में एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी। युवक को लगातार तीन गोलियां दागी गई है ।इस घटना के बाद मोहल्ले में अफरा- तफरी माहौल उत्पन्न हो गया। मृतक के परिजनों तथा मोहल्ले के लोगों ने 12ः00 बजे रात्रि तक सड़क जाम कर यातायात बाधित कर दी ।एसपी अभिनव धीमान ने घटनास्थल पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया। आपसी दुश्मनी के कारण हत्या का कारण बताया जा रहा है। घटना से इलाके में सनसनी फैल गई है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार युवक को तीन गोली मारी गई थी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, वारदात के तुरंत बाद घटनास्थल पर स्थानीय पुलिस टीम पहुंची और पूरे क्षेत्र को घेराबंदी कर लिया गया। मृतक के पिता राम पदारथ यादव ने पड़ोस के बिहार पुलिस में सिपाही उदय यादव और उसके भतीजे राहुल कुमार , नीतीश कुमार ,सोनू कुमार और रोहित कुमार पर काजू कुमार को गोली मार कर हत्या करने का आरोप लगाया है। घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने सड़क को जाम कर दिया । मृतक युवक नाबालिक बताया गया है।मौके पर थाना प्रभारी अविनाश कुमार डीएसपी हुलास कुमार सहित तमाम पदाधिकारी पहुंचकर जाम हटाने की कोशिश कर रहे हैं। नवादा के एसपी अभिनव धीमान ने बताया कि भारी मशक्कत के बाद रति 12ः00 बजे सड़क जाम हटाया गया ।

# भागलपुर वालों की बल्ले-बल्ले, इस जगह बनने जा रहा शानदार पार्क, 2.32 करोड़ का मिला फंड

**भागलपुर, एजेंसी।** भागलपुर के लोगों के लिए अच्छी खबर सामने आई है। दरअसल, टीएनबी कालेजिएट मैदान को एक शानदार पार्क के रूप में विकसित करने की मंजूरी मिल गई है। नगर विकास एवं आवास विभाग ने 2.32 करोड़ रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति दी है।

इस राशि से प्रवेश द्वार, गार्ड रूम, पानी का फव्वारा, योग कुटीर, वाक वे, पंप हाउस, सीसीटीवी, शौचालय एवं सुंदरीकरण कार्य किया जाएगा। विभाग ने नगर आयुक्त को इस आशय की जानकारी दी है। योजना का कार्यान्वयन नगर निगम द्वारा किया जाएगा।

इसे लेकर सोमवार को सशक्त स्थायी समिति सदस्य डा. प्रीति शेखर ने डीएम डा. नवल किशोर चौधरी से मुलाकात की।



उन्होंने कहा कि पार्क के लिए प्रशासनिक स्वीकृति मिल चुकी है। इस योजना के क्रियान्वयन के लिए आपके माध्यम से उक्त भूमि की एनओसी अपेक्षित है।

**डीईओ को एनओसी के लिए निर्देश दिया जाएगा :**इसके पश्चात ही नगर निगम द्वारा पार्क निर्माण कराया जा सकेगा। इसके लिए डीएम ने आश्वस्त किया कि डीईओ को एनओसी के लिए निर्देश दिया जाएगा। पार्क के निर्माण में बाधा उत्पन्न नहीं होगा। आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा अटल नवीकरण और शहरी परिवर्तन मिशन योजना की समाप्ति के बाद अटल नवीकरण और शहरी परिवर्तन मिशन-2.0 योजना प्रारंभ की गई है।

टीएनबी कालेजिएट पार्क के लिए विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन विभाग द्वारा चयनित एजेंसी द्वारा तैयार कराया गया है। जिसपर मुख्य अभियंता, आधारभूत संरचना एवं परिवहन, (दक्षिण बिहार उपभाग), नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार, पटना द्वारा तकनीकी अनुमोदन किया गया। 27 फरवरी को राज्य स्तरीय तकनीकी समिति द्वारा इस परियोजना के लिए राशि की स्वीकृति की अनुशंसा की गई है।

योजना का कार्यान्वयन ई-निविदा के माध्यम से कराया जाएगा। योजना का कार्यान्वयन चिह्नित भूमि पर जिला पदाधिकारी से एनओसी हस्तांतरण होने के उपरांत किया जाएगा। साथ ही कार्य स्थल पर बोर्ड प्रदर्शित कर प्राक्क्लित राशि व योजना विवरण देना होगा।

# बजरंगी भाईजान 2 को सलमान ने दिखाई हरी झंडी?

## लेखक विजयेंद्र प्रसाद ने दिया अपडेट

कई दिनों से चर्चा थी कि सलमान खान अपनी ब्लॉकबस्टर फिल्म बजरंगी भाईजान के सीक्वल पर काम करने के बारे में विचार कर रहे हैं। वहीं, अब फिल्म के लेखक ने इस पर नया अपडेट दिया है। मशहूर पटकथा लेखक वी. विजयेंद्र प्रसाद ने खुलासा किया है कि उन्होंने हाल ही में सलमान खान के साथ 2015 की हिट फिल्म बजरंगी भाईजान के संभावित सीक्वल पर चर्चा की और अभिनेता के साथ एक नई कहानी की स्क्रिप्ट साझा की। विजयेंद्र प्रसाद निर्माता एसएस राजामौली के पिता भी हैं और वह बाहुबली और आरआरआर जैसी प्रमुख ब्लॉकबस्टर फिल्मों की पटकथा लिखने के लिए जाने जाते हैं।



### सलमान को पसंद आया कांसेप्ट

पीटीआई से बात करते हुए विजयेंद्र प्रसाद ने कहा, मैं पिछली ईद पर सलमान से मिला था। मैंने उन्हें एक लाइन सुनाई, उन्हें वह पसंद आई, लेकिन देखते हैं क्या होता है, इसलिए प्रशंसक उम्मीद कर सकते हैं कि जल्द ही सीक्वल की घोषणा हो सकती है। फिल्म के सीक्वल, बजरंगी भाईजान 2 के बारे में अटकलें जारी हैं और हालिया अपडेट से पता चलता है कि फिल्म पर काम शुरू होने की कगार पर है।

### कई बार सीक्वल पर चर्चा कर चुके हैं सलमान

इस मामले से जुड़े सूत्रों ने संकेत दिया है कि सलमान खान और विजयेंद्र प्रसाद कई बार मिल चुके हैं और कथित तौर पर एक मजबूत पटकथा तैयार कर ली है, जो सीक्वल का आधार बन सकती है। इससे पहले पिंकविला ने बताया था कि बजरंगी भाईजान 2 आधिकारिक तौर पर विकास के चरण में पहुंच गई है। सलमान खान ने हाल ही में लेखक वी. विजयेंद्र प्रसाद से मुलाकात की और दोनों ने एक संभावित विचार पर चर्चा की। जो बहुप्रतीक्षित सीक्वल का रूप ले सकता है।

### आधिकारिक मुहर का इंतजार

रिपोर्ट्स के अनुसार, वी. विजयेंद्र प्रसाद और निर्देशक कबीर खान के बीच संभावित सहयोग के बारे में बातचीत चल रही है, जिससे पता चलता है कि तीनों इस प्रोजेक्ट के लिए फिर से साथ आ सकते हैं। हालांकि, अभी तक कुछ भी तय नहीं हुआ है। कबीर खान द्वारा निर्देशित, बजरंगी भाईजान में सलमान खान, करीना कपूर खान, नवाजुद्दीन सिद्दीकी और नवोदित हर्षाली मल्होत्रा मुख्य भूमिका में हैं। यह छह वर्षीय मूक पाकिस्तानी लड़की शाहिदा की कहानी है, जो दिल्ली से पाकिस्तान लौटते समय अपनी मां से बिछड़ जाती है।

# अनिल कपूर ने शुरू की सुबेदार की डबिंग



मेगास्टार अनिल कपूर, जो लगातार खुद को नया रूप प्रस्तुत करने के लिए जाने जाते हैं, उन्होंने आधिकारिक तौर पर अपनी बहुप्रतीक्षित ओटीटी फिल्म सूबेदार के लिए डबिंग शुरू कर दी है। अक्टूबर 2024 में शूटिंग शुरू करने के बाद, इस फिल्म की शूटिंग अब पूरी हो चुकी है और यह अपनी रिलीज़ से पहले के अंतिम चरण में प्रवेश कर चुकी है। फैंस को एक रोमांचक अपडेट देते हुए, अनिल कपूर ने सोशल मीडिया पर डबिंग स्टूडियो से एक झलक साझा की, जिसमें वह अपनी दमदार आवाज़ में एक संवाद बोलते नज़र आ रहे हैं. गौर से सुनो!! सूबेदार बोल रहे हैं सुरेश त्रिवेणी द्वारा निर्देशित, सुबेदार एक भावनात्मक और प्रभावशाली ड्रामा फिल्म है, जो एक सम्मानित सैन्य अधिकारी के जीवन को दर्शाती है जो व्यक्तिगत क्षति के बावजूद अपने कर्तव्य के प्रति अडिग रहता है। यह फिल्म सम्मान, बलिदान और दृढ़ता की पृष्ठभूमि में एक ऐसे व्यक्ति की कहानी बयां करती है जो राष्ट्र की पुकार और दिल की आवाज़ के बीच फंसा हुआ है। घोषणा के समय से ही सुबेदार ने दर्शकों की कल्पनाओं को आकर्षित किया है, जो अनिल कपूर को एक और रूपांतरणकारी किरदार में देखने के लिए उत्साहित हैं।

# जब आधी रात को मौनी रॉय के कमरे में घुसने की हुई कोशिश



**बॉलीवुड** अभिनेत्री मौनी रॉय ने हाल ही में अपना एक डरावना अनुभव शेयर किया। अभिनेत्री ने बताया कि आधी रात को उनके होटल के कमरे में किसी ने घुसने की कोशिश की। बॉलीवुड अभिनेत्री मौनी रॉय ने हाल ही में अपने एक डरावने अनुभव के बारे में साझा किया। अभिनेत्री ने बताया कि एक अजनबी ने आधी रात को उनके होटल के कमरे का दरवाजा खोलने की कोशिश की। इसके बाद जो हुआ उसे भी अभिनेत्री ने विस्तार से बताया। मौजूदा समय में वह अपनी आगामी फिल्म 'भूतनी' के प्रमोशन में व्यस्त हैं।

### चीखने लगीं अभिनेत्री

एक हालिया इंटरव्यू में अभिनेत्री ने अपने साथ हुई घटना का जिक्र किया। अभिनेत्री ने बॉलीवुड बबल के साथ बातचीत के दौरान साझा किया, 'मैं एक छोटे से शहर में थी, मुझे ठीक से याद नहीं है कि कौन सा शहर था, लेकिन वहां किसी ने एक चाबी चुरा ली और मेरे कमरे को खोलने की कोशिश की। शुक्र है, मैं अकेली नहीं थी। मैं अपने मैनेजर के साथ थी। जब हमें एहसास हुआ कि क्या हो रहा है, तो हम चीखने लगे।'

### आगे क्या हुआ?

अभिनेत्री ने आगे कहा, 'फिर हमने रिसेप्शनिस्ट को कॉल करने की कोशिश की। उन्होंने सहजता से कहा कि यह हाउसकीपिंग होगी। मैंने उनसे पूछा हाउसकीपिंग में कौन बिना खटखटाए, बिना घंटी बजाए और वह भी रात के 12:30 बजे दरवाजा खोलने आ रहा है? अभिनेत्री ने आगे कहा कि उन्होंने इस रवैये को गंभीरता से लिया और होटल मैनेजमेंट से सवाल किया।

# शहनाज गिल को चढ़ा पेंटिंग का शौक, रंगों के साथ खेलती आईं नजर



मशहूर एक्ट्रेस शहनाज गिल का चुलबुला अंदाज बेहद गजब है। उनका अपना अलग ही फैन बेस है। वह जो भी कुछ करती हैं, फैंस उन्हें जमकर सपोर्ट करते हैं। शहनाज को आपने एक्टिंग और सिंगिंग करते हुए देखा होगा, लेकिन इन दिनों उन्हें एक नया शौक चढ़ा है, जिसकी तस्वीर उन्होंने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर भी शेयर की है। दरअसल, शहनाज गिल को पेंटिंग करने का चस्का लगा है। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट के स्टोरी सेक्शन पर पेंटिंग करते हुए कई फोटो का एक कोलाज शेयर किया। इन तस्वीरों में पेंटिंग के कलर्स नजर आ रहे हैं और एक्ट्रेस इन कलर्स के साथ खेलती भी दिखाई दे रही हैं। कभी वह कैमरे की ओर कलर दिखा रही हैं, तो कभी ब्रश के साथ पोज दे रही हैं।

उनकी इन फोटो को फैंस काफी पसंद कर रहे हैं। शहनाज गिल पंजाब की कैटरीना कैफ के नाम से काफी मशहूर हैं। उन्हें बचपन से ही एक्टिंग का काफी शौक था। आज वह पंजाबी इंडस्ट्री की बड़ी स्टार हैं। उन्होंने काफी कम उम्र में ही मॉडलिंग करनी शुरू कर दी थी। वह कई म्यूजिक वीडियो में नजर आ चुकी हैं।

# संजय लीला भंसाली की लव एंड वॉर के लिए रात में यह खास काम कर रहे हैं रणबीर-आलिया, हैरानी की बात



निर्देशक संजय लीला भंसाली अपनी प्यार और एक्शन से भरी फिल्म लेकर आ रहे हैं, जिसका नाम है लव एंड वॉर। इस फिल्म में आलिया भट्ट, विक्की कौशल और रणबीर कपूर नजर आएंगे। इस फिल्म को लेकर एक अपडेट सामने आया है, जो किसी को भी हैरान कर देगा।

संजय लीला भंसाली की फिल्म में पहली बार रणबीर कपूर, आलिया भट्ट और विक्की कौशल की तिकड़ी दिखेगी। देरी की अफवाहों के बावजूद, फिल्म मार्च 2026 में रिलीज होने के लिए ट्रैक पर है। वहीं फिल्म को लेकर अहम जानकारी आई है, जो खासतौर पर रणबीर और आलिया के फैंस को हैरान कर देगी।

रणबीर और आलिया इन दिनों में गोरेगांव की फिल्म सिटी में सुबह के 6 बजे से देर रात तक फिल्म की शूटिंग कर रहे हैं। रणबीर और आलिया कुछ दुखी सींस की शूटिंग कर रहे हैं, जिनमें लंबे मोनोलॉग भी शामिल होंगे। भंसाली रात के माहौल में इन सींस को पोएट्री अंदाज में फिल्माना रहे हैं। टीम जल्द ही रात की शूटिंग खत्म कर लेगी। इसके बाद बाकी की बची शूटिंग घर के अंदर के सींस की होगी।

# हमने ऐसा माहौल बनाया है जो बिजनस से ज़्यादा कम्युनिटी जैसा लगता है: कृष्णा श्रॉफ

**कृष्णा** ने बताया, हम एमएमए मैट्रिक्स के साथ कुछ खास बनाना चाहते थे, एक ऐसी जगह जो आम जिम के अनुभव से कहीं बढ़कर हो। हमारा लक्ष्य है कि भारत में विश्वस्तरीय बुनियादी सुविधाओं को लाना है, साथ ही व्यक्तिगत स्पर्श भी बनाए रखना है। जब आप हमारे स्पेस में प्रवेश करते हैं, तो आपको तुरंत ही अंतर महसूस होता है। यह सहायक, समावेशी वातावरण है और बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी के लिए डिज़ाइन किया गया है, जिसमें पुनर्वास की आवश्यकता वाले लोग भी शामिल हैं। एमएमए मैट्रिक्स की सबसे बड़ी खासियत इसकी समावेशी सोच है। इसके कार्यक्रम और सुविधाएँ इस तरह से डिज़ाइन की गई हैं कि विभिन्न बैकग्राउंड और ज़रूरतों वाले लोग जुड़ सकें। इसके प्रशिक्षक पुनर्वास-केंद्रित ट्रेनिंग में भी निपुण हैं, जिससे वे उन लोगों की मदद कर पाते हैं जो सामान्य जिम के अनुभवों से वंचित रह जाते हैं। व्यक्तिगत सहायता के साथ श्रेष्ठ-गुणवत्ता वाले बुनियादी ढांचे को जोड़कर, एमएमए मैट्रिक्स भारत में हर किसी के लिए फिटनेस को सुलभ और सार्थक बनाने के अपने मिशन को पूरा कर रहा है। उन्होंने कहा, कई व्यावसायिक जिमों के विपरीत, हमने ऐसा माहौल बनाया है जो व्यवसाय से ज़्यादा समुदाय जैसा लगता है। शुरू से ही हमारा लक्ष्य यही था- अपने लोगों को उच्चतम गुणवत्ता वाला फिटनेस वातावरण प्रदान करना जहाँ वे प्रेरित, समर्थित और सम्मानित महसूस करें। यह सिर्फ़ उपकरणों के बारे में नहीं है; यह एक ऐसा स्थान बनाने के बारे में है जहाँ हर कोई अपनी फिटनेस यात्रा में आगे बढ़ सके। संस्थापकों ने समझा कि बढ़िया उपकरण ही काफ़ी नहीं हैं - स्थायी फिटनेस आदतों के लिए सही भावनात्मक और मानसिक वातावरण भी उतना ही महत्वपूर्ण है।

**कृष्णा श्रॉफ वास्तव में एक सच्ची फिटनेस आइकन और एंटरप्रेन्योर हैं। फिटनेस और स्वास्थ्य के प्रति उनकी लगन बेमिसाल है। कृष्णा श्रॉफ और उनके भाई टाइगर श्रॉफ द्वारा स्थापित स्रू मैट्रिक्स, भारत में फिटनेस के प्रति नजरिए को बदल रहा है। यह ब्रांड देशभर में उच्च गुणवत्ता वाले फिटनेस सेंटर्स की कमी को पूरा करने के उद्देश्य से शुरू किया गया था। इसकी शुरुआत मुंबई में एक प्रमुख जिम से हुई थी और अब यह पूरे देश में चौदह फ्रेंचाइज़ी तक फैल चुका है, जो इस बात का प्रमाण है कि लोग उनकी विशिष्ट ट्रेनिंग और वेलनेस शैली को कितना पसंद करते हैं। मैट्रिक्स का मुख्य उद्देश्य बेहतरीन उपकरण और ऐसी प्लेस प्रदान करना है जहाँ लोग वास्तव में प्रेरित होकर व्यायाम कर सकें, और यह भारत में सही दिशा में विस्तार कर रहा है।**




# बॉलीवुड की हालत पर सीमा पाहवा ने किया कटाक्ष, बोलीं- बहुत जल्द छोड़ दूंगी इंडस्ट्री...

हाल ही में अभिनेत्री सीमा पाहवा ने बॉलीवुड इंडस्ट्री के बारे में अपनी नाराजगी व्यक्त की है। उन्होंने कहा इंडस्ट्री की हालत बहुत खराब है। ड्रीम गर्ल 2 और बरेली की बर्फी जैसी फिल्मो में अपनी शानदार भूमिका के लिए पहचानी जाने वाली अभिनेत्री सीमा भार्गव पाहवा ने बॉलीवुड फिल्म इंडस्ट्री के बारे में अपने विचार रखे हैं। अभिनेत्री ने अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि इंडस्ट्री पर अब व्यापारियों ने कब्जा कर लिया है।

### मुख्य भूमिका को लेकर उठाए सवाल

हाल ही में सीमा भार्गव पाहवा बॉलीवुड ठिकाना के इंटरव्यू में शामिल हुईं। वहां अभिनेत्री ने बातचीत में कहा, 'मेरे मन में एक सवाल उठता है कि शायद मैं अच्छी हूं, लेकिन इतनी अच्छी नहीं कि कोई मुझे मुख्य भूमिका में लेकर फिल्म बनाए। ये एक शिकायत है, लेकिन फिर मुझे लगता है कि शायद मेरी कुछ सीमाएं हैं, जिसकी वजह से मुझे मुख्य भूमिका में नहीं लिया गया।' इसके आगे अभिनेत्री ने कहा कि उन्हें लगता है कि वह इंडस्ट्री में सबसे ज्यादा ऊंचाई पर पहुंच गई हैं, जिस कारण उन्हें जल्द ही इंडस्ट्री को अलविदा कहना पड़ेगा। साथ ही उन्होंने बताया, इस समय इंडस्ट्री की हालत बहुत खराब है, जहां क्रिएटिव लोगों की कदर नहीं हो रही है और इंडस्ट्री को व्यापारियों ने कब्जा कर लिया है। वे अपनी व्यावसायिक मानसिकता के साथ इंडस्ट्री को चलाना चाहते हैं। लेकिन मुझे नहीं लगता कि जिन्होंने इंडस्ट्री में इतने सालों तक काम किया है, वह अब इस तरह से काम कर सकता है।



### लवली लोला के पहले सीजन का समापन

# गौहर और ईशा हुईं भावुक




गौहर खान और ईशा मालवीय स्टारर रोमांटिक कॉमेडी शो लवली लोला का पहला सीजन सफलतापूर्वक पूरा हो चुका है। फैंस अब इसके अगले सीजन की डिमांड कर रहे हैं। शो में ईशा लवली चड्ढा और गौहर लोला चावला के किरदार में नजर आईं। शो में अपने काम करने के एक्सपीरियंस पर बात करते हुए ईशा ने कहा, लवली का किरदार निभाना मेरे लिए बदलाव लाने वाला सफर रहा, जो एक तेज-तर्रार, जुनूनी और बहुत भावुक लड़की का किरदार था। मैं खुद को बहुत भाग्यशाली मानती हूं कि मुझे ऐसी भूमिका निभाने का मौका मिला। वहीं गौहर खान ने कहा, लोला का किरदार मेरे करियर के सबसे यादगार किरदारों में से एक है। ताकत से भरपूर, मस्तीभरा अंदाज और भावुक पक्ष ने लोला के किरदार को मजेदार बना दिया, जो दर्शकों के सीधे दिल से जुड़ा।

इस शो का निर्माण सरगुन मेहता और रवि दुबे के बैनर ड्रीमियाता ड्रामा के तहत किया गया। इस शो का प्रीमियर 25 दिसंबर, 2024 को यूट्यूब पर हुआ। शो को दर्शकों की ओर से शानदार प्रतिक्रिया मिली। निर्माता सरगुन मेहता और रवि दुबे ने शो की सफलता के लिए आभार व्यक्त किया। सरगुन ने कहा, हमें पता था कि यह कहानी दर्शकों को जरूर पसंद आएगी। यह सिर्फ प्यार के बारे में नहीं है, बल्कि रिश्तों की जटिलताओं और पीढ़ियों के बीच समझ को उजागर करने के बारे में भी है। रवि ने कहा, लवली लोला के साथ, हम कुछ नया बनाना चाहते थे। दर्शकों से जो प्यार मिल रहा है, वह यह दिखाता है कि दिल से जुड़ी हुई कहानियां आज भी लोगों को छूती हैं। शो की कहानी की बात करें, तो यह मां-बेटी के रिश्तों की कहानी है। इसमें बेटी लवली एक जुनूनी, जज्बाती और तेज मिजाज लड़की है। वह अपने सपनों के लिए लड़ती है। उसने अपनी जिंदगी में कभी भी हार नहीं मानी। वहीं लोला एक मजबूत और हंसमुख महिला है, लेकिन अंदर से बहुत संवेदनशील है। दोनों के बीच छोटे-मोटे झगड़े होते रहते हैं, लेकिन कभी-कभी दोनों बहनों जैसा रिश्ता भी साझा करती हैं।

साभार एजेंसी

# तनाव कम करने, बातचीत बहाल करने के लिए भारत व पाकिस्तान को स्वीकार्य हर पहल का समर्थन : संरा प्रमुख

» संयुक्त राष्ट्र, भाषा।

**संयुक्त राष्ट्र प्रमुख एंतोनियो गुतारेस ने भारत एवं पाकिस्तान के बीच बने हालात पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि वह दोनों देशों के बीच तनाव कम करने एवं बातचीत बहाल करने के लिए ऐसी किसी भी पहल का समर्थन करने को तैयार हैं जो दोनों को स्वीकार्य हो। गुतारेस के प्रवक्ता के कार्यालय द्वारा सोमवार को जारी बयान में कहा गया कि महासचिव भारत और पाकिस्तान के बीच बने हालात को लेकर बहुत चिंतित हैं। उन्होंने दोनों सरकारों से अधिक से अधिक संयम बरतने और तनाव बढ़ाने वाले हर कदम से बचने का आग्रह किया है। बयान में कहा गया कि गुतारेस ने फिर से दृढ़ विश्वास जताया कि सर्वाधिक चुनौतीपूर्ण मुद्दों को भी सार्थक और रचनात्मक बातचीत के माध्यम से शांतिपूर्वक तरीके से हल किया जा सकता है। वह दोनों पक्षों को स्वीकार्य ऐसी किसी भी पहल का समर्थन करने के लिए तैयार हैं, जो तनाव कम करने और बातचीत को फिर से शुरू करने को प्रोत्साहित करे। जम्मू कश्मीर में पहलगाम के पास आतंकवादियों द्वारा 22 अप्रैल को की गई गोलीबारी के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ गया है।**



इस हमले में 26 लोग मारे गए थे जिनमें ज्यादातर पर्यटक थे। यह 2019 में पुलवामा में किए गए हमले के बाद घाटी में सबसे घातक हमला है। पहलगाम में हमले के बाद भारत ने सिंधु जल संधि (आईडब्ल्यूटी) को निलंबित कर दिया और पाकिस्तान के साथ राजनयिक संबंधों को घटा दिया। केंद्र ने पहलगाम हमले के तार सीमा पार से जुड़े होने के मद्देनजर पाकिस्तानी सैन्य सलाहकार (अताशे) को निष्कासित करने, 1960 की सिंधु जल संधि को निलंबित करने और अटारी सीमा को तत्काल बंद करने सहित कई कदमों की गत बुधवार को घोषणा की थी। भारत ने अटारी सीमा के माध्यम से देश में प्रवेश करने वाले सभी पाकिस्तानियों से एक मई तक देश छोड़ने को कहा है। इसके जवाब में पाकिस्तान ने बृहस्पतिवार को सभी भारतीय विमानन कंपनियों के लिए अपने हवाई क्षेत्र को बंद करने का फैसला किया तथा भारत के साथ व्यापार को स्थगित कर दिया। गुतारेस ने कहा है कि वह भारत और पाकिस्तान के बीच की स्थिति पर अत्यंत चिंतित हैं और बहुत बारीकी से इस पर नजर रख रहे हैं। उन्होंने दोनों देशों की सरकारों से अधिक से अधिक संयम बरतने एवं यह सुनिश्चित करने की अपील की कि स्थिति और खराब न हो। सोमवार को जारी बयान में कहा गया कि भारत और पाकिस्तान में संयुक्त राष्ट्र सैन्य पर्यवेक्षक समूह (यूएनएमओजीआईपी) की उस क्षेत्र में कोई उपस्थिति नहीं है जहां हमला हुआ और वह नियंत्रण रेखा पर 1971 के युद्धविराम समझौते के सख्ती से पालन और उससे संबंधित घटनाक्रम पर नजर रखने के अपने कार्यक्षेत्र के तहत काम कर रहा है। यूएनएमओजीआईपी की स्थापना जनवरी 1949 में हुई थी। भारत एवं पाकिस्तान के बीच 1971 में हुए युद्ध और उसके बाद उसी वर्ष 17 दिसंबर को हुए युद्ध विराम समझौते के बाद यूएनएमओजीआईपी को इस समझौते के सख्ती से पालन से संबंधित घटनाक्रम पर यथासंभव नजर रखने और महासचिव को इसकी जानकारी देने का काम सौंपा गया था। भारत का कहना है कि यूएनएमओजीआईपी की उपयोगिता समाप्त हो चुकी है तथा शिमला समझौते एवं उसके फलस्वरूप नियंत्रण रेखा (एलओसी) के निर्धारण के बाद यह अप्रासंगिक हो गया है।

संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने 22 अप्रैल के आतंकवादी हमले के पीड़ितों के परिवारों के साथ अपनी एकजुटता पुनः व्यक्त की और जवाबदेही तथा न्याय के महत्व को रेखांकित किया। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने जम्मू कश्मीर में हुए आतंकवादी हमले की पिछले सप्ताह कड़े शब्दों में निंदा की थी और इस बात पर जोर दिया था कि इन हत्याओं के लिए जिम्मेदार लोगों को जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए एवं इस निंदनीय आतंकवादी कृत्य के आयोजकों और प्रायोजकों को न्याय के कठघरे में लाया जाना चाहिए।

## मॉस्को में भारतीय समुदाय ने पहलगाम पीड़ितों को श्रद्धांजलि दी



**मॉस्को।** रूस में भारत के राजदूत विनय कुमार के नेतृत्व में भारतीय प्रवासियों ने पहलगाम हमले के 26 पीड़ितों को एक मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी और शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की। पद्म श्री से सम्मानित एवं इंस्टीट्यूट ऑफ ओरिएंटल स्टडीज एंड रिसर्च के भारत केंद्र की प्रमुख तातियाना शौम्यान भी भारतीय दूतावास के खचाखच भरे डी.पी. धर हॉल में भारतीय समुदाय के साथ मौजूद थीं। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों ने पिछले सप्ताह 26 लोगों की हत्या कर दी। मारे गए लोगों में अधिकतर पर्यटक थे। राजदूत कुमार ने इस कायरतापूर्ण आतंकवादी हमले पर दुख व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि भारत जैसे बहुलवादी समाज वाले लोकतांत्रिक देश में अलग-अलग विचार होना स्वाभाविक है। उन्होंने आतंकवादी हिंसा की निंदा करते हुए कहा, हमारे पास शांतिपूर्ण तरीके से असहमति जताने के लिए कई मंच हैं। इस कार्यक्रम में ब्रह्म कुमारीज संस्था की मॉस्को इकाई की प्रमुख सुधा दीदी भी मौजूद थीं, जिन्होंने इस अवसर पर शांति का संदेश दिया।

## पाक रक्षा मंत्री का बयान बताता है कि पाकिस्तान आतंकवाद को बढ़ावा देने वाला दुष्ट देश है: भारत

**संयुक्त राष्ट्र।** भारत ने कहा है कि पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने खुलेआम कबूल किया है कि उनके देश का आतंकवादी संगठनों का समर्थन और वित्तपोषण करने का इतिहास रहा है, और यह कबूलनामा उजागर करता है कि पाकिस्तान वैश्विक आतंकवाद को बढ़ावा देने वाला एक दुष्ट देश है और क्षेत्र को अस्थिर कर रहा है। संयुक्त राष्ट्र में भारत की उप स्थाई प्रतिनिधि राजदूत योजना पटेल ने सोमवार को संयुक्त राष्ट्र के आतंकवाद निरोधक कार्यालय के विक्टिम्स ऑफ टेररिज्म एसोसिएशन नेटवर्क (वोटन) के डिजिटल सह प्रत्यक्ष (हाइब्रिड) उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित किया और पाकिस्तान के प्रतिनिधि द्वारा जम्मू कश्मीर के पहलगाम आतंकवादी हमले का संदर्भ दिए जाने पर अपने जवाब देने के अधिकार का इस्तेमाल करते हुए इसका जोरदार तरीके से उत्तर दिया।पटेल ने कहा, यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि एक विशेष प्रतिनिधि ने दुष्प्रचार करने और भारत के खिलाफ निराधार आरोप लगाने के लिए इस मंच का दुरुपयोग करने और इसे कमजोर करने का विकल्प चुना है। उन्होंने कहा, पूरी दुनिया ने पाकिस्तानी रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ को हाल में एक टेलीविजन साक्षात्कार में आतंकवादी संगठनों का समर्थन, प्रशिक्षण और वित्त पोषण करने के पाकिस्तान के इतिहास को कबूलते हुए सुना है। पटेल ने जोर देकर कहा कि इस खुले कबूलनामे से किसी को आश्चर्य नहीं हुआ, बल्कि इसने पाकिस्तान को वैश्विक आतंकवाद को बढ़ावा देने वाले और क्षेत्र को अस्थिर करने वाले एक दुष्ट राष्ट्र के रूप में उजागर किया है। दुनिया अब और आंखें नहीं मूंद सकती। मेरे पास कहने के लिए और कुछ नहीं है। स्काई न्यूज पर हाल में एक साक्षात्कार में आसिफ ने कहा था, ठीक है, हम लगभग तीन दशकों से अमेरिका और ब्रिटेन सहित पश्चिम के लिए यह नापाक काम कर रहे हैं। अपनी इस टिप्पणी में उन्होंने स्वीकार किया कि पाकिस्तान का इन आतंकवादी संगठनों को समर्थन तथा प्रशिक्षण देने और उनका वित्त पोषण करने का एक लंबा इतिहास रहा है।

### ट्रंप ने कनाडा को अमेरिका का 51वां राज्य बनाने की कई बार बात की

# मार्क कार्नी ने लिबरल पार्टी की जीत पर विजय संबोधन में कहा : ट्रंप हमें तोड़ना चाहते हैं

» टोरंटो, भाषा।

**कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने देश के संघीय चुनाव में सोमवार को लिबरल पार्टी की जीत के बाद अपने संबोधन में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर आरोप लगाते हुए कहा कि ट्रंप देश के लोगों को तोड़ना चाहते हैं। ट्रंप की कनाडा के अमेरिका में विलय की धमकियों और व्यापार युद्ध ने लिबरल पार्टी की इस जीत में अहम भूमिका निभाई। शुरुआती रुझानों के आधार पर अनुमान जताया गया कि लिबरल पार्टी संसद की 343 सीट में से कंजर्वेटिव पार्टी से ज्यादा सीट जीतेगी। यह अब तक स्पष्ट नहीं है कि लिबरल पार्टी को पूर्ण बहुमत मिलेगा या नहीं। चुनावी विश्लेषकों के अनुसार, शुरुआत में कनाडा में माहौल लिबरल पार्टी के समर्थन में नहीं दिख रहा था लेकिन ट्रंप ने कनाडा को अमेरिका का 51वां राज्य बनाने की कई बार बात की और उसके तत्कालीन प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो को कनाडा का गवर्नर संबोधित किया। उन्होंने कनाडा पर जवाबी शुल्क भी लगाए। ट्रंप के इन कदमों से कनाडा की जनता में आक्रोश बढ़ गया और राष्ट्रवाद की भावना प्रबल होने के कारण लिबरल पार्टी को जीतने में मदद मिली।**

कार्नी ने ओटावा में अपने विजय संबोधन में समर्थकों को संबोधित करते हुए अमेरिका की धमकियों के आगे कनाडा की एकता पर जोर दिया। उन्होंने यह भी कहा कि द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से कनाडा और अमेरिका के बीच जारी पारस्परिक रूप से लाभकारी प्रणाली समाप्त हो गई है। उन्होंने कहा, हम अमेरिकी विश्वासघात के सदमे से उबर चुके हैं, लेकिन हमें उससे मिले सबक कभी नहीं भूलने चाहिए। कार्नी ने कहा, जैसा कि मैं महीनों से आगाह कर रहा हूं कि अमेरिका हमारी ज़मीन, हमारे संसाधन, हमारा पानी, हमारा देश चाहता है। उन्होंने कहा, ये बेकार की धमकियां नहीं हैं। राष्ट्रपति ट्रंप हमें तोड़ने की कोशिश कर रहे हैं ताकि अमेरिका हम पर कब्जा कर सके। ऐसा कभी नहीं होगा ... कभी नहीं होगा। लेकिन हमें इस वास्तविकता को भी पहचानना होगा कि हमारी दुनिया मूल रूप से बदल गई है। विपक्षी कंजर्वेटिव पार्टी के नेता पियरे पोलिवरे ने अपनी हार स्वीकार करते हुए कनाडावासियों के लिए लड़ते रहने का संकल्प जताया।



## मार्क कार्नी की लिबरल पार्टी ने कनाडा का संघीय चुनाव जीता

**टोरंटो।** कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी की लिबरल पार्टी ने देश के संघीय चुनाव में सोमवार को जीत हासिल की। कैनेडियन ब्रॉडकास्टिंग कॉरपोरेशन ने मतगणना के शुरुआती रुझान आने के बाद यह दावा किया। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की कनाडा के अमेरिका में विलय की धमकियों और व्यापार युद्ध ने लिबरल पार्टी की इस जीत में अहम भूमिका निभाई। देश के राष्ट्रीय सार्वजनिक प्रसारक कैनेडियन ब्रॉडकास्टिंग कॉरपोरेशन ने शुरुआती रुझानों के आधार पर अनुमान जताया कि लिबरल पार्टी संसद की 343 सीट में से कंजर्वेटिव पार्टी से ज्यादा सीट जीतेगी। यह अभी तक स्पष्ट नहीं है कि लिबरल पार्टी को पूर्ण बहुमत मिलेगा या नहीं।

# अमेरिका के ऊपरी मध्य-पश्चिम भाग ओलावृष्टि एवं तूफान से प्रभावित, शक्तिशाली बवंडर की आशंका

» मिनियापोलिस (अमेरिका), भाषा।

**अमेरिका के मध्य पश्चिम में बिजली की चमक एवं ओलावृष्टि के साथ सोमवार को तूफान आया और शक्तिशाली बवंडर आने की आशंका है। राष्ट्रीय मौसम सेवा ने बताया कि सबसे अधिक जोखिम दक्षिणी मिनेसोटा के कुछ हिस्सों में है जिसमें मिनियापोलिस क्षेत्र, उत्तरी आयोवा और पश्चिमी विस्कॉन्सिन शामिल हैं। इन इलाकों में एक से पांच के पैमानों के अनुसार स्तर-चार का जोखिम है। ओक्लाहोमा के नॉर्मन में तूफान पूर्वानुमान केंद्र के मौसम वैज्ञानिकों ने कहा, सबसे खतरनाक मौसम दोपहर और शाम के समय रहने की आशंका है। शक्तिशाली बवंडर आने की आशंका इस समय सबसे अधिक है। बड़े से लेकर बहुत बड़े ओले गिरने और तेज हवाएं चलने की भी आशंका है जिनसे नुकसान होने का खतरा है।**

मिनियापोलिस क्षेत्र के मौसम सेवा कार्यालय ने बताया कि तूफान की प्रकृति को देखते हुए ईएफ-2 या उससे अधिक तीव्रता वाला बवंडर आने की आशंका है। ईएफ-2 बवंडर को उन्नत फुजिता पैमाने (एन्हांस्ड फुजिता स्केल) पर एक शक्तिशाली बवंडर के रूप में वर्गीकृत किया जाता है जिसमें हवा की गति 111 से 135 मील प्रति घंटे तक होती है। राष्ट्रीय मौसम सेवा ने सोमवार दोपहर को बताया कि उन्हें मिनेसोटा के फेयरमोंट से पश्चिम की ओर एक बवंडर देखे जाने की सूचना मिली है। मिनेसोटा मिनियापोलिस के दक्षिण-पश्चिम में है। किसी प्रकार का नुकसान होने की तत्काल कोई सूचना नहीं है।

न्यूज ब्रीफ

## पीयूष गोयल ने ब्रिटेन के साथ सहयोग बढ़ाने पर की चर्चा

» लंदन, भाषा।



**वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने ब्रिटेन के साथ अधिक सहयोग की संभावनाओं का पता लगाने के लिए व्यापार जगत के लोगों के साथ अपनी बातचीत के दौरान द्विपक्षीय व्यापार और निवेश संबंधों पर चर्चा की। गोयल दो दिवसीय लंदन यात्रा पर हैं। मंत्री ने मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर जारी वार्ता को आगे बढ़ाने के लिए ब्रिटेन के व्यापार एवं वाणिज्य मंत्री जोनाथन रेनॉल्ड्स के साथ बैठक की। इसके बाद सोमवार को वित्त प्रौद्योगिकी पर ध्यान केंद्रित करते हुए रेवोल्यूट के प्रमुख मार्टिन गिल्बर्ट और रत्न एवं आभूषण क्षेत्र में वैश्विक रुझानों पर ध्यान केंद्रित करते हुए डी बीयर्स समूह के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अल कुक के साथ चर्चा की। गिल्बर्ट से मुलाकात के बाद गोयल ने सोशल मीडिया पर लिखा, भारत के वित्तीय प्रौद्योगिकी परिवेश में अपार अवसरों तथा नवाचार व विकास को बढ़ावा देने के लिए वैश्विक कंपनियों के साथ साझेदारी के महत्व पर विचारों का आदान-प्रदान किया।**

मंत्री ने कुक के साथ अपनी बैठक के बारे में कहा, हमने भारत के अवसरों, टिकाऊ प्रथाओं और हीरा उद्योग के लिए विकास की संभावनाओं पर चर्चा की। गोयल ने भारत से आए मुख्य कार्यकारी अधिकारियों के प्रतिनिधिमंडल के साथ भी बातचीत की। इसमें फेडरेशन ऑफ इंडियन चैम्बर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (फिक्की) के वरिष्ठ वाइस चेयरमैन अनंत गोयनका और पूर्व अध्यक्ष हर्ष पति सिंघानिया और राजन भारती मित्तल शामिल रहे। मंत्री ने कहा, भारतीय व्यापार प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों के साथ रात्रिभोज पर बातचीत की। हमारे उद्योग के मजबूत विकास और आपसी समृद्धि के लिए ब्रिटेन के साथ अधिक सहयोग के अवसरों पर चर्चा की। मंत्री अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के अलावा मंगलवार को ब्रिटेन की चांसलर रेचल रीव्स से मुलाकात करेंगे।

## सबसे पहले हस्ताक्षर किए जाने वाले पहले व्यापार समझौतों में से एक होगा : बेसेंट

» वाशिंगटन, भाषा।



**अमेरिका के वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने कहा कि भारत, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के जवाबी शुल्क से बचने के लिए अमेरिका के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने वाले पहले देशों में शामिल हो सकता है। बेसेंट ने ये टिप्पणियां सोमवार को सीएनबीसी के स्क्वाक बॉक्स के साथ साक्षात्कार में की। उन्होंने साथ ही राष्ट्रपति ट्रंप की अन्य देशों के साथ व्यापार वार्ता के नवीनतम घटनाक्रम पर भी चर्चा की। बेसेंट ने कहा, हमारे एशियाई व्यापारिक साझेदारों के साथ बातचीत बेहद अच्छी तरह जारी है। (अमेरिका के) उप राष्ट्रपति (जेडी) वेंस पिछले सप्ताह भारत में थे और उन्होंने प्रगति पर चर्चा की।**

मैंने पहले भी बताया है कि कोरिया गणराज्य के साथ बातचीत बहुत अच्छी रही है। मुझे लगता है कि हमने जापान के अपने सहयोगियों के साथ भी सार्थक बातचीत की है। सीएनबीसी की खबर के अनुसार, बेसेंट ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप की सभी देशों पर 10 प्रतिशत मूल शुल्क लागू करने लेकिन व्यक्तिगत व्यापारिक साझेदारों पर आक्रामक शुल्क को 90 दिन के लिए टालने की घोषणा के बाद से अमेरिका ने कई वार्ताओं में प्रगति की है। उन्होंने साथ ही भारत सहित 15 से 18 महत्वपूर्ण व्यापार साझेदारों के साथ आने वाले दिनों में संभावित समझौते होने का संकेत दिया। उन्होंने हालांकि कहा कि यह बातचीत पर निर्भर करता है। उन्होंने कहा, कई देश सामने आए हैं और उन्होंने कुछ बहुत अच्छे प्रस्ताव पेश किए हैं और हम उनका मूल्यांकन कर रहे हैं। बेसेंट ने कहा, मेरा अनुमान है कि भारत के साथ व्यापार समझौता उन समझौतों में से एक होगा जिन पर हम सबसे पहले हस्ताक्षर करेंगे। इसलिए इस क्षेत्र पर नजर रखें। चीन के संदर्भ में मंत्री ने कहा कि व्यापार समझौते पर पहुंचने की जिम्मेदारी उसकी है। उन्होंने साक्षात्कार में कहा, मेरा मानना है कि तनाव कम करना चीन पर निर्भर है, क्योंकि हम जितना सामान उन्हें बेचते हैं.. उससे पांच गुना अधिक सामान वे हमें बेचते हैं। इसलिए यह 120 प्रतिशत, 145 प्रतिशत शुल्क स्थाई नहीं हैं।






### स्पेन के पावर ग्रिड में मात्र पांच सेकंड में 15 गीगावाट बिजली का नुकसान

# स्पेन, पुर्तगाल में व्यापक बिजली कटौती के कारण हजारों लोग फंसे, लाखों लोग बिना बिजली रहने को मजबूर

» बार्सिलोना, भाषा।

**स्पेन और पुर्तगाल में सोमवार को अभूतपूर्व ब्लैकआउट ने दोनों देशों के अधिकतर हिस्सों को ठप कर दिया, जिससे हजारों रेल यात्री फंस गए और लाखों लोग फोन एवं इंटरनेट की पहुंच से वंचित रहे। साथ ही स्पेन एवं पुर्तगाल के कब्जे वाले इबेरियन प्रायद्वीप में लोगों को एटीएम से नकदी निकालने में मुश्किल आई। पावर ग्रिड के अचानक ठप होने के बाद अधिकारी इसके कारणों का पता लगाने की मशक्कत करते रहे। स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज ने राष्ट्र को संबोधित किया और कहा कि राष्ट्र में सबकुछ ठप पड़ जाने के लगभग 11 घंटे बाद भी सरकारी विशेषज्ञ अब भी यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि आखिर हुआ क्या था। सांचेज ने कहा, हमारी व्यवस्था कभी भी पूरी तरह धराशाई नहीं हुई।**



उन्होंने सोमवार को दोपहर 12:33 बजे विस्तार से बताया कि स्पेन के पावर ग्रिड में मात्र पांच सेकंड में 15 गीगावाट बिजली का नुकसान हुआ, जो उसकी राष्ट्रीय मांग के 60 प्रतिशत के बराबर है। स्पेन के बिजली वितरक रेड इलेक्ट्रा के परिचालन प्रमुख एडुआर्डो प्रीटो ने कहा कि इस तरह की घटना असाधारण एवं अभूतपूर्व थी। स्पेन में रात 11 बजे तक लगभग 50 प्रतिशत बिजली बहाल हो गई थी और प्रधानमंत्री ने मंगलवार तक 4.8 करोड़ की आबादी वाले देश में बिजली पूर्ण रूप से बहाल होने का वादा किया। यह छह सप्ताह से भी कम समय में यूरोप में दूसरी गंभीर बिजली कटौती की घटना थी। इससे पहले 20 मार्च को आग लगने के कारण ब्रिटेन में हीथ्रो हवाई अड्डा बंद हो गया था। पुर्तगाल के राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा केंद्र ने एक बयान में कहा कि इस बात का कोई संकेत नहीं है कि बिजली की यह कटौती साइबर हमले के कारण हुई थी। यूरोपीय आयोग की कार्यकारी उपाध्यक्ष टेरेसा रिबेरा ने ब्रसेल्स में पत्रकारों को यही संकेत दिया और कहा कि बिजली संकट हाल के दिनों में यूरोप में दर्ज सबसे गंभीर घटनाओं में से एक है। रिबेरा यूरोपीय आयोग की स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने के संबंध में काम करने वाली इकाई की प्रभारी भी हैं। बिजली संकट दोपहर में शुरू हुआ। मैड्रिड और लिस्बन में कार्यालय बंद हो गए और यातायात बाधित हो गया, वहीं बार्सिलोना में कुछ नागरिकों ने यातायात को नियंत्रित किया।